
✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 238 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 24 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




मधुरेन्द्र ने बालू से भगवान बुद्ध की 50वीं आकृति बनाकर यूएन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

## मुख्यमंत्री ने किया 853 करोड़ रुपये की 89 योजनाओं का शिलान्यास, 47 योजनाओं का उद्घाटन व 36 योजनाओं का कार्यारंभ

# 2030 तक अपने सभी संकल्पों को पूरा कर लेगी सरकार : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** समृद्धि यात्रा के तहत शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुजफ्फरपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले को कुल 853 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। इनमें 194 करोड़ रुपये की 89 योजनाओं का शिलान्यास, 212 करोड़ रुपये की 47 योजनाओं का उद्घाटन और 447 करोड़ रुपये की 36 योजनाओं का कार्यारंभ शामिल है। मुख्यमंत्री ने जिले में संचालित और प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री बखरी चौक पहुंचे, जहां फोर लेन निर्माण और निर्माणाधीन चंदवारा पुल के फ़ेज-टू संपर्क पथ की प्रगति से अवगत कराया गया। इस दौरान एनएचएआई द्वारा भी कई अहम परियोजनाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि मुजफ्फरपुर ईस्ट बाइपास का एलाइनमेंट तय हो चुका है। वहीं रामदयालु जंक्शन के समग्र विकास की योजना भी तैयार कर ली गई है। इसके तहत रामदयालुनगर में सर्कुलर रोड का निर्माण होगा जहां से मधौल, दिघरा और खबड़ा की ओर तीन एलिवेटेड सड़कें निकलेंगी। इससे शहर के ट्रैफिक दबाव में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के स्टॉलों का निरीक्षण कर उनके कार्यों की सराहना की। इसके बाद वे बाजार समिति परिसर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में



शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, जीविका दीदियां और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 71 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्रशासनिक भवन और 283 नई दुकानों का उद्घाटन किया। मंच से उन्होंने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा कौशल विकास विभाग का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को पूरा करेगी। श्री कुमार ने कहा कि साल 2005 के बाद से बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में व्यापक काम हुआ है। शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े पैमाने पर शिक्षकों की बहाली की गई, जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत कर मुफ्त दवा और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आने वाले दिनों में हर घर मुफ्त बिजली देने की दिशा में काम किया जाएगा, जिसके तहत सोलर लाइट की व्यवस्था की जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जाति आधारित गणना में 94 लाख गरीब परिवार चिह्नित किए गए हैं, जिनके लिए सरकार रोजगार और स्वरोजगार की ठोस व्यवस्था करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि साल 2030 तक सरकार अपने सभी संकल्पों को पूरा कर लेगी। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं, साथ ही सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत और पंचायत व नगर निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की गोली मारकर हत्या

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगाचक ग्राम के पास युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोग आक्रोशित हो गए। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। मृतक की पहचान जोगाचक ग्राम निवासी विनोद यादव के 28 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है। उसे नजदीक से गोली मारी गई है।

### घर में मिली बैंक मैनेजर की लाश, पत्नी फरार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बैंक मैनेजर का शव उनके कमरे में फंदे से लटका मिला है। मृतक की पहचान जितेंद्र कुमार पासवान के रूप में हुई है। जितेंद्र एक साल से रामगढ़वा ग्रामीण बैंक में मैनेजर के पद पर थे। घटना के बाद से मृतक की पत्नी वंदना कुमारी दोनों बेटियों को लेकर फरार है। मृतक के बहनोई सूरज का कहना है कि वंदना का एक साल से एक्स्ट्रा मेरिटल अफ़ेयर चल रहा था। इसी वजह से उसने जितेंद्र की हत्या कर दी है। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### गांधी मैदान परेड में बस चलाएंगी महादलित महिलाएं

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गणतंत्र दिवस पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित होनेवाले झंडोतोलन समारोह सह झांकी में महिलाएं बस चलाते दिखेंगी। परिवहन विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। बस चलाने वाली सभी महिलाएं महादलित समाज से हैं। विभाग के अनुसार औरंगाबाद स्थित आईडीटीआर में 13 महिलाएं रोजाना आठ घंटे पिंक बस चलानेकी ट्रेनिंग ले रहीं हैं। संस्थान के प्रशिक्षक अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि महिलाएं न सिर्फ ड्राइविंग सीख रही हैं बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व भी हासिल कर रही हैं।

### छत्तीसगढ़ में मृत श्रमिकों के परिजन को मिलेंगे दो-दो लाख

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ के ग्राम बकुलाही स्थित रियल इस्पात एंड स्टील संयंत्र में हुए ब्लास्ट में मारे गए लोगों के परिजन को दो-दो लाख रुपये
और घायलों को 50-50 हजार रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को यह घोषणा की। यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुग्रह अनुदान के रूप में दी जाएगी। इसके पहले मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के ग्राम बकुलाही स्थित रियल इस्पात एंड स्टील संयंत्र में हुए ब्लास्ट में बिहार के मजदूरों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने नई दिल्ली स्थित स्थानिक आयुक्त को निर्देश दिया है कि छत्तीसगढ़ सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा मृतकों के पार्थिव शरीर को बिहार लाने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

# इस वर्ष तैयार होगा पताही एयरपोर्ट : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि बिहार का विकास सरकार का संकल्प है और इसे पूरा करने के लिए दिन-रात प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में नीतीश कुमार और केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार मिलकर बिहार को विकास की नई रफ्तार दे रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर के पताही में बन रहा एयरपोर्ट इसी वर्ष तैयार हो जाएगा। इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार के अलग-अलग जिलों में एयरपोर्ट निर्माण की योजना है, जिसमें मुजफ्फरपुर भी शामिल है। एयरपोर्ट निर्माण को लेकर टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही यहां से हवाई सेवाओं का लाभ मिलने लगेगा। सम्राट चौधरी ने



मुजफ्फरपुर के सांसद राजभूषण चौधरी निषाद और भाजपा के कुढ़नी विधायक केदार प्रसाद का उल्लेख कर कहा कि केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि योजनाएं समय पर पूरी हो सकें। डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार में कई क्षेत्रों में काम किया जा रहा है, जिनमें सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। बिहार का विकास ही सरकार की प्राथमिकता है और इसी दिशा में लगातार कदम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एयरपोर्ट से लेकर मेट्रो तक कई विकास कार्यों को पूरा कर यह साबित किया है कि वे विकास से समझौता करने वाले नहीं हैं। केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार को और गति मिली है। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में बिहार देश के पटल पर और बेहतर रूप में उभरकर सामने आएगा और विकास की रफ्तार और तेज होगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार तेजी से उद्योग हब के रूप में विकसित हो रहा है। राज्य देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों की पहली पसंद बन रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में देश की सबसे बेहतरीन औद्योगिक नीति लागू है, जिसके कारण उद्योगपति यहां निवेश के लिए आगे आ रहे हैं और बड़े पैमाने पर जमीन की मांग कर रहे हैं। बिहार का उद्योग समृद्ध हो रहा है।

## पुलिस वैन ने तीन लोगों को रौंदा

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** मेजरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस की गाड़ी ने तीन लोगों को रौंद दिया। इसमें एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई वहीं दो की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान सिजुआ गांव निवासी सुशील कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सैकड़ों स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना को लेकर स्थानीय लोग गुस्से में हैं। आगजनी कर प्रदर्शन कर रहे हैं और जिला प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी भी कर रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मेजरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसएसबी के जवान भी घटनास्थल पर तैनात किए गए हैं। वहीं प्रशासनिक स्तर पर सदर एसडीओ, एसडीपीओ और अंचल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू की।

# कल राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होंगे जिलाधिकारी अंशुल कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** पूर्णिया के जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 25 जनवरी को दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों देश के प्रतिष्ठित बेस्ट डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी संजुला कुमारी ने दी। संजुला कुमारी ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उत्कृष्ट चुनाव प्रबंधन, निष्पक्षता और नवाचार के लिए पूर्णिया जिले को देश स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। भारत निर्वाचन आयोग ने पूर्णिया डीएम अंशुल कुमार को देश के प्रतिष्ठित बेस्ट डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन अवार्ड के लिए चुना है। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान



पूर्णिया जिले में जिस तरह से शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया गया, वह देश के अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय है। मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इस सफलता के पीछे जिलाधिकारी अंशुल कुमार की मजबूत नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी सोच को सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है।

# अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर दो किशोरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** बेतिया-नरकटियागंज रेल लाइन गुलाब नगर रेलवे ढाला और साठी रेलवे स्टेशन के बीच रील बनाने के दौरान दो किशोर अमृत भारत एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में दोनों किशोर की मौत हो गयी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोनों किशोर का शव कई टुकड़ों में रेलवे पटरी के पास बिखर गए। साठी रेलवे स्टेशन अधीक्षक संतोष कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अमृत भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से नरकटियागंज की ओर जा रही थी। इसी दौरान गुलाब नगर रेलवे ढाला और साठी रेलवे स्टेशन के बीच, पिलर 234/31 के पास दो युवक रेलवे ट्रैक के नजदीक खड़े होकर मोबाइल से रील बना रहे थे। रील बनाने के दौरान दूसरी पटरी पर भी फौजी ट्रेन नरकटियागंज से मुजफ्फरपुर की दिशा में आ गई। दो ट्रैक पर एक साथ विपरीत दिशा से आती ट्रेनों को देखकर युवक घबरा गए। उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। दोनों युवक बचने के चक्कर में अमृत भारत ट्रेन की चपेट में आ गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों के शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे जमा हो गए। अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आनन फानन में परिजन कई टुकड़ों में शव को उठाकर ले गए। मृत बच्चों की पहचान सलमान आलम (16) धर्मपुर साठी गांव और आलमगीर आलम उम्र (16) भेड़िहारी थाना पुरुषोत्तमपुर निवासी के रूप में हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मची रही। इधर रेल अधिकारी घटना की छानबीन में जुट गए हैं।

# बिहार में राष्ट्रीय जलमार्गों का होगा विकास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में नदियों के रास्ते व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत रोडमैप बनाया गया है। इसके अंतर्गत गंगा समेत राज्य के सातों राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास किया जाएगा। गंगा, गंडक, कोसी और सोन जैसी प्रमुख नदियों के माध्यम से बालू, सीमेंट, स्टोन चिप्स, बिजली संयत्र आदि भारी सामग्रियों की ढुलाई भी बढ़ेगी। राज्य के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को कोच्चि में इनलैंड वाटरवेज डेवलपमेंट काउंसिल (आईडब्लयूडीसी) की तीसरी बैठक में जलमार्ग क्षमताओं और भविष्य के रोडमैप की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार सागरमाला योजना के तहत अंतर्देशीय जलमार्गों को बढ़ावा दे रही है। पत्तन, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आइडब्ल्यूएआइ) और राष्ट्रीय अंतर्देशीय नौवहन संस्थान (निनि) के साथ मिलकर बिहार में पोर्ट लैंड विकसित किए जाएंगे। राज्य में अंतर्देशीय जल परिवहन विभाग को पुनर्गठित कर बिहार मैरीटाइम बोर्ड बनाने की भी योजना है। आरओ-आरओ टर्मिनल, क्रूज टर्मिनल, वाटर मेट्रो, लॉजिस्टिक हब, औद्योगिक क्लस्टर और मैरीटाइम जोन का विकास पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर होगा। इसके अलावा अंतर्देशीय जहाज नौवहन प्रशिक्षण संस्थान (निनि) के मार्गदर्शन में बक्सर, भागलपुर और दरभंगा में स्किल डेवलपमेंट के लिए केंद्र खोले जाएंगे। इससे कुशल मानव संसाधन तैयार होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। वर्तमान में 21 सामुदायिक जेटी मौजूद हैं, जिन्हें 17 अतिरिक्त स्थानों पर बढ़ाने की योजना है। इससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और व्यापार के लिए हाट भी बनाए जाएंगे। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जलमार्ग सड़क और रेल से काफी सस्ता विकल्प है। माल ढुलाई की औसत लागत जल मार्ग से मात्र 1.3 रुपये प्रति टन प्रति किलोमीटर है जबकि रेल मार्ग से लागत 2.41 रुपये और सड़क मार्ग से 3.62 रुपये प्रति टन प्रति किलोमीटर है। जलमार्गों से व्यापार करने से न केवल परिवहन लागत कम होगी, बल्कि सड़कों पर ट्रैफिक भी 30-40% तक घटेगा। सड़कें क्षतिग्रस्त नहीं होंगी और प्रदूषण भी घटेगा। इन नदियों के किनारे संभावित स्थानों पर उद्योग भी स्थापित होगा, जहां इनलैंड वाटर ट्रांसपोर्ट (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल बनाए जाएंगे। इससे राज्य से सीधा निर्यात-आयात संभव हो सकेगा। ये टर्मिनल नेपाल से जुड़ने की क्षमता भी रखते हैं, जिससे क्षेत्रीय व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि सोनपुर के कालुघाट पर विकसित मल्टीमॉडल टर्मिनल प्रतिवर्ष 77 हजार कंटेनर लोड-अनलोड की क्षमता रखता है। यहां दो मालवाहक जहाज एक साथ ठहर सकते हैं। कंटेनर सुरक्षित रखने, वजन मापने और जल-रेल-सड़क को जोड़ने की सुविधाएं उपलब्ध हैं। कालुघाट में लॉजिस्टिक पार्क की बुनियादी संरचना निर्माणाधीन है, जिससे सुरक्षित स्टोरेज की सुविधा भी जल्द शुरू होगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि पटना में शहरी वाटर मेट्रो अब हकीकत बन रही है। दो हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कैटामरन जहाज आ रहे हैं, जो बैटरी और हाइब्रिड मोड में चलेंगे। ये शून्य उत्सर्जन वाले, शांत और एसी से लैस होंगे। इससे व्यापारिक और पर्यटकीय गतिविधियां बढ़ेंगी। पटना के दीघा घाट और कंगन घाट पर क्रूज टर्मिनल विकसित हो रहे हैं। पटना में जहाज मरम्मत की सुविधा भी स्थापित की जा रही है। त्वरित खुलने वाले पोंटून तंत्र (क्यूपीओएम) चार स्थानों पर लगाए जा रहे हैं, जो डाकिंग को सुपरफास्ट बनाएंगे। इसके साथ ही मनिहारी में रो-रो और रो-पैक्स टर्मिनल विकसित हो रहे हैं।

# प्रोन्नति से पहले अफसरों की अनिवार्य होगी निगरानी स्वच्छता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी सेवाओं में भ्रष्टाचार के विरुद्ध शिकंजा कसते हुए अब सरकारी अफसरों-कर्मचारियों प्रोन्नति (प्रमोशन) पर कड़ी निगरानी तय कर दी गई है। निगरानी विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है या आरोप पत्र समर्पित हो चुका है, उन्हें प्रमोशन देने से पहले निगरानी स्वच्छता का निर्धारण अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसके लिए साल में दो बार जनवरी और जुलाई में निगरानी विभाग प्रशासी विभागों को ऐसे अफसर-कर्मियों की सूची उपलब्ध कराएगा जिन पर भ्रष्टाचार से जुड़ा कोई-न-कोई मामला जरूर दर्ज है। निगरानी विभाग की ओर से इस संबंध में सभी प्रमुख विभागों और जिला कार्यालयों को एक पत्र भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि दिसंबर 2025 तक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, विशेष निगरानी इकाई और आर्थिक अपराध इकाई ने जो भी केस, कांड दर्ज किए हैं या फिर आरोप पत्र समर्पित किया है उनके नाम, समेत अन्य विवरण एक सीडी में संबंधित विभागों, प्रमंडलों और जिलों को भेजी जा रही है। निगरानी ने अपने पत्र में कहा है कि आरोप से जुड़ी सीडी के आधार पर विभाग, प्रमंडलीय व जिला कार्यालय प्रोन्नति पंजी अपडेट कर लें। उसी के अनुरूप निगरानी स्वच्छता का निर्धारण किया जाए। निगरानी के आदेश के अनुसार 30 जून 2026 तक जिस अफसर-कर्मी का प्रमोशन होना है उनके लिए अलग से स्वच्छता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं।

# शिक्षा-स्वास्थ्य का हब बन रहा बिहार : मंगल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के कोरमा में एक निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार अब शिक्षा और स्वास्थ्य का केंद्र बन रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक समय था जब लोग इस क्षेत्र में आने से डरते थे लेकिन अब पूरा मगध क्षेत्र विकास की नई गाथा लिख रहा है। मंत्री श्री पांडेय ने इशारों-इशारों में विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले मगध क्षेत्र किसी और कारण से जाना जाता था। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र ने विकास में ख्याति प्राप्त की है और अब यह शैक्षणिक हब बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले अरवल जिले का नाम लेने से भी लोग डरते थे। उन्होंने बिहार की प्रगति का उल्लेख करते



हुए कहा कि अब राज्य विभिन्न क्षेत्रों में प्रथम स्थान पर आ रहा है। मंगल पांडेय ने बताया कि कर्नाटक और तेलंगाना जैसे अन्य राज्यों के लोग अब बिहार में प्रशिक्षण लेने आ रहे हैं और अपने राज्यों में बिहार के मॉडल को लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य आर्थिक रूप से कमजोर हो सकता है लेकिन दिल से बहुत बड़ा है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि पिछले 13 महीनों से पूरे देश में बिहार सरकारी अस्पतालों तक दवा पहुंचाने में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने पिछली सरकारों के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि उस समय बिहार की काफी बदनामी हुई थी लेकिन अब समय बदल गया है और बिहार की पहचान पूरे देश में हो रही है। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा का लगातार विकास हो रहा है। नए-नए अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है और सरकारी तथा गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। मंत्री ने इस अस्पताल के संस्थापक शंकर शर्मा को बधाई दी, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में इतने बड़े अस्पताल का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के खुलने से जहानाबाद और अरवल जिले के निवासियों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान समेत कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पति की मौत के 10 मिनट बाद पत्नी ने तोड़ा दम


**गया(नबिटा ब्यूरो)।** फिल्मों में देखी-सुनी जाने वाली साथ जीने-मरने की कसम शुक्रवार को हकीकत बन गई। गया जिले के परैया प्रखंड अंतर्गत मंझीयावां पंचायत के रामडीह गांव में एक ऐसी घटना घटी। पति की मौत के 10 मिनट बाद पत्नी ने दम तोड़ दिया। दोनों का एक चिता पर अंतिम संस्कार होगा। रामडीह गांव निवासी 60 वर्षीय नंदकिशोर शर्मा और उनकी 58 वर्षीय पत्नी मानती देवी वर्षों से एक-दूसरे के सहारे जीवन जी रहे थे। शुक्रवार की अलसुबह अचानक नंदकिशोर शर्मा को सीने में तेज दर्द उठा। स्वजन कुछ समझ पाते इससे पहले उन्हें हर्ट अटैक आया और मौत हो गई। पति को मृत देख मानती देवी को सदमा लगा और बेहोश हो गईं। स्वजन उन्हें आनन-फानन में चिकित्सक के पास ले गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

CMYK

# किसानों से मिल रही शिकायत पर उर्वरकों के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग पर रोक

## केंद्र सरकार के निर्देश के बावजूद कंपनियां खुदरा बिक्री केंद्र तक उर्वरक नहीं पहुंचा रही, होगी कार्रवाई: राम कृपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव के कहा कि पूरे बिहार के किसानों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि खुदरा विक्रेता उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद किसानों को जबरदस्ती बेच रहे हैं जिससे किसानों को उर्वरक मंहगा मिल रहा है। उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रहा है जब इसकी जांच कराई गई तो पता चला कि उर्वरक कंपनियां खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग कर बेचने का दबाव बना रही हैं जो सरासर नियम का उल्लंघन है। राज्य में जारी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आज कृषि विभाग ने अनुदानित उर्वरकों के साथ अन्य उत्पाद के टैगिंग पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अनुदानित उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी, एनपीके एवं एमओपी के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की जबरन टैगिंग पूरी तरह अनुचित एवं इस पर रोक है। राज्य में किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की प्रतिबद्धता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उर्वरक कम्पनियों पर सख्ती की जाएगी और विधिसम्मत कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी उर्वरक आपूर्तिकर्ता कंपनियों की यह जिम्मेदारी है कि वे यूरिया, डीएपी, एनपीके एवं एमओपी सहित सभी उर्वरकों को सीधे बिक्री केंद्र (प्वाइंट ऑफ सेल) तक फ्रेट ऑन रोड के आधार पर पहुंचाएं। ताकि किसानों को एमआरपी पर उर्वरक प्राप्त हो सके। परिवहन भाड़ा कंपनी द्वारा खुदरा विक्रेताओं के खाते में उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है अथवा थोक उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से खुदरा विक्रेताओं के खाते में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कृषि मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि कंपनियां इस प्रक्रिया से संबंधित साक्ष्य के रूप में खुदरा विक्रेताओं के खाता विवरण को संधारित करें और आवश्यकता पड़ने पर मुख्यालय को उपलब्ध कराएं। यदि किसी भी स्तर पर कोताही, शिकायत अथवा अनियमितता की सूचना विभाग को प्राप्त होती है तो संबंधित कंपनी, उसके पदाधिकारी अथवा थोक उर्वरक विक्रेता प्रतिष्ठान के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने दोहराया कि बिहार सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उर्वरक वितरण प्रणाली को किसान-केन्द्रित, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के लिए निरंतर निगरानी एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# 'लोकल से ग्लोबल' बन रहा बिहार का सुपरफूड मखाना : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गणतंत्र दिवस समारोह में रक्षा मंत्रालय के स्तर से आयोजित भारत पर्व के अंतर्गत राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की चयनित झांकियों में बिहार से मखाना के चयन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि मिथिलांचल के पारंपरिक पोखरों से निकलकर मखाना आज दुनिया की थाली तक पहुंच चुका है जो आत्मनिर्भर बिहार की सशक्त पहचान है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित भारत पर्व 2026 में बिहार की झांकी ने राज्य की सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक सामर्थ्य को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की झांकी का थीम है - मखानाः लोकल से ग्लोबल तक। भारत पर्व के तहत देश की सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक विविधताओं को झांकियों, हस्तशिल्प, खानपान और परंपराओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीआई टैग से मिली वैश्विक पहचान, महिला सहभागिता की मजबूत भूमिका और किसानों के अथक परिश्रम ने मखाना को एक अंतरराष्ट्रीय सुपरफूड के रूप में स्थापित किया है। यह झांकी न केवल बिहार की प्रगति को दर्शाएगी, बल्कि भारत की वैश्विक पहचान को भी और अधिक सुदृढ़ करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार की झांकी यह संदेश देती है कि परंपरा, कड़ी मेहनत और इनोवेशन के संगम से स्थानीय आजीविका को एक ग्लोबल पहचान दी जा सकती है। यह झांकी हमारी विरासत और उद्यमिता का संगम है। उन्होंने कहा कि यह झांकी इस संदेश को भी परिलक्षित करता है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ स्थानीय उत्पादों को नवाचार के जरिए विश्व स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। बस इसके लिए नीति और नियत चाहिए।

# प्रमोद चंद्रवंशी के आवास पर सरस्वती पूजा समारोह संपन्न, राज्यपाल ने की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना स्थित प्रमोद चंद्रवंशी के आवास पर 23 जनवरी को मां सरस्वती पूजा समारोह श्रद्धापूर्वक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बिहार प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी की ओर से उनके आवास पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुमारी पूजा द्वारा पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। पूजा समारोह में बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, भाजपा बिहार के संगठन प्रभारी भिखूभाई दलसानिया, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, हम (सेक्युलर) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री संतोष कुमार सुमन, मंत्री रामकृपाल यादव, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री मनीष वर्मा, अति पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नवीन कुमार आर्य, पूर्व सांसद अरुण कुमार, चंदेश्वर प्रसाद, पूर्व मंत्री अनिल कुमार, विधायक मनोज शर्मा, उदय कुमार, रोहित कुमार, ऋतुराज सिंह, मछुआरा आयोग के सदस्य अरविंद कुमार निषाद, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडियाल, यू.पी. शर्मा, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, पालीगंज के पूर्व लोजपा प्रत्याशी सुनील यादव, पूर्व विधायक अजय पासवान सहित बिहार के अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सरस्वती पूजा श्रद्धा के साथ सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में ज्ञान, विद्या, कला और संस्कृति की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की पूजा-अर्चना वसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, डॉ नीरज सिन्हा, वित्तमंत्री, डॉ मृदुला प्रकाश निदेशक शिक्षा संस्कृति एवं संग्रहालय, डॉ पूनम वर्मा प्राचार्य, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण एवं प्रमोद कुमार कर्ण सहित सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षु तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वसंत पंचमी भारतीय परंपरा में न केवल ऋतुराज वसंत के आगमन का प्रतीक है, बल्कि यह ज्ञान, सृजन, सौंदर्य और चेतना के नवोन्मेष का उत्सव भी है। इसी भावभूमि पर आयोजित सरस्वती पूजा में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से विद्या, विवेक और संस्कार की साधना की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की सुप्रसिद्ध रचना 'वर दे वीणा वादिनि वर दे' तथा महाकवि विद्यापति की अमर रचना 'जय जय भैरवी असुर भयावनी' का भावपूर्ण सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया। इस सांगीतिक प्रस्तुति का नेतृत्व सहायक प्राध्यापक (संगीत) कंचन कुमारी ने किया। उनके साथ सहायक प्राध्यापकगण डॉ रीना चौधरी, मंजरी चौधरी, विनीता कुमारी एवं ज्योति कुमारी ने भक्ति-भाव से ओतप्रोत स्वरांजलि अर्पित की। ऋतुराज वसंत के स्वागत में पारंपरिक फगुआ लोकगीत का सामूहिक गायन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। इस लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुति में डॉ मृदुला प्रकाश (निदेशक, शिक्षा संस्कृति एवं संग्रहालय), डॉ पूनम वर्मा (प्राचार्य), डॉ शादमा साहिन, कुमारी प्रेरणा एवं सौरभ कुमार ने सहभागिता निभाई जिससे संपूर्ण वातावरण उल्लास, रंग और लोकचेतना से सराबोर हो उठा। यह आयोजन शिक्षा के साथ संस्कृति के समन्वय का सशक्त उदाहरण बना जिसमें ज्ञान की आराधना, संगीत की साधना और लोक परंपराओं का जीवंत रूप देखने को मिला। महाविद्यालय परिवार ने इस अवसर पर यह संकल्प व्यक्त किया कि वे शिक्षा को केवल अकादमिक दायरे तक सीमित न रखकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं मानवीय संवेदनाओं से निरंतर समृद्ध करते रहेंगे।

# शक्तिधाम दादीजी मंदिर में श्रद्धालुओं ने की विद्या की देवी की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बैंक रोड स्थित शक्तिधाम दादीजी मंदिर परिसर में विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर को विकास पोद्दार द्वारा आकर्षक रूप से सजाया गया तथा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि दादीजी मंदिर में प्रतिवर्ष मां सरस्वती की पूजा की जाती है। ताकि समाज और विद्यार्थियों को ज्ञान, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि मां सरस्वती की कृपा से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। एम पी जैन ने बताया कि पूजन कार्यक्रम में अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, रमेश अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, दीपक भुवानिया, बिमल माधोगढिया, मनोज अग्रवाल, सूर्य नारायण सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा।

# मोटोरोला ने किया मोटोरोला सिग्नेचर लांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में ग्लोबल लीडर तथा भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने भारत में मोटोरोला सिग्नेचर को लॉन्च किया है। मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी एम नरसिम्हन ने लॉन्च के मौके पर कहा कि मोटोरोला सिग्नेचर के साथ हम भारत में अल्ट्रा-प्रीमियम स्मार्टफोन्स के लिए एक नया बेंचमार्क बना रहे हैं जो सिर्फ फीचर्स से आगे जाता है। यह लॉन्च हमारी मेहनत दिखाता है कि हम विश्वस्तरीय इनोवेशन, अच्छा डिजाइन और सार्थक अनुभव मिलाकर रोज की जिंदगी को और बेहतर बनाएं। डीएक्सओमार्क से गोल्ड स्टैण्डर्ड रेटिंग की महत्वपूर्ण कैमरा टेक्नोलॉजी, शानदार परफॉर्मेंस, भारत में पहली बार खास सिग्नेचर क्लब के फायदे और मोटो वाच के साथ वेलनेस-फोकस्ड इकोसिस्टम देकर, हम एक बढ़िया पैकेज दे रहे हैं।

# भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भव्य तरीके से मनाई जाएगी कर्पूरी ठाकुर जयंती

## कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह में उपमुख्यमंत्री सहित कई मंत्री होंगे शामिल : संजय खंडेलिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102 वीं जयंती 24 जनवरी को बिहार भाजपा प्रदेश मुख्यालय में धूमधाम और भव्य तरीके से मनाई जाएगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और इस कार्यक्रम के संयोजक संजय खंडेलिया ने आज बताया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर के जयंती समारोह को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। इस समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी जोर-शोर से जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस समारोह में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री, मंत्री और पार्टी के बड़े नेता भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे। इस समारोह में जननायक कर्पूरी ठाकुर के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प याद किया जाएगा तथा उनके कृतित्व की चर्चा की जाएगी। इस आयोजन को लेकर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ और ओबीसी मोर्चा द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह के माध्यम से जननायक कर्पूरी ठाकुर को न केवल याद किया जाएगा बल्कि उनके सामाजिक न्याय, समान अवसर तथा वंचित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान से जुड़े विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक संजय खंडेलिया ने कहा कि आज केंद्र की सरकार हो या बिहार की एनडीए सरकार, जननायक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के सपनों को साकार करने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं।

# पुनर्निधारित समय से चार ट्रेनें चलेंगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे शासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के ओड़गा एवं हटिया स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में कानारोवां स्टेशन पर प्री-नान इंटरलॉक एवं इंटरलॉक कार्य हेतु यातायात ब्लॉक लिए जाने के कारण निम्नलिखित 4 ट्रेनें अपने प्रारंभिक स्टेशन से पुनर्निधारित समय से खुलेगी। सम्बलपुर से 01 से 04 फरवरी, 2026 तक खुलने वाली 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस सम्बलपुर से 2 घंटे पुनर्निधारित समय से खुलेगी। जम्मूतवी से 30 जनवरी और 01 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 18610 जम्मूतवी-सम्बलपुर एक्सप्रेस जम्मूतवी से 02 घंटे पुनर्निधारित समय से खुलेगी। सम्बलपुर से 02 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 18609 सम्बलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस सम्बलपुर से 01 घंटे पुनर्निधारित समय से खुलेगी। जयनगर से 01 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 18106 जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस जयनगर से 02 घंटे पुनर्निधारित समय से खुलेगी।

# आपकी लाइब्रेरी सह संस्कारशाला में सरस्वती पूजा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पुरानी जक्कनपुर रामलखन महतो फ्लैट में स्थित आपका लाइब्रेरी सह संस्कारशाला में धूमधाम से सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई जिसमें विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की स्तुति की। इसके बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पूजा-अर्चना की और मां सरस्वती को फूल, फल और अन्य चीजें अर्पित कीं। इस अवसर पर संस्कारशाला के अमितराज अकेला ने कहा मां सरस्वती की पूजा हमें ज्ञान, बुद्धि और संस्कार की महत्ता को समझने का अवसर प्रदान करती है। हमें अपने जीवन में मां सरस्वती के आशीर्वाद को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर मां सरस्वती की आरती की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर पूजा करने के लिए 150 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। पुजारी अनुज पण्डित ने लाइब्रेरी के संस्थापक अमित राज अकेला सहित अस्मिता राज, सौर्यराज, श्वेत लता से पूजा करवाया। साथ हीं पूजा करने में सभी लाइब्रेरी के बच्चे भी उपस्थित रहे। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद गौतम, सागर, प्रकाश, अनीशा सिंह, अभिलाष तथा अन्य उपस्थित थे। मौके पर अमित राज ने बताया कि आपका लाइब्रेरी सह संस्कारशाला में सरस्वती पूजा का आयोजन हर साल धूमधाम से किया जाता है और यह हमारे संस्कारशाला का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। आपका लाइब्रेरी पुरानी जक्कनपुर, रामललाखन महतो फ्लैट, में सरस्वती पूजा किया गया जिसमें पुजारी का नाम अनुज पण्डित लाइब्रेरी के संस्थापक अमित राज अकेला उनकी बेटी अस्मिता राज बेटा सौर्यराज पत्नी श्वेत लता द्वारा पूजा किया गया। पूजा करने में सभी लाइब्रेरी के बच्चे उपस्थित रहे। सागर राजाजी, राहुल, अभिषेक, सुजय इत्यादि बहुत सारे बच्चे उपस्थित रहे।

# चिचाकी स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा उर्स के अवसर पर धनबाद मंडल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमो-कोडरमा के मध्य स्थित चिचाकी स्टेशन पर 24 जनवरी 2026 से 7 फरवरी 2026 तक अस्थायी रूप से तीन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का दो-दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस 15.14 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 15.16 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 10.16 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 10.18 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 18.04 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 18.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 08.44 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 8.46 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 13307 धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस 22.52 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 22.54 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 13308 फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस 03.07 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 3.09 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# सूरजमुखी और हैमलेट नाटक से दसवें बिहार रंग महोत्सव का आरंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सांस्कृतिक संस्था इमैजिनेशन द्वारा शुक्रवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव बिहार रंग महोत्सव - बिहारंगम-2026 का आरंभ नाद संस्था द्वारा लोक संगीत की प्रस्तुति से हुई। तदोपरांत मुख्य मंच पर विनोद राय द्वारा निर्देशित नाटक सूरजमुखी और हैमलेट का बेहतरीन मंचन हुआ। इस बार यह महोत्सव 23 जनवरी से 28 जनवरी, 2026 तक प्रेमचंद रंगशाला, राजेंद्र नगर, पटना में आयोजित हो रहा है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सी सी आर टी के अध्यक्ष विनोद नारायण इंदुरकर, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध सिनेमा निर्देशक,एडिटर,गीतकार एवं संवाद लेखक अमिताभ वर्मा, वरिष्ठ फिल्म समीक्षक विनोद अनुपम एवं इमेजिनेशन के संरक्षक प्रो. संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। बिहार रंग महोत्सव का 10वां संस्करण संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार), कला, संस्कृति एवं युवा विभाग (बिहार सरकार) एवं रेरा, बिहार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं तक्षशिला के सामूहिक महत्वपूर्ण सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर इमैजिनेशन संस्था के सचिव कुंदन कुमार ने बताया कि बिहारंगम नाट्य महोत्सव बिहार का एक प्रसिद्ध नाट्य महोत्सव है जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों से कलाकार आकर अपनी प्रस्तुति देते हैं। नाट्य महोत्सव में बिहार के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच तो मिलता ही है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की प्रस्तुतियों से राज्य के कलाकारों को भी काफी एक्सपोजर मिलता है। ये हमारा 10वां साल है। इसलिए संस्थान के बच्चों की आग्रह पर हम अपनी संस्था के 5 नाटक प्रस्तुत कर रहे हैं एवं एक नाटक प्रसिद्ध नाट्य संस्था रंग विदूषक भोपाल द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। महोत्सव के आखिरी दिन तीन दशक के लंबे अंतराल के बाद बिहार की संस्था द्वारा अंग्रेजी नाटक वेटिंग फॉर गोडोट की प्रस्तुति होगी। 10वें बिहार रंग महोत्सव के पहले दिन बहुचर्चित नाटक सूरजमुखी और हैमलेट की प्रस्तुति हुई जो कि एक हास्यास्पद नाटक है जिसमें एक लेखक अपनी कल्पना और वास्तविकता में उलझ जाता है। 24 जनवरी को डॉ अंजना पूरी द्वारा लिखित एवं कन्हैया लाल कैथवास द्वारा निर्देशित नाटक 'दूसरो न कोई' की प्रस्तुति होगी। यह एक म्यूजिकल नाटक होगा जो कि वैरागिनी मीरा बाई के जीवन पर आधारित है। पदमश्री बंसी कौल की नाट्य संस्था रंग विदूषक अपने अद्भुत नाट्य शैली के लिए जानी जाती है। इस बार भी दर्शकों कुछ अलग अनुभव कराने उनकी टीम पटना आ रही है।

# बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में श्रद्धा से की गई मां सरस्वती की आराधना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सौजन्य से संचालित निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को सरस्वती पूजा के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना सम्पूर्ण विधि-विधान संग की गई। इस दौरान प्रशिक्षण पाने वाली छात्राओं ने आकर्षक ढंग से प्रशिक्षण केन्द्र को सजाकर मां सरस्वती की आरती गाई। मौके पर डॉ गीता जैन ने कहा कि कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण लेकर लड़कियां स्वरोजगार से जुड़ें, यही इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि केंद्र में कई तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण पाने वाले छात्राओं को रोजगार भी उपलब्ध कराया जाता है। प्रसाद वितरण के पश्चात डॉ गीता जैन व तनुजा अग्रवाल ने छात्राओं को कौशल विकास के संबंध में जानकारी दी। मौके पर डॉ गीता जैन, तनुजा अग्रवाल, डॉ बृंदा सिंह, स्वर्णलता अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, अनुपम जैन, मधु सिंह, अंजलि सिन्हा, प्रियंका देवी, गुड़िया, गुन्जन एवं प्रशिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थी।

# विद्या की देवी मां सरस्वती की गयी श्रद्धापूर्वक पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** 'या देवी सर्वभूतेषु सरस्वती रूपेण संस्थिता' के पावन मंत्रोच्चार के साथ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना डिहरी एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुई। यह पूजा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा परंपरागत विधि-विधान से आयोजित की गई। शुक्रवार की सुबह से ही पूजा पंडालों और विद्यालय परिसरों में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि और वैदिक विधि से मां सरस्वती की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की प्रतिमाओं की स्थापना कर आकर्षक सजावट की। छात्र-छात्राओं के लिए यह पर्व विशेष



महत्व रखता है जिसे उन्होंने पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया। पूजा के उपरांत सभी शैक्षणिक संस्थानों में प्रसाद वितरण भी किया गया। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों– महिला महाविद्यालय डालमिया नगर, आर.एस.के. पब्लिक स्कूल बस्तीपुर, जगजीवन कॉलेज डिहरी ऑन सोन, रामकिशोर सिंह कॉलेज डालमिया नगर, जनता बालिका विद्यालय सह जनता विद्या मंदिर गांधी नगर, बाल वाटिका विद्यालय मोहन बीघा, सनबीम पब्लिक स्कूल पानी टंकी, मध्य विद्यालय शिवगंज, आदर्श प्रतियोगिता निकेतन पाली रोड, टैलेंट पब्लिक स्कूल सुभाष नगर सहित अन्य विद्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व शहरी क्षेत्रों में भी छात्र-छात्राओं के द्वारा सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण एवं पारंपरिक ढंग से मनाई गई।

सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विशेष रूप से महिला कॉलेज एवं बालिका विद्यालयों के आसपास पुलिस बल मुस्तैद रहा। वहीं सरस्वती पूजा की पूर्व संध्या पर डिहरी शहर में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च भी निकाला गया।

## ट्रक की टक्कर से टेंपो पलटा, चालक की मौत

**भभुआ (नबिटा सं.)।** शुक्रवार की सुबह स्थानीय बाजार के समीप एनएच-19 पर ट्रक की टक्कर से एक टेंपो सड़क पर पलट गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही अगल बगल के लोगों की भीड़ जुट गयी और घायल टेंपो चालक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन घायल को इलाज के लिए वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर ले गये जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीत्कार मच गया। इस सड़क दुर्घटना में मृत टेंपो चालक की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत भानपुर गांव निवासी रामजटी राम के लगभग 50 वर्षीय पुत्र शुद्धू राम के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना के समय टेंपो में केवल चालक ही मौजूद था। बताया जाता है कि गरीब तबके के शुद्धू राम अपने परिवार की परवरिश के लिए करीब तीन चार माह पहले ही सवारी टेंपो चलाना शुरू किये थे।

## पूर्व विधायक ने किया पेवर ब्लॉक संयंत्र का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के मानपुर पंचायत अंतर्गत मिल्की गांव में पूर्व विधायक ने पेवर ब्लॉक संयंत्र का उद्घाटन किया। रिशु राज पेवर ब्लॉक संयंत्र का उद्घाटन किया गया। मौके पर पूर्व विधायक संजय यादव ने इस संयंत्र के स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर पर दृष्टि की सराहना की। लाखों रुपये की लागत से स्थापित राकेश सिंह उर्फ छथु यादव पंचायत समिति सदस्य के मिल्की गांव में पेवर ब्लॉक का लगे संयंत्र का पूर्व विधायक संजय यादव एवं प्रखंड प्रमुख राकेश सिंह उर्फ लाली के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे उद्योग स्थापित होने से ग्रामीणों को रोजगार मिलेगी, गांव में समृद्धि आएगी। वहीं बिक्रमगंज प्रखंड प्रमुख राकेश सिंह उर्फ लाली ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि होने के साथ-साथ उद्योग के प्रति लगाव रखने के राकेश सिंह के कार्यो का अनुकरण करना चाहिए। लघु उद्योग लगाकर गांव के ग्रामीणों को रोजगार देने का यह एक अनुपम कार्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय की स्रोत में वृद्धि होने, विकास को गति प्रदान करने वाला यह कार्य बताया। मौके पर पंचायत के मुखिया, जिला परिषद सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता रामनरेश पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गुप्ता धाम में 40 हजार शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** बसंत पंचमी के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध गुप्ताधाम में 40 हजार भक्तों का जनसैलाब उमड़ा और पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सुबह 1 बजे से ही श्रद्धालुओं की जत्था पहाड़ के विभिन्न रास्ते से होकर पहुंचा गुफा द्वार के पास हाथ में बेलपत्र और जल लेकर धाम के पास स्थित सीता कुंड में स्नान करने के बाद गुफा स्थित पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दौरान हर हर महादेव के नारे से रोहतास, कैमूर पहाड़ी की जंगल गूंज रही थी। गुप्ताधाम विकास कमेटी के सदस्यों द्वारा उन्हें कतारवद्ध दर्शन कराया गया। दुर्गावती जलाशय से होते हुए दुपहिया और चार पहिया वाहन से भी जलाभिषेक



और पूजा अर्चना करने के लिए भी पहुंचे।

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया डीडीयू से अंकोरहा तक व्यापक निरीक्षण

### रेल अवसंरचना सहित संरक्षा, यात्री सुविधा एवं परिचालन व्यवस्था का गहन जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने आज निरीक्षण यान 'परख' से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से अंकोरहा तक चल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग में विभिन्न स्टेशनों एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर रेल अधिकारियों के साथ स्थलीय जायजा लिया गया। इस दौरान रेल अवसंरचना, संरक्षा, परिचालन सुगमता, यात्री सुविधाओं, स्वच्छता एवं समग्र व्यवस्था पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। निरीक्षण के क्रम में श्री मीना ने सैयदराजा-कर्मनाशा रेल खंड में रेल पुल संख्या 697 के स्ट्रक्चर, ट्रैक एवं फिटिंग्स का



विस्तृत निरीक्षण किया। कर्मनाशा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता एवं रेल परिचालन की समग्र व्यवस्था का गहन जायजा लिया गया। पुसौली स्टेशन सीमा में पॉइंट एवं क्रॉसिंग, थिक वेब स्विच तथा स्विच सेटिंग डिवाइस की स्थिति एवं कार्यशीलता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। बगहा बिशुनपुर स्टेशन की सीमा में स्थित रेल पुल एवं समपार संख्या 6 का संरक्षा केंद्रित निरीक्षण किया गया। अंकोरहा स्टेशन पर रनिंग रूम की सुविधाओं एवं व्यवस्था का निरीक्षण किया गया जहां उत्तम रखरखाव के लिए संबंधित टीम को पुरस्कृत किया गया। इसी स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक कक्ष एवं क्रू लॉबी की स्थिति एवं कार्य प्रणाली का भी सूक्ष्म अवलोकन किया गया। सुचारू व्यवस्था एवं उल्लेखनीय सुधार के लिए दोनों टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किया गया। अंत में शिवसागर रोड स्टेशन पर यात्री सुविधा, रेल परिचालन व्यवस्था एवं कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया गया। श्री मीना द्वारा निरीक्षण के दौरान संरक्षा, रखरखाव एवं यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार पर बल दिया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली टीमों को पुरस्कृत कर मंडल में सकारात्मक कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित किया गया।

## जेडीयू कार्यालय में मनायी जाएगी कर्पूरी ठाकुर की जयंती




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने बताया कि प्रदेश कार्यालय के आदेशानुसार इस वर्ष सभी जिला मुख्यालय में 24 जनवरी को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह धूमधाम से मनायी जाएगी। कार्यक्रम लिच्छवी भवन के सामने जेडीयू कार्यालय (कर्पूरी सभागार) में शनिवार सुबह 11 बजे दिन से निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री विधायक संतोष कुमार निराला, करहगर विधायक वशिष्ठ सिंह का आगमन हो रहा है।

## मूर्ति स्थापना के साथ ही गूंजने लगे वैदिक मंत्र एवं भजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** जगह-जगह पर मां सरस्वती की मंत्र के साथ ही अराधना और पूजा-पाठ शुक्रवार को शुरू हो गया। विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे पंडालों में निर्मित मां सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित करने के साथ ही अबीर गुलाल, बैर, गाजर आदि सामग्रियों से कलश स्थापना एवं पूजन के साथ ही सरस्वती पूजा समारोह की शुरुआत हुई। विद्या की जननी मां सरस्वती की आराधना अमीर और गरीब सभी एक समान करते हैं और यही कारण है कि मूर्ति पूजा के



रूप में मनाए जाने वाले हिंदू धर्म में शायद यह सबसे अधिक प्रचलित पूजा बन गया है जो गांव के गलियों से लेकर शहर के मोहल्ले- मोहल्ले तक अब मनाया जाने लगा है। विद्या की देवी सरस्वती की पूजा पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अलावे गांव समाज के लोगों की एक विशेष त्योहार के तौर पर उभर कर आया है। गाजे-बाजे एवं भजन- कीर्तन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाटक के रूप में रंगमचीय कार्यक्रम भी गांव के लोगों के द्वारा सामूहिक रूप से देखने को मिल रहा है। नगर पंचायत गोडारी, काराकाट, जय श्री, मुंजी सकला, देव मारकंडे आदि स्थानों पर बड़े ही धूमधाम से माता सरस्वती की पूजा पाठ में लोग संलग्न दिखाई दिए। प्रखंड क्षेत्र के कई ऐसे गांव मिले जहां नौजवानों ने इस अवसर पर नाटक के कार्यक्रम का आयोजन करने की योजना बनाई है। हालांकि प्रशासन भी पूरी तरह इस बार मुस्तैद है और पूजा समितियों के द्वारा लाइसेंस लेने की अनिवार्यता के साथ ही शांति और सुरक्षा के कई कठोर निर्देश दिए गए हैं जिसके प्रोटोकॉल के अनुसार ध्वनि प्रदूषण एवं अशांति की संभावना पर विराम लगने की पूरी गुंजाइश है। काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, अंचल अधिकारी रितेश कुमार सिंह तथा थानाध्यक्ष विवेक कुमार के संयुक्त प्रयास ने पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी इस त्यौहार में बढ़ा दी है। शांति समिति की हुई बैठकों में सामाजिक एवं राजनीतिक विचार के लोगों के द्वारा कई अहम बिंदुओं पर समन्वय स्थापित किया गया है। वहीं इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं तथा सरकारी विद्यालयों में भी शांति और सदभावपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।

## राजेंद्र विद्यालय में नेताजी जयंती एवं सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** शहर के महावीर स्थान स्थित प्रथम आईसीएसई मान्यता प्राप्त राजेंद्र विद्यालय परिसर में पराक्रम दिवस एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तथा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा, उल्लास और देशभक्ति के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुई। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। पराक्रम दिवस एवं नेताजी जयंती के अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर को तिरंगे, बैनरों और नेताजी के प्रेरक विचारों से सजाया गया। कार्यक्रम



का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर ध्वजारोहण से हुआ। इसके पश्चात शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण का क्षण अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए। अनन्या ने नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन, आजाद हिंद फौज के गठन और उनके ओजस्वी नारे पर प्रकाश डाला। शिवम पांडेय ने पराक्रम दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए नेताजी को युवाओं के लिए साहस, अनुशासन और आत्मसम्मान का प्रतीक बताया। वहीं अदिति पांडेय ने विदेशी धरती पर नेताजी द्वारा किए गए स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरणास्त्रोत बताया।

## भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ कराने की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल मुख्यालय बिक्रमगंज शहर के वार्ड संख्या 13 में काव नदी के प्रसिद्ध काशी घाट तट पर अवस्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में भगवान भास्कर का प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ कराने की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा कराने व यज्ञ को सफल बनाने से संबंधित प्रारूप तैयार किया गया जिसमें कार्यक्रम की संभावित तिथि, अनुमानित खर्च तथा किन ऋषि-मुनियों एवं साधु-महात्माओं के सान्निध्य में यज्ञ संपन्न कराया जाए इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में श्री छठ पूजा समिति काशी घाट के अध्यक्ष धीरज गिरी, रितिक कुमार, नगर के पूर्व सभापति रबनवाज राजू, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, पूर्व सभापति प्रत्याशी



घनश्याम कुमार, संजय वर्मा, मंटू कुशवाहा, वार्ड पार्षद रामजी वैश्य, पप्पू गुप्ता, अनवर फारूकी, बसंत पटेल, पूर्व वार्ड पार्षद राजा पटेल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पिन्टु सिंह, निरंजन ठाकुर, धर्मेन्द्र कुमार सिंह (पत्रकार), टोनी सरदार, महेंद्र गुप्ता, अमृत रंजन, आस्कमिनी मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष गया जी, धनेश्वर तिवारी, मुखिया राम विनय पटेल, मदन प्रसाद वैश्य, अधिवक्ता मदन सिंह, अधिवक्ता निशांत सिंह, मनोज कुमार सिंह, धीरज जी साड़ी वाले सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आयोजन से जुड़े शेष बिंदुओं एवं अंतिम रूपरेखा पर दूसरी बैठक में विस्तार से निर्णय लिया जाएगा। सभी सदस्यों ने सूर्य मंदिर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक गौरव को और सुदृढ़ करने के लिए सामूहिक सहयोग से आयोजन को भव्य बनाने का संकल्प दोहराया।

## क्रिकेट से शरीर, दिमाग और व्यक्तित्व को मिलते हैं कई फायदे : गोपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमिया नगर खेल मैदान में हिमांशु फाउंडेशन एवं बाबा वीर कुंवर टूर्नामेंट कमिटी के नेतृत्व में आयोजित 14वीं नगर चैंपियनशिप के अंतर्गत दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला वार्ड 11 बनाम वार्ड 33 के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में वार्ड 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वार्ड 33 को 78 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुमार उर्फ गोपी, महंत महादेव खोह राधाशुत सिन्हा, दीपक दास, चंदन गुप्ता, भोला



चौहान एवं परागनाथ सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया तथा आयोजन समिति को इस भव्य प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज कुमार उर्फ गोपी ने कहा कि क्रिकेट मैच खेलने से शरीर, दिमाग और व्यक्तित्व–तीनों को कई फायदे मिलते हैं। इससे शरीर फिट और मजबूत रहता है। दौड़ने से स्टैमिना व फूर्ति बढ़ती है, मांसपेशियां मजबूत होती हैं और मोटापा कम करने में भी मदद मिलती है। आज के अंपायर सोनू पांडेय एवं रितेश ने दोनों टीमों के कप्तानों के बीच टॉस कराया जिसे वार्ड 33 ने जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वार्ड 11 की टीम की शुरुआत भले ही धीमी रही, लेकिन खिलाड़ी विक्की की विस्फोटक पारी ने मैच का रुख पलट दिया। विक्की ने 41 गेंदों पर 111 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए टीम को 173 रनों के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 33 की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई और पूरी टीम 94 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह वार्ड 11 ने मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल की ओर से शतकीय पारी खेलने वाले विक्की को दिया गया, जिन्होंने 111 रन बनाने के साथ-साथ 2 विकेट भी चटकाए। टूर्नामेंट कमिटी के उपाध्यक्ष धनजी यादव ने बताया कि रविवार को तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला वार्ड 14 बनाम वार्ड 18 के बीच खेला जाएगा। इस दौरान कमिटी अध्यक्ष डॉ. ओ. पी. आनंद, निर्देशक रविवार शेखर, महासचिव प्रो. रणधीर सिन्हा, उपाध्यक्ष मनीष राज, संयोजक छोटू यादव, राकेश, स्कोरर बंटी, चंदन, मुन्ना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शिक्षा के मंदिर भी अछूते नहीं अतिक्रमण से

### विद्यालय परिसर में किया जाता है दशकर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** शिक्षा की नींव गांव की बुनियाद पर टिकी हुई है, लेकिन जब गांव के विद्यालय भी अतिक्रमण का शिकार होने लगे, तब यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं कि आज भी शिक्षा के प्रति कितने उदासीन हैं कुछ लोग। ग्रामीणों की उदासीनता के कारण आज विद्यालय अतिक्रमण के शिकार होने लगे। हर गांव-टोले से लेकर शहरों तक के सरकारी विद्यालय को चाक चौबंद, खेल, बागवानी आदि से परिपूर्ण किया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र के कई विद्यालय ऐसे हैं जहां ग्रामीण एवं प्रशासन की उदासीनता के कारण



अब भी अस्थाई अतिक्रमण का शिकार हो रहे हैं। उनके भूमि पर या तो ग्रामीणों ने अपने आवश्यकता की वस्तुएं -घास-भूसे, पुआल एवं अन्य वस्तुएं रख दी जाती है तो कहीं दशकर्म क्रिया भी विद्यालय प्रांगण में ही की जाती है। ऐसे में उस विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कुछ बोलना मुनासिब नहीं समझते क्योंकि उन्हें गांव वालों से पंगा लेने की जहमत झेलनी पड़ेगी जबकि दूसरी ओर इस तरह के कार्य से विद्यालय के पठन-पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और बच्चों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित नहीं हो पाता है। प्रखंड क्षेत्र के प्रधान एवं अन्य शिक्षकों से जब बातचीत की जाती है तो वह ग्रामीण स्तर की बात होने का हवाला देकर जहमत झेलने से डरते हैं और इस ओर प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा उचित कार्रवाई करने की वह मांग करते हैं। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के जहनपुरा एवं लोरी बांध में ऐसे विद्यालय हैं जो अस्थाई तौर पर अतिक्रमण का शिकार बताये जाते हैं। हालांकि विद्यालयों की घेराबंदी इस मामले में काफी हद तक कारगर साबित हुई है। परंतु कुछ विद्यालय ऐसे हैं जहां न तो घेराबंदी पूर्ण से हो सका है और न हीं वहां मेन गेट की व्यवस्था हो सका है जिसके चलते भी अतिक्रमण की यह समस्या ज्यादातर देखी जा रही है। लोरी बांध स्थित विद्यालय में तो घेराबंदी जरूर है, परंतु वह जीर्ण-शीर्ण हालत में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। ग्रामीणों के बीच जागरूकता की कमी भी एक कारण बताया जा रहा है जहां उसी गांव के बच्चे संबंधित विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। सरकारी स्तर पर शिक्षा के प्रति जागरूकता के सफल होने में यह एक बाधा जरूर है।

## भभुआ ने रामगढ़ को 5-1 से हराकर किया फाइनल में प्रवेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नुआंव।** टेन पल्स टू खेल मैदान पर न्यू स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में करायी जा रही राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच में भभुआ फुटबॉल क्लब ने रामगढ़ क्लब को 5-1 से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। 45-45 मिनट के खेले गये इस मैच के पहले हाफ के दसवें मिनट में रामगढ़ टीम के जर्सी नंबर नौ के खिलाड़ी सोनू ने पहला गोल दागते हुए टीम को एक गोल की बढ़त दिलायी। हालांकि, दूसरे हाफ में भभुआ टीम ने जबरदस्त वापसी की। भभुआ टीम के जर्सी नंबर दस के खिलाड़ी सोनू ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद भभुआ टीम के जर्सी नंबर सात के खिलाड़ी कैस अख्तर ने शानदार गोल करते हुए टीम को बढ़त दिलायी। वहीं, भभुआ टीम के जर्सी नंबर तीन के खिलाड़ी दिलशाद अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक कुल तीन गोल दागकर टीम को अजेय बढ़त दिला दी।. इस तरह भभुआ फुटबॉल क्लब ने 5-1 से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 26 जनवरी को उत्तर प्रदेश के देवैथा व भभुआ फुटबॉल क्लब के बीच खेला जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बक्सर सांसद सुधाकर सिंह मौजूद रहेंगे।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to **Mr. Mohammad Ruman,** formerly employed with **S Infinity Tech and Tools,** that he was deputed to **Dar es Salaam, Tanzania,** solely for official installation and commissioning work of machinery, as per the terms of his Employment Agreement and Commitment Letter.

It has been brought to the notice of our client that **Mr. Mohammad Ruman** has failed to remain in contact, is unauthorizedly absent, and is allegedly engaging in activities contrary to his contractual obligations, including dealing with clients and third parties without permission, thereby causing financial and reputational loss to the company.

**Mr. Mohammad Ruman** is hereby called upon to immediately contact **S Infinity Tech and Tools** and submit his explanation within **7 days** from the date of publication of this notice, failing which the company shall be constrained to initiate appropriate civil and criminal proceedings against him, at his sole risk as to costs and consequences.

This notice is issued without prejudice to all other rights and remedies available under law.

**For S Infinity Tech and Tools**
**Authorized Signatory**

**Through Advocate**
**Adv. Prathamesh & Associates**
**(Advocate High Court)**

Date: 24/01/2026
Shop no. 21 monalisa chs Thane 7045215990

## एक नजर

### आगजनी में बिचाली जलकर राख

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल थाना क्षेत्र के पाली गांव में शुक्रवार को एक किसान के खलिहान में अचानक आग लग जाने से उसमें रखे हजारों रूपये मूल्य के बिचाली जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली ग्रामीण व किसान महेश यादव खलिहान में रखे गए बिचाली जलकर राख हो गया। जिससे हजारों रुपये मूल्य का नुकसान हुआ। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी तरह काबू पाया गया।

### मातृ सम्मेलन तथा वसंत पंचमी कार्यक्रम का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** राजकीय बुनियादी विद्यालय, डोमावर-कुज्झा में वसंत पञ्चमी के पूर्व संध्या में गुरुवार को मातृ सम्मेलन तथा वसंत पंचमी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधान अध्यापक सरयुग प्रसाद की अध्यक्षता, विद्यालय अध्यापक मुकुन्द माधव तिवारी के दिशा-निर्देशन और शिष्यों के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफलता मिली। माताओं को समर्पित इस कार्यक्रम के लिए जन संपर्क और निमंत्रण पत्र वितरण में विद्यार्थियों ने अध्यापक तिवारी का पूरा सहयोग किया। संचालन रजनीश कुमार ने किया। कहा गया बच्चे राष्ट्र का भविष्य होते हैं, वही शिक्षक बच्चे के भविष्य का निर्माता होते हैं। इस कार्यक्रम में कुमारी रूपा, राधा, हिमांशी, राजनन्दिनी, पुनीति, सिमरन, चांदनी, नमन, लवकुश, उदित, अरविंद कुमार ने अपनी सक्रिय भूमिका निभायी।

### विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा अर्चना

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** माघ वसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा अर्चना श्रद्धाभाव से की गईं। इस अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों के अलावा मंदिरों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत पूजन किया गया। साथ ही लोग अपने अपने घर में भी माता सरस्वती की तस्वीर व पुस्तक की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। मौके पर श्रद्धालुओं ने उत्साह व श्रद्धा से भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। पूजा पंडालों को बेहतरीन ढंग से सजाया गया। नारदीगंज बाजार, ओड़ो, नारडीडीह, वलवा पर, गोतरायन ,भेलू बिगहा समेत अन्य गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाट्यमंचन भी आयोजित हुई। इस अवसर पर बच्चे काफी उत्साहित रहे।

### धूमधाम से छात्र-छात्राओं ने की मां सरस्वती की पूजा

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के जोगाचक गांव अवस्थित एनआइटीएन साइंस क्लासेज में शुक्रवार को सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। कोचिंग के निदेशक प्रमोद कुमार बर्णवाल ने बताया कि माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर शिक्षक अंकित सिंह, राजा कुमार, सन्टू कुमार आदि मौजूद रहे।

### सरस्वती मंदिर का शिलान्यास

कौआकोल। प्रखण्ड के भोरमबाग गांव में शुक्रवार को सरस्वती मंदिर निर्माण का शिलान्यास रखा गया। बापू युवा क्लब के अध्यक्ष व शिक्षक दिवाकर प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों के सौजन्य से मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को पंडाल निर्माण कर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। मौके पर विनय महतो, प्रवीण, राकेश, पिन्टू, महेंद्र, छोटेलाल कुमार, राधेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### संस्कार इंटरनेशनल कॉन्सेप्ट स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिले के कादिरगंज, शादीपुर हॉल्ट स्थित संस्कार इंटरनेशनल कॉन्सेप्ट स्कूल में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवादा एसडीओ अमित अनुराग एवं नवादा एसडीपीओ हुलास कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में एनुअल स्पोर्ट्स में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं स्कूल में प्रत्येक क्लास में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को तीन छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। स्कूल के फाउंडर बैद्यनाथ प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत एवं सभी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य बनमाला ने सभी छात्रों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने एवं देश का नाम रोशन करने की नसीहत दी ।स्कूल की उप प्राचार्य निशु भारती ने अंत में सभी अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर खेल में भाग लेने की सलाह दी। कार्यक्रम मैं बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपाल बोहरा अलखदेव प्रसाद, दिलीप पांडे, रितेश कुमार गुलशन कुमार, प्रहलाद कुमार, मनीष कुमार, बैंक प्रबंधक मुकेश कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार मुरारी, यशवंत सिन्हा भी मौजूद रहे।

### डॉ प्रेम कुमार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार शुक्रवार को नवादा दौरे पर रहे। विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वे पूर्व वार्ड पार्षद मनोज चंद्रवंशी के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी में नेताजी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हीं जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र देश में आजाद परिंदों की तरह जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान नवादा विधायक विभा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, पूर्व वार्ड पार्षद मनोज चंद्रवंशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रत्याशी रही बबीता सिंह, राजू यादव, कांग्रेस इंटक सेल के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नेताजी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### हत्या के विरोध में घण्टो सड़क जाम

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल थाना क्षेत्र के हाईस्कूल रोड से कपसिया जाने वाली नाटी नदी गांधीधाम पुल के पास गुरुवार की देर शाम एक युवक की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दिए जाने की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को घटना के विरोध में शव को सड़क पर रखकर घण्टो विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कौआकोल-रोह एवं कौआकोल-पकरीबरावां दोनों मुख्य मार्ग को जाम कर यातायात सेवा भी बाधित कर दिया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि गुरुवार की देर शाम आपसी विवाद को लेकर दो गुटों में हुए विवाद में जोगाचक गांव निवासी बिनोद यादव के 22 वर्षीय पुत्र अजित कुमार को बदमाशों ने गोली मार दिया। जबकि उसके छोटे भाई रोहित कुमार को भी बदमाशों ने मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना की सूचना के बाद स्थानीय लोगों एवं स्वजनों के द्वारा दोनों को कौआकोल पीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अजित को मृत घोषित कर दिया था।

### युवक की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल थाना क्षेत्र के नाटी नदी पर स्थित गांधीधाम पुल के पास गुरुवार की देर शाम गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दिए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना में मृत अजित कुमार के भाई व घायल प्रत्यक्षदर्शी रोहित कुमार के फर्दब्यान पर कौआकोल थाना कांड संख्या-48/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में सात लोगों सहित अज्ञात को आरोपित किया गया है।

# नवादा को मिली आधुनिक जांच सुविधा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने शुक्रवार को नवादा शहर के नाला रोड गोवा स्थित मेट्रोनिक्स डायग्नोस्टिक सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर केंद्र के संचालक व निदेशक दीपक कुमार ने उनका स्वागत किया और संस्थान की कार्ययोजना व सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। दीपक कुमार ने बताया कि मेट्रोनिक्स डायग्नोस्टिक सेंटर के माध्यम से पूरे जिले के 14 प्रखंडों में फ्रेंचाइजी विस्तार किया जाएगा, ताकि दूर-दराज़ के लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं सुलभ हो सकें। उन्होंने कहा कि यहां आधुनिक मशीनों के जरिए विभिन्न प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी और रिपोर्ट भी त्वरित रूप से प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक रविवार को मधुमेह, बीपी और शुगर जैसी बीमारियों की निशुल्क जांच की व्यवस्था की जाएगी, जिससे आमजन को समय रहते स्वास्थ्य जांच का लाभ मिल सके। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि यह खुशी की बात है कि नवादा में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। उन्होंने केंद्र संचालक से अपेक्षा जताई कि वे ऐसी जागरूकता पहल करें जिससे लोगों को जांच कराने या बीमार पड़ने की आवश्यकता ही न पड़े। उन्होंने लोगों से अपने खान-पान और रहन-सहन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि सूर्योदय से पहले उठना, नियमित समय पर सोना और प्रतिदिन शारीरिक श्रम करना स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने योग गुरु बाबा रामदेव के स्वस्थ भारत मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि लोग अनुशासित जीवनशैली अपनाएं तो बीमारियों की संभावना काफी हद तक कम हो सकती है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा लागू आयुष्मान भारत योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से गरीब और जरूरतमंद लोगों को इलाज में बड़ी राहत मिली है। बिहार सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर सुधार कर रही है। कार्यक्रम के दौरान नवादा विधानसभा की विधायक विभा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, स्थानीय वार्ड पार्षद, पूर्व वार्ड पार्षद मनोज चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डॉ प्रेम कुमार ने किया नाला रोड का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 में नवनिर्मित नाला रोड का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने किया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिमा देवी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है और हर गली-नाली को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में नाला रोड का निर्माण कराया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। हालांकि कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति पर विधानसभा अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक है। सड़क के उद्घाटन से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ पूर्व वार्ड पार्षद मनोज चंद्रवंशी भी मौजूद रहे।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया भगवान का तप कल्याणक महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की निर्वाण भूमि पावापुरी में विगत 21 जनवरी से शुरू पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को भगवान का तप कल्याणक महोत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकालीन बेला में जिनाभिषेक, महाशांतिधारा, नित्य पूजन व भगवान का जन्म कल्याणक पूजन के पश्चात विश्वशांति यज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दिगम्बर जैन श्रमण मुनि 108 श्री विशल्य सागर जी महाराज ने अपने उदबोधन में भगवान के तप कल्याणक की सविस्तार चर्चा की। मुनिश्री के सारगर्भित मंगल उदबोधन कर उपस्थित श्रद्धालु अभिभूत हुए। दोपहर



में बालक वर्द्धमान का युवराज्याभिषेक के पश्चात युवराज महावीर के तप कल्याणक क्रिया का मंचन एवं लोकांतिक देव स्तवन संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मुनिश्री के सानिध्य में आयोजित इस पांच दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन की विशेष बात ये रही कि मुनि संघ में सम्मिलित ब्रह्मचारी भैया अनीश जी को मुनिश्री ने जैनेश्वरी दीक्षा के तहत क्षुल्लक दीक्षा को मूर्तरूप प्रदान की। तत्पश्चात युवराज महावीर का दीक्षा संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ कराया गया। संध्याकालीन बेला में मंगल आरती व स्वाध्याय के पश्चात संगीतमय भक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन में क्षेत्र प्रबंधक अरूण कुमार जैन, कमल जैन, कुंडलपुर क्षेत्र प्रबंधक जगदीश जैन, वैशाली क्षेत्र प्रबंधक महेश कुमार जैन, राजगीर क्षेत्र प्रबंधक विजय कुमार जैन, संजीत जैन व रवि जैन अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। अनुष्ठान में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने बिंद मुख्य बाजार और संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। इस मार्च का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का संदेश देना और असामाजिक तत्वों को चेतावनी देना था। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों और पूजा समितियों से बातचीत कर उन्हें नियमों का पालन करने की हिदायत दी। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान डीजे और लाउडस्पीकर का उपयोग केवल निर्धारित मानकों के अनुसार ही होगा।

## श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई सरस्वती पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कैरियर पब्लिक स्कूल, रांची रोड, बिहारशरीफ एवं सीताशरण मेमोरियल स्कूल, भतहर के प्रांगण में मां सरस्वती की पूजा विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्तुति पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मंच से प्रस्तुत की गईं, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विद्यालय के निदेशक डॉ. संजय कुमार, प्राचार्य ई. संदीप कुमार एवं उपप्राचार्या अनुप्रिया भारती ने संयुक्त रूप से कहा कि सरस्वती पूजा माघ माह में मनाया जाने वाला उमंग और उत्साह का पर्व है, जो बसंत पंचमी के दिन वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक होता है। यह पर्व ज्ञान, बुद्धि, कला और विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों व अभिभावकों में काफी हर्षोल्लास देखने को मिला। विद्यालय प्राचार्य एवं उपप्राचार्या ने पूजा-अर्चना कर बच्चों के सर्वांगीण विकास, बुद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। बच्चों द्वारा निर्मित सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

## इतिहास संकलन समिति के उपाध्यक्ष बने डॉ रत्नेश अमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं शिक्षक संघ के सचिव डॉ रत्नेश अमन को इतिहास संकलन समिति, दक्षिण बिहार प्रांत का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इतिहास संकलन समिति अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना , नई दिल्ली के अंतर्गत इतिहास, संस्कृति और परंपरा के क्षेत्र में काम करने वाले विद्वानों का एक राष्ट्रव्यापी संगठन है, जिसका लक्ष्य तथ्य-आधारित, समग्र भारतीय इतिहास का लेखन और प्रकाशन करना है, जो क्षेत्रीय और ग्रामीण स्तर पर मौजूद प्रमाणों और लोक परंपराओं पर आधारित हो, ताकि एक सही और पूर्ण इतिहास को स्थापित किया जा सके। उपाध्यक्ष बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए डॉ रत्नेश अमन ने इतिहास संकलन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि हमारा जोर ऐसे इतिहास लेखन पर होगा जो प्रामाणिक और तथ्यपूर्ण हो एवं किसी भी तरह के पूर्वाग्रह से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि नालंदा एवं बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास की सही व्याख्या करके आम जनता के बीच पहुंचाने की जिम्मेवारी आज के युवा इतिहासकारों पर है इसलिए इस अभियान से अधिक से अधिक युवा इतिहासकारों को जोड़ने की जरूरत है। इतिहास लेखन के इस प्रतिष्ठित संगठन के उपाध्यक्ष




मनोनीत होने पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो सुनीता सिन्हा, पूर्व प्राचार्य डॉ राम कृष्ण परमहंस एवं प्रो आरपी कछवे, शिक्षक संघ की अध्यक्ष डॉ मंजू कुमारी, दर्शनशास्त्र के प्रो प्रभास कुमार, राजनीति विज्ञान के डॉ बिनीत लाल एवं डॉ श्रवण कुमार, गणित विभाग के डॉ उपेन मंडल, भूगोल की डॉ भावना एवं डॉ प्रीति सहित सभी शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नालंदा कॉलेज अलूमनी एसोसिएशन के सदस्यो ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ हुई मां सरस्वती की आराधना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा (नालंदा)।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा व अराधना नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित सभी शैक्षणिक संस्थानों में श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति की स्थापना के उपरांत पूजा अर्चना की।इस मौके पर छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर मां सरस्वती की पूजा पूरे भक्तिभाव से किया। पूजा के उपरांत अपने दोस्तों को अबीर गुलाल लगा कर गले मिल एक दूसरे को बधाई दी। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। हर कोई इस पूजा को लेकर काफी उत्साहित दिखे।सुबह से हीं पूजा अर्चना का दौर शुरु हुआ और देर शाम तक चलता रहा। प्रसाद वितरण भी देर शाम तक



होता रहा।भक्तिमय गीतों व वैदिक मंत्रोच्चारण से पुरा माहौल गुंजायमान रहा।इस दौरान छात्र-छात्राओं की टोली ने मां सरस्वती के चरणों में पाठय सामाग्रियों का अर्पण करते हुए भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। इस मौके पर कई विद्यालयों में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने अपने शानदार प्रस्तुति से लोगों को खूब मनोरंजन किया। उनके अभिभावक भी अपने बच्चों की प्रस्तुति पर खूब मजे लिए तथा उनका हौसला आफजाई को खूब तालियां बजाई। नगरनौसा बडीहा रोड़ बाजार स्थित सीनेट कोचिंग संस्थान में भी सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर नवतम कुमार, अंकित कुमार, निरंजन कुमार, अनुपम कुमार, रिजवान कुमार, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, कन्हैया कुमार, चंदन कुमार, बिक्की कुमार, स्वाति कुमारी,सोनाली कुमारी, नेहा कुमारी, राधन कुमारी, अंजू कुमारी उपस्थित थे।

## बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल में सरस्वती पूजा व सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** न्यू एरिया स्थित बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल परिसर में सरस्वती पूजा के सफल आयोजन के बाद एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े वृद्ध एवं अनुकरणीय व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के आयोजक विद्यालय के डायरेक्टर कौशलेंद्र नारायण सिंह उर्फ नमूना जी, प्राचार्य रीना ठाकुर, अधिवक्ता रोहित सिन्हा एवं अधिवक्ता अजीत कुमार रहे। मुख्य अतिथि के रूप में नवादा विधायक विभा देवी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी उपस्थित रहीं। विधायक विभा देवी ने सभी सम्मानित व्यक्तियों को अंग वस्त्र, माला तथा कॉपी-कलम भेंट कर सम्मानित



किया। सम्मानित किए गए व्यक्तियों में डॉ. विलास प्रसाद सिंह, उपेंद्र कुमार, डॉ. दुर्गेश कुमार, मंटू प्रसाद सिंह, रामसजीवन सिंह, रामशरण प्रसाद सिंह (कोषाध्यक्ष), दामोदर प्रसाद सिंह, सुनीलदेव प्रसाद सिंह, शिवदानी शर्मा, अवध किशोर प्रसाद, प्रमोद प्रसाद सिंह, कुलदीप कुमार, जोरू लाल, राणा विजय, नित्य चंद्र प्रसाद, अरुण प्रसाद यादव, अब्दुल रशीद अंसारी, प्रोफेसर प्रमिला प्रजापति, मांडवी कौशिक, संतोष भट्ट (अधिवक्ता), श्रवण बरनवाल , अमित कुमार सिन्हा (सेवानिवृत्त बैंक कर्मी), कमला देवी (पूर्व विधायक की पत्नी), डॉ. सावित्री शर्मा, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. नरेंद्र शर्मा, रजनी कुमारी सहित वरीय नागरिक संघ के दो दर्जन से अधिक गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर कौशलेंद्र नारायण सिंह उर्फ नमूना जी ने कहा कि विद्यालय परिवार का प्रयास है कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में भारतीय संस्कृति और सामाजिक संस्कारों का संरक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठ और प्रेरणादायी व्यक्तियों का सम्मान करना नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होता है।

## वसंत पंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिसुआ (नवादा)।** आदर्श सरस्वती नाटक कला परिषद, ओडो की स्थापना वर्ष 1968 में हुई थी और यह संस्था विगत कई दशकों से वसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर परिषद द्वारा तमाम ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं तथा विगत वर्षों की भांति तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। परिषद के आयोजकों ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दिनांक शुक्रवार को संध्या 8:30 बजे से संगीत नाटक “शिशुपाल बद्ध (हत्या)” से की जाएगी। इसके बाद शनिवार को नाटक “कफन की सौगंध” का मंचन होगा, जबकि रविवार को नाटक “ऑपरेशन सिंदूर” प्रस्तुत किया जाएगा। तीनों कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ अनुभवी रंगकर्मी भी अपनी प्रस्तुति देंगे।इस वित्तीय वर्ष में कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय मुद्रिका पासवान कर रहे हैं, सचिव के रूप में अनूप सिंह तथा संयोजक के रूप में राकेश कुमार मास्टर एवं डायरेक्टर कार्यक्रम का संचालन कर



रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि यह सांस्कृतिक परंपरा वर्ष 1968 से निरंतर चली आ रही है और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कला, संस्कृति और नाट्य परंपरा को जीवित रखना है।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से होगा रोगियों का इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** नगर क्षेत्र के मॉडर्न कोचिंग के सामने, तुलसी आहर गली नंबर–1, राजगीर रोड, हिसुआ में अरुणा जनरल हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। अस्पताल के शुभारंभ से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है, क्योंकि अब उन्हें विभिन्न रोगों के इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अरुणा जनरल हॉस्पिटल में गॉल ब्लाडर की पथरी, प्रोस्टेट, बवासीर, भगंदर, अपेंडिक्स, बच्चेदानी, हर्निया सहित अन्य गंभीर व सामान्य रोगों का इलाज



अनुभवी चिकित्सकों द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से सफलता पूर्वक किया जाएगा। अस्पताल में दूरबीन विधि (लेप्रोस्कोपिक) के साथ-साथ सभी प्रकार की ओपन सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों में डॉ. राहुल रंजन (एमबीबीएस, एमएस ऑर्थो) हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ, डॉ. गौरव कुमार (बीएएमएस) जेनरल फिजिशियन एवं एमओ. एसबीआई फाउंडेशन, डॉ. एस. के. सिंह (बीएएमएस, एमएस) गोल्ड मेडलिस्ट जनरल सर्जरी एवं पूर्व प्रोफेसर, डॉ. बिंदिया रानी (एमबीबीएस, आइजीआइएमएस पटना) स्त्री एवं प्रसव रोग विशेषज्ञ, डॉ. धीरज राज (एमबीबीएस) जेनरल फिजिशियन तथा डॉ. ब्यूटी कुमारी (बीएएमएस) स्त्री एवं प्रसव रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। यहां नॉर्मल डिलीवरी की विशेष सुविधा के साथ 24 घंटे इमरजेंसी सेवा भी प्रदान की जा रही है।

## उप विकास आयुक्त ने डीआरसीसी कार्यालय का किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने डीआरसीसी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरांत सभी पदाधिकारियों के साथ बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड/कुशल युवा कार्यक्रम/मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि उक्त तीनो योजनाओं में प्रगति असंतोषजनक है। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शत प्रतिशत लक्ष्य का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी पदाधिकारियों/कर्मियों का प्रखंडवार टीम गठित कर रोस्टरवार कैम्प का आयोजन करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कॉलेज/कोचिंग संस्थानों से सम्पर्क स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा आवेदन लेने का निर्देश दिया गया तथा योजनाओं के बारे मे जागरूक करने का भी निदेश दिया गया, ताकि स्टूडेंट्स को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया जा सके।

# दिल्ली घोषणापत्र 2026 अपनाने के साथ चुनाव प्रबंधन सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन 2026 का समापन नई दिल्ली के भारत मंडपम में दिल्ली घोषणापत्र 2026 को अपनाने के साथ हुआ। समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ 42 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुख, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ, निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी और सभी 36 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे। समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दिल्ली घोषणापत्र 2026 को पढ़कर सुनाया, जिसे सभी सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। निर्वाचन निकायों ने घोषणापत्र के पांच प्रमुख स्तंभों पर मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इनमें मतदाता सूची की शुद्धता, चुनावों का संचालन, अनुसंधान और प्रकाशन, प्रौद्योगिकी का उपयोग तथा प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण शामिल हैं। प्रतिभागियों ने अपनी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करने का भी संकल्प लिया और 3, 4 व 5 दिसंबर 2026 को भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में फिर से मिलने का प्रस्ताव रखा। सदस्य निकायों ने विश्व के लोकतंत्रों का विश्वकोश तैयार करने, इंटरनेशनल आइडिया और भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान के नेतृत्व में विभिन्न विषयों पर व्यापक रिपोर्ट जारी करने तथा ईसीआईनेट जैसे डिजिटल मंच के सह-विकास पर भी सहमति जताई।मुख्य भाषण में ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतरराष्ट्रीय चुनावी मानकों पर चर्चा को नई दिशा दी है। उन्होंने सम्मेलन के दौरान हुई 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे आपसी सहयोग और सामूहिक प्राथमिकताओं की समझ बढ़ी है। चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि एक-दूसरे से सीखने की इच्छा और आपसी सम्मान वैश्विक चुनावी समुदाय की परिपक्वता और व्यावसायिकता को दर्शाता है। वहीं विवेक जोशी ने कहा कि ईसीआईनेट की शुरुआत भारतीय तकनीकी प्रगति के लिए एक मील का पत्थर है, जो तकनीक के प्रति निर्वाचन आयोग के संतुलित दृष्टिकोण को दिखाता है, जहां तकनीक भरोसे को मजबूत करती है, उसे प्रतिस्थापित नहीं।आयोजकों के अनुसार यह तीन दिवसीय सम्मेलन अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन रहा। उद्घाटन समारोह में 42 देशों के प्रतिनिधियों और 27 देशों के मिशन प्रमुखों सहित लगभग एक हजार लोगों ने भाग लिया। ईएमबी लीडर्स प्लेनरी में विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों और राजदूतों ने लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन पर उच्च स्तरीय चर्चा की। सम्मेलन के दूसरे दिन ईसीआईनेट को लॉन्च किया गया, जिसे चुनाव संबंधी सभी सूचनाओं और सेवाओं के लिए निर्वाचन आयोग का एकीकृत डिजिटल मंच बताया गया। सम्मेलन के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के नेतृत्व में 36 विषयगत समूहों ने शैक्षणिक संस्थानों और विशेषज्ञों के साथ मिलकर वैश्विक चुनावी मानकों, सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

## छह मजदूरों के शव पहुंचते ही परिजनों-पड़ोसियों की चीत्कार से पूरा गांव गमगीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** छत्तीसगढ़ के स्टील प्लांट में धमाका होने से जान गंवाने वाले छह मजदूरों के शव शुक्रवार की शाम एक साथ डुमरिया के गोटीबांध पहुंचते ही परिजनों-पड़ोसियों की चीत्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया। मृतकों की एक झलक पाने के लिए आसपास के गांवों से भी जनसैलाब उमड़ पड़ा। शाम करीब पौने चार बजे छत्तीसगढ़ सरकार से उपलब्ध कराई गई दो एंबुलेंस से छह मजदूरों के शव गोटीबांध लाए गए। सबसे पहले तीन शवों को लेकर पहुंची एंबुलेंस में बदरी भुइयां का शव निकाला गया, फिर बारी-बारी से जितेंद्र भुइयां और श्रवण का शव उतारा गया। तीनों मजदूरों के घर एक जगह पर हैं। दूसरी एंबुलेंस में विनय मांझी, सुंदर भुइयां और उसके पुत्र राजदेव भुइयां के शव लाए गए। शव लाने के लिए गुरु वार की शाम गांव से कई लोग छत्तीसगढ़ गए थे। बदरी भुइयां की पत्नी पार्वती देवी ने बताया कि लिखा-पढ़ी के बाद सुबह 10 बजे शवों को लेकर दोनों एंबुलेंस गोटीबांध के लिए चली थीं। गढ़वा-छतरपुर के रास्ते छत्तीसगढ़ से शवों को यहां लाया गया। छत्तीसगंढ़ के स्टील प्लांट में धमाका होने से छह मजदूरों की हुई थी मौत गुरुगुवार की सुबह छत्तीसगढ़ की लोहा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से एक ही गांव (गोटीबांध) के छह मजदूरों की मौत हो गई थी। इस हादसे में पांच मजदूर घायल भी हुए हैं।

## पराक्रम दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के ओजस्वी उद्घोष से राष्ट्र को जागृत करने वाले आजाद हिंद फौज के संस्थापक और महान क्रांतिकारी नेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर विधानसभा कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया और नेताजी के त्याग, साहस व राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का संपूर्ण जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान भारत के इतिहास में सदैव अमिट रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य राजनंदन प्रसाद गांधी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमर शेखर, महामंत्री सागर सचदेवा, विवेक चंद्रवंशी, गोपाल चंद्रवंशी, शिवा मांझी, मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, महामंत्री गौतम गोस्वामी, चंदन रजक, राम लखन तूरी, दीनानाथ प्रसाद, कुणाल कुमार, विनय शर्मा, भोला वर्मा, संतोष सिंह, चंदन कुशवाहा, अमित कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नेताजी के विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के संकल्प के साथ किया गया।

## उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध की प्रखंड इकाई गुरारु की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को इसमाइलपुर स्थित बी0 पी0 एस0 कोचिंग सेंटर के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के साथी गिरिजेश यादव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर को तन मन धन एवं जनसहयोग से पूरी मजबूती के साथ सफल बनाया जाएगा। इस निर्णय के आलोक में चंदा संग्रह तथा प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले साथियों की सूची तैयार करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

इसके अलावा बैठक में सदस्यता अभियान तथा प्रखंड सम्मेलन के आयोजन को लेकर भी निर्णय लिया गया। तय किया गया कि प्रखंड सम्मेलन की तिथि फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में निर्धारित की जाएगी। बैठक में मोर्चा के सचिव साथी बालेश्वर प्रसाद सहित साथी श्याम सुंदर यादव, सीताराम कुमार, सिकंदर पासवान, सुखींद्र कुमार, राम विजय यादव, आनंद कुमार, मुन्ना प्रसाद एवं दिनेश यादव उपस्थित रहे।

## भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिल्प अनुसंधान संस्थान का किया भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना में भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 2025 बैच के पांच प्रशिक्षु अधिकारियों ने शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य बिहार की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा, कला-संस्कृति तथा कारीगरों के कौशल से परिचित होना रहा। इस अवसर पर संस्थान के उप विकास पदाधिकारी सत्यानंद शर्मा ने अतिथि अधिकारियों का स्वागत किया और संस्थान की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पारंपरिक शिल्पों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने संस्थान परिसर स्थित उमसास संग्रहालय का अवलोकन किया जहां बिहार की कला, शिल्प और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रूप में प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने पटना हाट का भ्रमण कर वहां प्रदर्शित एवं विक्रय हेतु उपलब्ध पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों को देखा और स्थानीय कारीगरों की रचनात्मकता व कौशल की सराहना की। प्रशिक्षु अधिकारियों ने मधुबनी पेंटिंग, मंजूषा कला, टिकुली कला, ब्लॉक प्रिंट, बेनु शिल्प सहित बिहार के अन्य पारंपरिक हस्तशिल्पों को नजदीक से देखा तथा उनकी बारीकियों और तकनीकी विशेषताओं को समझा। अधिकारियों ने संस्थान द्वारा बिहार की कला एवं सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान भारतीय शिल्प परंपरा को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह भ्रमण भारतीय शिल्प, संस्कृति और कारीगरों के कौशल को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

## बसंत पंचमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और संस्कारों का उत्सव : डॉ. मनीष पंकज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बसंत पंचमी के अवसर पर गुलनार महिला सिलाई सेंटर में जाकर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर विधिवत माला-पुष्प अर्पित कर पूजा-पाठ किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। नेताओं ने मां सरस्वती से देश, समाज और विशेष रूप से युवाओं के जीवन में ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि का प्रकाश फैलाने की कामना की। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बसंत पंचमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह ज्ञान, संस्कृति और संस्कारों का उत्सव है। मां सरस्वती का आशीर्वाद व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देता है और उसे अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज तेजी से बदल रहा है, तब शिक्षा और संस्कार की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। मां सरस्वती की कृपा से ही व्यक्ति में विवेक, संयम और सृजनात्मकता का विकास होता है। विद्यार्थी जीवन में यह पर्व विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह सीखने, आगे बढ़ने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में गुलनार के संस्थापक सदस्य नीरज कुमार, भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, राणा रणजीत सिंह, विजय गुप्ता उर्फ काला नाग सहित अन्य मौजूद रहे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कोंच के पोखरा स्थित सूर्य मंदिर के समीप अखिल भारतीय फॉरवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेताजी के अदम्य साहस, देशभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र आजाद ने की जबकि संचालन बालकुमार यादव ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने नेताजी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। वक्ताओं ने नेताजी के ऐतिहासिक आह्वान 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' को याद करते हुए बताया कि किस प्रकार उनके विचारों और साहस ने लाखों युवाओं को आजादी की लड़ाई में कूदने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में फॉरवर्ड ब्लॉक के स्थानीय कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने नेताजी के आदर्शों पर चलने और देश की सेवा में समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान 'जय हिंद' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा जिससे देशभक्ति का माहौल बन गया। इस अवसर पर यह भाव स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन, संघर्ष और विचारधारा आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है।

## श्रद्धालु कांवर यात्रा पर प्रयागराज रवाना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मां तारा देवी का आशीर्वाद लेकर बलियारी निवासी राम दुलार यादव, अलीपुर निवासी गोपाल शर्मा एवं मखदुमपुर निवासी सतेन्द्र शर्मा प्रयागराज के लिए रवाना हुए। तीनों श्रद्धालु प्रयागराज स्थित संगम से पवित्र जल लेकर वहां से पैदल लगभग 600 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करते हुए भगवान शिव की नगरी देवघर पहुंचेंगे जहां वे संगम जल से महादेव का जलाभिषेक करेंगे। उल्लेखनीय है कि तीनों श्रद्धालुओं की यह तीसरी कांवड़ यात्रा है। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर, कांग्रेस नेता नागेंद्र सिंह एवं मुस्तफा आलम उपस्थित रहे। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि धार्मिक यात्राओं से समाज में नैतिकता और संस्कारों का विकास होता है। संस्कारों के पतन के कारण ही आज समाज में बेटियों के विरुद्ध जघन्य अपराध बढ़ रहे हैं। नगेन्द्र सिंह ने श्रद्धालुओं को सुखद, सुरक्षित और सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी गुलनी गांव की नवनिर्मित सड़क, निर्माण के चंद दिनों में उभरे दर्जनों गड्ढे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड अंतर्गत दुबा पंचायत के गुलनी गांव से आइला को जोड़ने वाली नव-निर्मित सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सड़क निर्माण पूरा होते ही उस पर जगह-जगह दर्जनों गड्ढे उभर आए हैं जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए संबंधित ठेकेदार और विभागीय इंजीनियर पर मनमानी तरीके से कार्य कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के साथ-साथ पुल-पुलिया निर्माण में भी भारी भ्रष्टाचार किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिया निर्माण में टूटे हुए होम पाइप को ही लगाकर उसे ढक दिया गया है जिससे भारी वाहनों के आवागमन के दौरान कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो ठेकेदार और इंजीनियर द्वारा उन्हें भ्रमित कर सुधार का आश्वासन दिया गया, लेकिन इसके बावजूद अनियमितताएं जारी रहीं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य समाप्त होने के महज दो-चार दिनों के भीतर ही सड़क की हालत बद से बदतर हो गई और जगह-जगह गड्ढे दिखाई देने लगे। इससे ग्रामीणों में रोष बढ़ गया है। नाराज ग्रामीणों ने ठेकेदार और इंजीनियर पर खुलेआम भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बौद्ध महोत्सव 2026 में मगध विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने की प्रस्तुति

### विद्यार्थियों की प्रतिभा को बढ़ाने के लिए किया जाएगा प्रयास : प्रो. शशि प्रताप शाही

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सौरभ कुमार को 22 से 24 जनवरी 2026 तक आयोजित दी बौद्ध महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस क्रम में सौरभ कुमार ने 23 जनवरी को अपने साथी विद्यार्थियों आशीष शंकर, ईशान, हर्ष प्रखर एवं अन्य के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर 'बिहारी सुर छेड़े' गीत प्रस्तुत किया। इस गीत के बोल आशीष शंकर ने लिखे हैं जबकि इसकी धुन सभी कलाकारों ने मिलकर तैयार की है। सभी कलाकार मगध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं और विश्वविद्यालय के कलात्मक एवं रचनात्मक मंच संस्कार सृजन के सांस्कृतिक समूह से जुड़े हुए हैं। इन विद्यार्थियों ने इससे पहले भी संस्कार सृजन के माध्यम से आयोजित कई प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। संस्कार सृजन की समन्वयक डॉ. मीनाक्षी, सह-समन्वयक डॉ. ममता मेहरा, कोषाध्यक्ष कविता कुमारी सहित अन्य सदस्यों–डॉ. एकता वर्मा, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. वंदना, पूनम सिंह, डॉ. श्वेता गोयल, राकेश कुमार, डॉ. दीपशिखा पांडेय, डॉ. अंकुराभ सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. जियाउल्लाह, डॉ. जन्मेजय सिंह एवं डॉ. सचिन मंदिलवार ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय संस्कार सृजन जैसे मंचों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करता रहेगा।

## गया इंजीनियरिंग कॉलेज के पास लूटपाट

**गया (नबिटा सं.)।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के गया इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप बेखौफ अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया। हथियारबंद बदमाशों ने पहले एक ऑटो में सवार यात्रियों को निशाना बनाया और मारपीट कर उनसे नकदी व सामान लूट लिए। फिर उसी स्थान से गुजर रहे एक ट्रक के चालक को रोककर उसके साथ भी लूटपाट की गई।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 21.01.2026; मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह, पूर्व रेलवे, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कमरा सं. 44, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: टीएन-177-25-26; कार्य का नाम: मंडल अभियंता (एचक्यू)/सियालदह के अधीन सहायक अभियंता/बालीगंज के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे)/बेलियाघाटा के अधीन रेलों, फीटिंगों, एफएसटीओ स्लीपरों, टीटीआर के सामयिक नवीनीकरण, डीपी स्क्रीनिंग, पैकिंग, एसकेवी वेल्डिंग, रेल पेंटिंग तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों द्वारा बालीगंज यार्ड तथा बजबज नए एवं पुराने यार्ड का सुधार। निविदा मूल्य: रु. 90,34,040.29; ईएमडी: रु. 1,80,700; कार्य समापन अवधि: 12 (बारह) महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 18.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 18.02.2026 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध की सामान्य शर्तें 2022 के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। (SDAH-365/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: एसजीडब्ल्यू.272-252-टी-62बी, दिनांक 21.01.2026, मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समतुल्य प्रकृति के कार्य का समुचित अनुभव तथा संतोषजनक न्यूनतम पात्रता के मानदंड रखने वाले अनुभवी एवं स्थापित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नाम: डेपुटी सीएसटीई/डब्ल्यू/हावड़ा तथा डेपुटी सीएसटीई/डब्ल्यू/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अधीन परियोजना पर्यवेक्षण सेवाओं (पीएसएस) की नियुक्ति। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 3,90,35,981.76; बयाना राशि: रु. 3,45,200; कार्य पूरा करने की अवधि: 24 (चौबीस) महीने। प्रस्ताव की वैधता: निविदा खुलने की तारीख से 120 दिन। निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम (बंद होने की) तारीख एवं समय: 26.02.2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक। खुलने की तारीख एवं समय: 26.02.2026 को अपराह्न 03.30 बजे। वेबसाइट का पता, निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने का समय तथा तारीख: भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर दिनांक 21.01.2026 से। वेबसाइट जहां निविदा बोली जमा की जा सकती है: 1. बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। 2. ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाताओं को भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी www.ireps.gov.in पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, आवश्यकता पड़ने पर, सिर्फ इस वेबसाइट पर जारी की जाएगी। 3. बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। 4. इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। 5. रेलवे बोर्ड पत्रांक 2017/ट्रांस/01/पॉलिसी/पीटी-एस दिनांक 28.03.2018 के अनुसार कार्य अनुबंध (रु. 50.00 करोड़ अथवा अधिक) के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिवर्स ऑक्शन (ई-आरए) लागू है। (CON-64/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सरस्वती पूजा एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** रामेश्वर प्रसाद प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में बसंत पंचमी, सरस्वती पूजा एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने बच्चों और शिक्षक को संबोधित करते हुए कहा यह पूजा एक पूजा नहीं है बल्कि एक अच्छे इंसान शिक्षा के प्रति समर्पण का उद्देश्य छुपा है आज उनकी प्रतिमा के सामने आप शपथ लें कि मैं एक अच्छा इंसान बनूंगा, अच्छा विद्यार्थी बनूंगा और अच्छे समाज का निर्माण करूंगा यही से बसंत बहार की शुरुआत होती है। इस बसंत पंचमी की आप सबों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं वहीं दूसरी ओर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूत सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाते हुए मुझे यह कहना पड़ रहा है कि वह क्रांतिकारी थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया अपनी कुर्बानी दी। ऐसे वीर सपूतों के नक्शे कदम पर चलकर हम घर परिवार समाज का देश का कल्याण कर राष्ट्रवादी व्यक्ति बने देश के लिए समर्पित भाव से काम करें। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक चंद्रमणि प्रसाद, स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा विषय के तेज तर्रार शिक्षक दिवाकर कुमार, विज्ञान शिक्षक सुनील कुमार, सामाजिक विज्ञान के शिक्षक तरुण कुमार, कन्हाई कुमार, आनंद कुमार और राजेश कुमार ने इस दोनों कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

## एससी/एसटी एक्ट का मामला दर्ज, दो नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला शुक्रवार को दर्ज हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि वादी रेशमी देवी, पति विकास दास, ग्राम खवासपुर ने थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि वह लकड़ी लाने के लिए घर से लगभग एक किलोमीटर दूर गई हुई थीं। इसी दौरान गांव के ही खूबलाल यादव और रामाश्रय यादव वहां पहुंचे और पूर्व के आंती थाना कांड संख्या 35/24 को लेकर गाली-गलौज करने लगे। वादिनी द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। मामले को गंभीरता से लेते हुए आंती थाना कांड संख्या 08/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

संपादकीय

# ट्रंप का 'पीस प्लान' और भारत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में शांति के लिए जो पीस प्लान दिया है, उसका शुरू में भारत समेत कई देशों ने स्वागत किया था, लेकिन जब विस्तार से पूरा प्लान सामने आया है, उससे लगता है कि यह पीस प्लान कम ट्रंप की आर्थिक कूटनीति ज्यादा है। यह पीस प्लान लागू करने के लिए ट्रंप ने एक 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान करते हुए दुनिया के करीब 50 देशों को इसमें शामिल होने का ऑफर दिया है, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हैं। भारत को इस बोर्ड में बहुत सोच समझकर शामिल होना चाहिए, क्योंकि इस प्लान के पीछे इरादे बहुत नेक नहीं लगते। अमेरिका के भारत में राजदूत सर्जियो गोर के मुताबिक ये मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ग़ज़ा के बोर्ड ऑफ़ पीस में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित कर रहा हूँ। बोर्ड गाजा में स्थायी शांति के लिए, स्थायित्व और ख़ुशहाली के लिए वहाँ एक असरदार प्रशासन को सहयोग करेगा। दिलचस्प बात यह है कि इस बोर्ड में शामिल होने के लिए पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों को न्यौता गया है। पीस ऑफ बोर्ड एक तकनीकी विशेषज्ञों की कमेटी के काम की निगरानी करेगा, जिसे ग़ाज़ा के अस्थायी शासन और उसके पुनर्निर्माण की ज़िम्मेदारी दी गई है। लेकिन इस बोर्ड ऑफ पीस में अगर कोई देश शामिल होना चाहता है तो उसे मोटी रकम देनी होगी। यानी बोर्ड के गठन के शुरुआती तीन सालों के बाद भी अगर कोई देश इसमें बने रहना चाहता है, तो उसे एक अरब डॉलर यानी क़रीब नौ हज़ार करोड़ रुपए ख़र्च करने पड़ेंगे। खास बात यह है कि शुरू में तो ट्रंप के इस पीस ऑफ बोर्ड से खुद इजराइल ही खुश नहीं था, लेकिन अब कहा जा रहा है कि वह इस प्लान का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो गया है। इजराइल की आपत्ति मुख्य रूप से इस प्लान में तुर्की और कतर को शामिल करने को लेकर रही है। लेकिन लगता है कि नेतन्याहू पर ट्रंप का दबाव काम कर गया है। वैसे ट्रंप के इस पीस प्लान को संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के विकल्प के रूप में भी देखा जा रहा है, जिसको लेकर ज्यादातर देश सशंकित हैं। क्योंकि इससे संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता भी खत्म हो सकती है। एक और अहम बात यह है कि ट्रंप इस बोर्ड के आजीवन अध्यक्ष रहेंगे और उन्हीं के पास वीटो पावर भी होगा। यह भी माना जा रहा है कि यह बोर्ड ऑफ पीस न केवल गाजा बल्कि दुनिया में चल रहे विभिन्न संघर्षों को खत्म कर शांति स्थापित करने की पहल है, लेकिन इसके पीछे कितना सात्विक सोच है और कितनी चालबाजी है, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा। इस बीच अमेरिका का कहना है कि पीस प्लान के इस संस्थापक कार्यकारी बोर्ड का हर सदस्य एक ऐसे विभाग का ज़िम्मा संभालेगा, जो 'ग़ाज़ा को स्थिर करने के लिए बेहद अहम' होगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कौन किस प्राथमिकता की ज़िम्मेदारी संभालेगा? फिलहाल इस बोर्ड में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सर टोनी ब्लेयर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, अमेरिका के मध्य पूर्व के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़, ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर, अमेरिकी अरबपति मार्क रोवन तथा विश्व बैंक के अध्यक्ष विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा तथा अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट गैब्रियल को शामिल किया गया है। जहां तक भारत की बात है तो संभव है कि वह बोर्ड की तीन साल की अस्थायी सदस्यता स्वीकार कर ले। लेकिन 1 अरब डॉलर देकर स्थायी सदस्यता वह शायद ही ले।

# लगातार बड़ी होती बेघरों की दुनिया

**दुनिया में बेघर लोगों पर रिपोर्ट जारी करने वाली ओईसीडी का कहना है कि सबसे ज्यादा बेघर लोगों वाले देशों की लिस्ट में पाकिस्तान पहले नंबर पर है। वहां करीब 80 लाख से ज्यादा लोग बिना घर के सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। लिस्ट में सीरिया 53 लाख बेघर लोगों के साथ दूसरे नंबर पर है, जबकि बांग्लादेश 50 लाख बेघर लोगों के साथ तीसरे नंबर पर है। चीन 25.79 लाख बेघर लोगों के साथ 9वें स्थान पर है। वहीं 25 लाख बेघर लोगों के साथ नेपाल 10वें स्थान पर है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों का भी इस लिस्ट में होना यह दिखाता है कि आवास की समस्या एक वैश्विक चुनौती है। वहीं भारत की आबादी 140 करोड़ से ज्यादा होने के बावजूद बेघर लोगों की संख्या 17.70 लाख तक ही सीमित है।**

**अमित बैजनाथ गर्ग**

रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान में 80 लाख लोगों के बेघर होने की मुख्य वजह देश की आर्थिक अस्थिरता है। पिछले कुछ सालों से पाकिस्तान गंभीर महंगाई और आर्थिक मंदी से जूझ रहा है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही भयानक बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं ने हजारों घर तबाह कर दिए हैं। राजनीतिक अस्थिरता और आवास योजनाओं की कमी के कारण वहां के आम लोगों को छत मुहैया कराना नामुमकिन सा होता जा रहा है। पाकिस्तान में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी भी वहां के लोगों के विकास में बाधा बन रही है। वहां भुखमरी और महंगाई भी चरम पर है, जिसके चलते आम लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है। पाकिस्तान में हालात दुनिया के मुकाबले बहुत विकट हैं, क्योंकि वहां हर तरह की अस्थिरता लोगों की तकलीफों में लगातार इजाफा कर रही है।

अगर भारत की बात करें तो रिपोर्ट कहती है कि 17.70 लाख बेघर लोगों के साथ भारत दुनिया में 13वें स्थान पर है। देश में बेघर लोगों की संख्या कम होने की वजह पीएम आवास योजना का अहम योगदान है। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत करोड़ों परिवारों को अपना घर बनाने में मदद की जा रही है। इससे बेघर लोगों की संख्या में काफी कमी आई है। इसके अलावा भारत की स्थिर आर्थिक ग्रोथ ने लोगों की खरीदने की क्षमता बढ़ाई है, जिससे उन्हें छोटे-मोटे घर खरीदने में आसानी हुई है। वहीं शहरीकरण और रोजगार बढ़ रहे हैं। बढ़ते शहरीकरण के बावजूद ग्रामीण इलाकों में रोजगार गारंटी जैसी योजनाएं लोगों के पलायन को रोक रही हैं और उन्हें अपने ही गांव में घर बनाए रखने में मदद कर रही हैं। साथ ही मजबूत संयुक्त और पारंपरिक परिवार व्यवस्था भी आर्थिक मुश्किलों के समय लोगों को सहारा दे रही है। वहीं केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने राज्यसभा में बताया था कि देश में 17.73 लाख लोग बेघर हैं, जिनमें से 9.38 लाख शहरी क्षेत्रों में और 8.34 लाख ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। राज्यों की बात की जाए तो उत्तर प्रदेश में शहरी क्षेत्र में 1.80 लाख लोग बेघर हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 1.11 लाख, पश्चिम बंगाल में



1.04 लाख और गुजरात में 84,822 लोग शहरी क्षेत्रों में बेघर हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश में 1.48 लाख लोग, राजस्थान में 1.08 लाख लोग, महाराष्ट्र में 99,535 लोग और आंध्र प्रदेश में 69,354 लोग बेघर हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की बात की जाए तो उत्तर प्रदेश में बेघर लोगों की संख्या 3.29 लाख है। इसके बाद महाराष्ट्र में 2.10 लाख, राजस्थान में 1.81 लाख, पश्चिम बंगाल में 1.34 लाख, मध्य प्रदेश में 1.46 लाख, आंध्र प्रदेश में 1.45 लाख और गुजरात में 1.44 लाख लोग बेघर हैं।

अगर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो 2001 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में 24,966 लोग बेघर थे। वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में 46,724 लोग बेघर थे। बेघर लोगों के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों का दावा है कि दिल्ली में करीब 1.50 लाख से ज्यादा लोग बेघर हैं। इन संगठनों का कहना है कि दिल्ली की तमाम सड़कों, मोहल्लों, फ्लाईओवरों, गुरुद्वारों, बाजारों, रेलवे की खाली पड़ी जमीनों और पार्क-मैदानों में लाखों बेघर लोग रह रहे हैं। इनका दावा है कि दिल्ली का आंकड़ा और भी ज्यादा है, क्योंकि दिल्ली की बेघर आबादी के कई हिस्सों को नहीं गिना जा सका है। मसलन, दिल्ली के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों जैसे पुरानी दिल्ली में देर रात तक काम करने वाले बेघर व्यक्तियों की एक बड़ी संख्या की गिनती नहीं की जा सकती है।

भारत सहित दुनिया भर में बेघर लोग सड़कों पर, फ्लाईओवर के नीचे या फिर झुग्गियों में अपने दिन बिता रहे हैं। असल में बेघर लोग समाज के सबसे कमजोर वर्ग में से हैं, जिन्हें लगातार कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह एक गंभीर सामाजिक और मानवीय समस्या बनती जा रही है। बेघर लोगों की स्थिति अत्यंत दयनीय और असुरक्षित होती है, जहां उन्हें भोजन, आश्रय, स्वास्थ्य सेवा और सुरक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिससे वे हिंसा, बीमारी (शारीरिक और मानसिक), कुपोषण और अत्यधिक मौसम के संपर्क में रहते हैं और अक्सर सामाजिक कलंक, शोषण और मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना करते हैं। किफायती आवास की कमी, गरीबी और नौकरी छूटना मुख्य कारण हैं। कोविड जैसी घटनाओं ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है।

बेघर लोगों को हृदय रोग, श्वसन संक्रमण और संक्रामक रोगों का खतरा अधिक होता है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य और आघात की समस्याएं आम हैं। उनकी स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मुश्किल होती है। सड़क पर रहने वाले लोग हिंसा, यौन शोषण और चोरी के शिकार होने की अधिक संभावना रखते हैं। महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं। उन्हें निश्चित और सुरक्षित जगह नहीं मिलती, जिससे वे अत्यधिक ठंड या गर्मी जैसी मौसम की मार झेलते हैं और पानी-स्वच्छता का अभाव होता है। वे अक्सर गरीब, हाशिए पर होते हैं और उन्हें पहचान पत्र या अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता, जिससे वे गरीबी के दुष्चक्र में फंस जाते हैं। बेघर होना पर्याप्त आवास के मानवाधिकार का उल्लंघन है और राज्य की सहायता न कर पाने की विफलता को अमानवीय व्यवहार माना जा सकता है।

बेघर लोगों की मदद करने के लिए सबसे पहले तो सरकारों को आगे आना होगा। उन्हें बेघरों को घर बनाकर देने होंगे। किफायती आवास का निर्माण और संरक्षण बेघर होने की समस्या को रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। अधिक आवास इकाइयों का निर्माण आवश्यक है और वर्तमान आवास कम आय वाले परिवारों के लिए सुलभ बने रहने चाहिए। इसके साथ ही आम लोग भी बेघरों की मदद कर सकते हैं। बेघर लोगों को भोजन, कपड़े और स्वच्छता किट देना, आश्रयों में दान या स्वयं सेवा करना और बेघरपन से जुड़े प्रणालीगत मुद्दों के समाधान के लिए वकालत करना शामिल है। साथ ही उन्हें नकदी या उपहार कार्ड देना, ताकि वे अपनी जरूरतें खुद चुन सकें। इसके अलावा स्थानीय सरकारी योजनाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित करनी होगी। बेघर लोगों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें और दूसरों को शिक्षित करें कि समस्या को कैसे हल किया जा सकता है।

वहीं स्थानीय बेघर आश्रयों या सहायता समूहों को पैसे, कपड़े या अन्य आवश्यक सामान दान करें। आश्रयों में रसोई में मदद करें, रखरखाव करें या प्रशासनिक कार्यों में हाथ बटाएं। अपने स्थानीय प्रतिनिधियों से संपर्क करें और बेघरपन को खत्म करने के लिए प्रणालीगत बदलावों का समर्थन करें। संभव हो तो अपने पुनर्चक्रण योग्य सामान उन लोगों को दें, जो आय के लिए उन पर निर्भर करते हैं। उनके साथ अच्छा व्यवहार करें। उनकी जरूरतों को समझने की कोशिश करें, क्योंकि हर व्यक्ति की जरूरतें अलग हो सकती हैं। वहीं स्थानीय सरकारी रैन बसेरों और योजनाओं के बारे में जानकारी रखें और जरूरतमंदों को बताएं। इस तरह हम छोटी व सामान्य मदद करके बेघर लोगों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। हमारा छोटा सा सहयोग उनकी बड़ी जरूरतों को पूरा कर सकता है और हमें यह सहयोग करना ही चाहिए।

अध्यात्म

## ज्यादा अच्छा पाने के लालच में वर्तमान के अवसर नहीं छोड़ना चाहिए

एक प्रचलित कथा के अनुसार पुराने समय में व्यक्ति को जीवन में लगातार असफलताएं मिल रही थीं। वह दुखी था। मानसिक तनाव की वजह से उसका मन अशांत हो गया था। वह कम मेहनत में ज्यादा बड़ा लाभ पाना चाहता था। एक दिन उसके क्षेत्र में प्रसिद्ध संत आए। संत के पास गांव के लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे थे। वह दुखी व्यक्ति भी संत के पास गया। व्यक्ति ने संत से कहा कि गुरुदेव मैं कम समय में सबसे आगे पहुंचना चाहता हूं, मैं नीचे शुरू नहीं करना चाहता, मुझे कोई ऐसा मार्ग बताएं जिससे मैं जल्दी ही मेरे लक्ष्य तक पहुंच सकूं। व्यक्ति की बात सुनकर संत ने कहा कि ठीक है मैं तुम्हें मार्ग बता दूंगा, लेकिन इससे पहले तुम्हें मेरा एक काम करना होगा। व्यक्ति ने कहा कि ठीक है, बताइए मुझे क्या करना है? संत बोले कि मेरे बाग में से सबसे सुंदर फूल तोड़कर ले आओ, लेकिन ध्यान रखना एक बार आगे निकल जाओ तो पीछे पलट कर फूल नहीं तोड़ना है। व्यक्ति संत की आज्ञा का पालन करने के लिए तैयार हो गया। उसने कहा कि मैं अभी फूल ले आता हूं, ये तो छोटा सा काम है। वह व्यक्ति संत के बाग में गया तो उसे पहला ही फूल बहुत सुंदर लगा, लेकिन उसने सोचा कि आगे इससे भी सुंदर फूल मिलेंगे। लड़का आगे बढ़ने लगा। उसे बाग में एक से बढ़कर एक सुंदर फूल दिख रहे थे, लेकिन वह सबसे अच्छा फूल देखने के लिए आगे बढ़ता रहा। जब वह बाग के अंत में पहुंचा तो वहां सिर्फ मुरझाए हुए और बेजान फूल थे। ये देखकर व्यक्ति निराश हो गया। संत की शर्त के अनुसार पर पीछे पलट नहीं सकता था, उसने मुरझाए फूल नहीं तोड़े और खाली हाथ ही संत के पास पहुंच गया।संत ने व्यक्ति से पूछा कि तुम फूल लेकर नहीं आए? व्यक्ति ने जवाब दिया कि महाराज में बाग में फूल तो बहुत अच्छे-अच्छे थे, लेकिन मैं सबसे सुंदर फूल लेकर आना चाहता था। इसीलिए अच्छे फूलों को छोड़कर आगे बढ़ता रहा। बाग के अंत में तो सभी फूल मुरझाए हुए थे, इस वजह से मैं खाली हाथ आ गया। संत ने उसे समझाते हुए कहा कि हमारे जीवन में भी ऐसा ही होता है। इसीलिए जैसे ही कोई अच्छा अवसर मिले, उसका उपयोग कर लेना चाहिए। ज्यादा अच्छे अवसर के चक्कर में हाथ आए अवसर को नहीं छोड़ना चाहिए। वरना अंत में खाली हाथ लौटना पड़ता है। किसी भी काम में सफलता के लिए मेहनत तो करनी ही पड़ती है। कम समय में ज्यादा सफलता पाने का मोह में कई बार हम अच्छे अवसर छोड़ देते हैं और बाद में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# ग्रीन लैंड का सपना ट्रम्प का बाल हठ या राज हठ

**ट्रम्प की मौजूदा सनक की वजह ग्रीनलैंड है जो सैन्य रणनीतिक लिहाज से बेहद खास है। यह उत्तर अमेरिका और यूरोप के मध्य अटलांटिक महासागर के बीचों-बीच होने से मिड-अटलांटिक क्षेत्र में है। यहां से यूरोप और रूस के बीच सैन्य और मिसाइल निगरानी आसान है। हालांकि यहां अमेरिका का थुले एयर बेस पहले से है, जो मिसाइल चेतावनी और रूसी-चीनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जरूरी है। आर्कटिक क्षेत्र में रूस और चीन की गतिविधियां बढ़ने से चिंतित अमेरिका ग्रीनलैंड पर वर्चस्व पाकर भू-राजनीतिक पकड़ मजबूत करना चाहता है। दूसरी ओर ग्रीनलैंड में दुर्लभ खनिज, तेल, गैस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार हैं। ये भविष्य की विशाल आर्थिक और तकनीकी सम्पदा है। अभी चीन का इन उत्पादों पर 70 से 90 प्रतिशत नियंत्रण है। यह निर्भरता अमेरीका कम करना चाहता है।**

**ऋतुपर्ण दवे**

कभी लगता है कि ट्रम्प तानाशाह हैं, कभी लगता है कि तुनकमिजाज। शायद अमेरीका वासियों को भी अब ट्रम्प को समझ पाना मुश्किल हो रहा होगा। उन्हें चुनते वक्त भी ऐसा अंदाजा हरगिज नहीं रहा होगा। लेकिन, इतना तो समझ आ रहा है कि अपनी दूसरी पारी में ट्रम्प दुनिया में सबसे अलग करने की नीयत से हर वो काम करने पर आमादा हैं जिससे उनकी चर्चा और धमक बनी रहे। हो सकता है कि वो ऐसा कुछ करें भी जिससे वो हीरो या विलेन कुछ तो बन जाएं। लेकिन लगता नहीं कि वो कभी अमेरीका के आदर्श राष्ट्र प्रमुखों में गिने जाएंगे! उनका दर्द जब-तब उनके बयानों से झलकता भी है। शांति के नोबल पुरुस्कार की होड़ में मात खाने के बाद ट्रम्प एकाएक अशांतिपूर्ण हरकतों पर उतारू हो गए। उनकी टीस इसी बात से समझ आती है कि इस पुरुस्कार के लिए खुद अपनी पैरवी करने वाले ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को चिट्ठी लिख नोबेल नहीं मिलने की शिकायत तक कर दी। साथ ही यह भी लिखा कि कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला इसलिए उन्होंने अब शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर जबरन कब्जा की उनकी नीयत और कोशिशों की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने की खीझ भी स्पष्ट समझ आती है।

रूस और चीन के खतरे की दुहाई देकर ट्रम्प नाटो सदस्य डेनमार्क के ग्रीनलैंड को हथियाने का जो दंभ भर रहे हैं, उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नाटो की एकता के साथ ही वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। ट्रम्प की जिद कहें या दादागिरी यह उनका दुनिया का तानाशाह बनने जैसा ही कदम कहलाएगा। देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरीका ही भुगतेगा क्योंकि वैश्विक मंच पर दुनिया का दारागो कहलाने वाले मजबूत देश की विश्वसनीयता बनेगी।

ग्रीनलैंड की जिद पर दुनिया भर में शांति के पक्षधर लोगों की समझाइश का भी ट्रम्प पर कोई असर न पड़ना मामले को गंभीर बनाता है। ग्रीनलैंड में 1979 से स्व-शासन है। उसकी विदेश और रक्षा नीति नाटो संगठन का सदस्य देश डेनमार्क देखता है। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त भाग है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क सरकारों ने भी हमेशा कहा है कि ग्रीनलैंड न कभी पहले बिकाऊ था न आज है। नाटो देश भी कभी नहीं चाहेंगे कि कोई दादागिरी कर कब्जा कर ले। खुद यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन, डेनमार्क और इटली ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना की है। इतना ही नहीं बल्कि सामूहिक तौर पर जवाब देने की बात भी कह ट्रम्प को चेताया तक है। इससे ट्रांसअटलांटिक संबंध भी कमजोर होंगे। ट्रम्प की नीयत तो अपने पहले ही कार्यकाल में ग्रीनलैंड को खरीदने की थी जो तब भी पूरी नहीं हो पाई।

आठ यूरोपीय देशों डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और



फिनलैंड पर टैरिफ की धमकी को ये देश ट्रम्प का ब्लैकमेल, समझ से परे और अनुचित बता रहे हैं। ट्रम्प की हरकतों से यूरोप और अमेरिका के सुरक्षा सहयोग संगठन नाटो के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह दिख रहा है। खुद 80 प्रतिशत अमरीकी भी नहीं चाहते कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बने क्योंकि इससे नाटो में दो फाड़ होगी जिसका फायदा चीन और रूस जैसे अमेरिका विरोधियों को मिलेगा।

ऐसा भी नहीं है कि यूरोपीय संघ यानी ईयू ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ का जवाब देने में पीछे है। ईयू 27 यूरोपीय देशों का राजनीतिक और आर्थिक संगठन है। इसमें ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया, साइप्रस, चेक गणराज्य, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आयरलैंड, इटली, लातविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन और स्वीडन शामिल हैं। इन सभी देशों का रुख अमेरिका पर ट्रेड पाबंदियां लगाने का है जिस पर वो गंभीरता से विचार कर रहे हैं। जबकि इनका लक्ष्य सदस्य देशों के बीच शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना है। ऐसी स्थिति में नाटो देश भी अमेरिका की मुखालफत करेंगे। हालांकि ईयू एक खास कानूनी हथियार के इस्तेमाल की सोच रहा है, जिसे 'ट्रेड बाजूका' कहते हैं। इसका मकसद उन देशों के खिलाफ कड़ा कदम उठाना है, जो यूरोपीय देशों पर जबरदस्ती आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ईयू सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में भी हैं। जाहिर है इससे दो पक्षीय नहीं बल्कि बहुपक्षीय तनाव बढ़ना ही है जिसमें अमेरिका के विरोध में कई होंगे। इन सबके लिए जिम्मेदार ट्रम्प ही होंगे।

ट्रम्प की मौजूदा सनक की वजह ग्रीनलैंड है जो सैन्य रणनीतिक लिहाज से बेहद खास है। यह उत्तर अमेरिका और यूरोप के मध्य अटलांटिक महासागर के बीचों-बीच होने से मिड-अटलांटिक क्षेत्र में है। यहां से यूरोप और रूस के बीच सैन्य और मिसाइल निगरानी आसान है। हालांकि यहां अमेरिका का थुले एयर बेस पहले से है, जो मिसाइल चेतावनी और रूसी-चीनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जरूरी है। आर्कटिक क्षेत्र में रूस और चीन की गतिविधियां बढ़ने से चिंतित अमेरिका ग्रीनलैंड पर वर्चस्व पाकर भू-राजनीतिक पकड़ मजबूत करना चाहता है। दूसरी ओर ग्रीनलैंड में दुर्लभ खनिज, तेल, गैस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार हैं। ये भविष्य की विशाल आर्थिक और तकनीकी सम्पदा है। अभी चीन का इन उत्पादों पर 70 से 90 प्रतिशत नियंत्रण है। यह निर्भरता अमेरीका कम करना चाहता है। वही भूमंडलीय ऊष्मीकरण यानी ग्लोबल वार्मिंग के चलते आर्कटिक की बर्फ पिघल रही है, जिससे नए जलपोत मार्ग खुल रहे हैं। जब ग्रीनलैंड अमेरीका का होगा तो निश्चित तौर पर वह रूस-चीन की बढ़त रोकने में मददगार होगा। इसीलिए ट्रम्प ग्रीनलैंड को अमरीकी सुरक्षा का फ्रन्ट लाइन मानते हैं।

अब ट्रम्प की नीयत चाहे जो वो उनका अंतर्मन ही जाने लेकिन क्या नोबल का शांति पुरुस्कार मिलता तो भी ट्रम्प ऐसा करते? अब यह ट्रम्प का बाल हठ है या राज हठ, वही जानें फिलाहाल ट्रम्प दुनिया में खुद को तमाशा जरूर बना रहे हैं। देखना उनका खेल कब तक चलेगा?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे।

**वृषभ**
नये प्रकल्पों को लेकर आप अत्यन्त सक्रिय रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

**मिथुन**
अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। धैर्यवान होकर सभी कार्य करें। भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यवसाय में बड़े अनुबन्ध हो सकते हैं। धन कमाने के नये स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**सिंह**
बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। उच्च अधिकारी आपको चुनौतियों वाला काम सौंप सकते हैं।

**कन्या**
शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिये दिन अच्छा है। दर्शन और साहित्य के प्रति आप अत्यन्त आकर्षित रहेंगे। प्रियजनों के साथ समय बितायेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिन्तित रहेंगे। नयी तकनीक को सीखने का प्रयास कर सकते हैं। लेकिन धन की कमी के कारण आपके काम रुक सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिये। नये काम की शुरुआत करने के लिये दिन अत्यन्त शुभ है।

**धनु**
आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किन्तु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिये। आप लोगों की सहायता करने के लिये उधार दे सकते हैं।

**मकर**
किसी मांगलिक समारोह की योजना बना सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहेगा। आपको नौकरी में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं।

**कुंभ**
कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिये। घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। अनुशासनहीनता पूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिये।

**मीन**
आज अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। ललित कलाओं का आनन्द ले सकते हैं। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर रेलवे फाटक के पास गुरुवार के दिन दोपहर में कमला गंगा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक साथ वर्षीय बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत इलाज के दौरान हो गई थी। महिला के पास किसी भी प्रकार का पहचान पत्र या कागजात नहीं रहने के चलते एक दिन तक महिला की लाश परिजन का इंतजार करता रहा सोशल मीडिया पर फोटो वायरल किए जाने के बाद महिला की पहचान मोकामा थाना क्षेत्र के कन्हाई पुर गांव निवासी निर्मला देवी के रूप में हुई है परिजनों ने बताया कि सोशल मीडिया पर फोटो देखकर पहचान और जल्दबाजी में आकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया परिजनों ने बताया कि कन्हाय पुर स्टेशन से कमला इंटरसिटी एक्सप्रेस में महिला अपने पति के साथ ट्रेन में सवार हुई थी उतारने के दौरान दोनों अलग-अलग साइड से उतर गए इस दौरान महिला ट्रेन की चपेट में आ गई थी।

### 2 घंटे के मेगा ब्लॉक के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल रेल के मोकामा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक में चल रहे रिपेयरिंग कार्य को लेकर हाल के दिनों में मंगलवार और शुक्रवार के दिन दो घंटे का मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। शुक्रवार के दिन मेगा ब्लॉक करीब 2 घंटे तक रहने के चलते डाउन लाइन की जसीडीह पैसेंजर पटना देवघर पैसेंजर और पटना क्यूल पैसेंजर ट्रेन बाढ़ से पहले विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रही 11.45 से लेकर 1:30 बजे तक ब्लॉक रहा पहली ट्रेन राज्यरानी एक्सप्रेस के जाने के बाद फिर से ट्रेन सेवा बहाल हुई इस दौरान यात्री अपने ट्रेन का इंतजार बेसब्री से करते देखे गए।

### देसी कट्टा लहराता युवक गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर पुलिस ने देसी कट्टा लहराकर आतंक मचा रहे एक युवक को शेरपुर से पकड़ा है। जिसे गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मनेर थाना क्षेत्र के शेरपुर के समीप सूचना मिली की एक व्यक्ति नशे में देसी कट्टा लहरा कर दहशत फैला रहा है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी की गई तो रमेश राय के पुत्र विकास कुमार को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवक शेरपुर का निवासी बताया जाता है।

### गोला रोड विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोला रोड में शुक्रवार को विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगाने से अफरा-तफरी मच गया. काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन दस्ता ने दमकल गाडी से आग पर काबू पाया. अग्निशमन पदाधिकारी विजय शंकर यादव ने बताया कि गोला रोड में विद्युत ट्रांसफार्मर में तेज छूने के कारण अचानक आग लगा गया था. जिसकी सूचना पर आग पर काबू पाया गया है.

### दुकानदार के साथ मारपीट कर किया जख्मी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पेठिया बाजार स्थित हरि मार्केट में दुकान के आगे सब्जी दुकान लगाने से मना करने पर सब्जी बेचने वालों ने दुकानदार संजय कुमार को मारपीट कर जख्मी कर दिया. इस संबंध जख्मी संजय ने स्थानीय थाना में गीता देवी के पुत्र समेत पांच अज्ञात पर लिखित शिकायत किया है. जख्मी संजय ने बताया कि मेरे दुकान के आगे सब्जी का दुकान लगाने से आने-जाने में ग्राहकों को परेशानी होता है. जिसको लेकर मना किया था. इसको लेकर मारपीट कर जख्मी कर दिया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला की छानबीन किया जा रहा है.

### ग्रामीण इलाके में कैफे खुलने से लोगों को रोजगार मिलेगा अभिमन्यु यादव



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** द लाइट हाउस कैफे पटना आईआईटी मुख्य गेट के समीप शुक्रवार को समाजसेवी अभिमन्नु यादव, प्रख्यात चिकित्सक डॉ ललित मोहन शर्मा, ऑनर राज कुमार ,संजय कुमार, सन्नी, निशांत कुमार,अनिक,हरीश कुमार समेत अन्य लोगों ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।इस अवसर पर अभिमन्यु कुमार, डॉ ललित मोहन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण इलाके में अबतक इस तरह का कैफे नहीं था। इस तरफ का अब ग्रामीण इलाके में कैफे खुलने से लोगों को रोजगार समेत कम दामों पर बेहतर खाना मिलेगा। ऑनर राज कुमार ने कहा कि हमारा मकशद है कि कम दामों में लोगों को बेहतर खाना मिले है।इसी के उद्देश्य से द लाइट हाउस कैफे खोला गया है।

### फोरलेन पर सड़क हादसे में चार लोग जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बाढ़ प्रखंड अंतर्गत मोकामा बख्तियारपुर फोरलेन पर नीमचक गांव के पास दो बाइक में फोर व्हीलर जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें चार लोग घायल हो गए ।घायलों को बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।घायल बाइक सवार पिता ने बताया कि आज उसकी बेटी का छेंका है,अपनी बेटी के होने वाली इंगेजमेंट के लिए लोगों को लाने जा रहा था तभी फोर लेन पर बाइक सवार को फोर व्हीलर वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी बाइक पर बैठे दो लोग घायल हो गए,वही एक और बाइक को वाहन ने टक्कर मारी थी। चारों घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया जा रहा है। दो की चिंताजनक हालत को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

### ट्रेन से गिरने से एक यात्री की मौत

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को सुबह रूपसपुर के जलालपुर केला बगान के पास ट्रेन से गिरने से एक यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जिससे इलाज के लिए एलएनजीपी अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई. मृतक का बिंदलाल राय के रूप में किया गया है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को रूपसपुर के जलालपुर केला बगान के पास ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की जख्मी होने की सूचना पर पुलिस ने जख्मी को इलाज के लिए एलएनजीपी अस्पताल ले गये. जहां पर उनकी मौत हो गई. पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है.

### धूमधाम से हुई विद्या की देवी सरस्वती की पूजा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बसंत पंचमी का त्यौहार शुक्रवार को पूरे नगर में धूमधाम से मनाया गया. बंसत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा विधि-विधान के साथ की गई. नगर के विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी स्कूल व कोचिंग संस्थाओं में धूमधाम से विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई. पूरे नगर में वैदिक मंत्रोच्चारण व शंख ध्वनि के साथ विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा कर पूजा-अर्चना की गई. एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बंसत पंचमी की बधाई दी. वही बंसत पंचमी को लेकर नगर के विभिन्न मंदिरों में अहले सुबह से पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. कई पूजा पंडालों में बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया.शाहपुर स्थित ज्ञानदीप विद्यालय में धूमधाम से मां सरस्वती का पूजा-अर्चना किया गया. मौके पर स्कूल के निदेशक राकेश कुमार , स्कूल के प्रबंधक सुनीता कुमारी , प्राचार्य रोशन कुमार समेत शिक्षक मौजूद थे. मठियापुर वस्तु विहार स्थित सावित्री एकेडमी में धूमधाम से मां सरस्वती का पूजा अर्चना किया गया. मौके पर पूर्व विधायक आशा सिन्हा, स्कूल के निदेशक सह पूर्व सैनिक श्रीपति नारायण,व्यवस्थापक उषा नारायण व मीरा देवी, संस्थापक नोनीत नारायण, प्राचार्या सावित्री कुमारी समेत शिक्षक मौजूद थे. वही पेठिया बाजार स्थित प्राचीन दक्षिणेश्वर मां काली मंदिर के पुजारी बृज मोजन मिश्रा व शशांक मिश्रा उर्फ गोलू बाबा ने मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की वंदना करते हुए बच्चों को पहली बार पेंसिल व स्लेट पकड़ा कर उनका विद्यारंभ संस्कार कराया गया.

### डोभी गया से पटना आते ट्रक से विदेशी शराब बेल्दारी चक में बरामद, चालक सहित दो गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना पुलिस ने पटना गया रोड पर गौरीचक थाना क्षेत्र के बेलदारीचक के पास वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है, साथ ही चालक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. पटना सदर डीएसपी 2 रंजन कुमार ने बताया कि डोभी गया से पटना की ओर जा रहे एक ट्रक में अवैध रूप से विदेशी शराब ले जाया जा रहा था, इसकी सूचना जिला सूचना इकाई पटना को मिली. सूचना के आधार पर गौरीचक थाना पुलिस ने बेलदारीचक के दक्षिण चुहरमल बाबा मंदिर के पास चेकिंग अभियान चलाया, जहां संदिग्ध ट्रक को देखा गया और रुकने का संकेत किया गया. चालक ने गाड़ी रोकने के बाद भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने बल के सहयोग से पकड़ लिया.

# द बर्निंग ट्रेन बनने से बची पटना कटिहार इंटरसिटी एक्सप्रेस

## ट्रेन रूकते ही कूद कर भागने लगे यात्री



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर रेल मंडल अंतर्गत अथमलगोला स्टेशन के समीप कटिहार पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस वार्निंग ट्रेन होने से बच गई। घटना बाढ़ बख्तियारपुर स्टेशन के बीच अथमलगोला स्टेशन से थ्रू पास कर रही ट्रेन संख्या 15713 कटिहार पटना इंटरसिटी के इंजन साइड के दूसरे समान्य कोच में धुंआ उठता देख ट्रेन को थ्रू हरी झंडी दे रहे अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रेलकर्मी राजेश कुमार उस समय सतब्ध रह गये जब उन्होंने देखा की ट्रेन के इंजन साइड के दूसरे समान्य कोच के चक्के से तेजी से धुआं उठ रहा है।रेलकर्मी सुझबुझ व धैर्यता का परिचय देते हुए स्टेशन के वाकी टाकी से ट्रेन के गार्ड ड्राइवर को दी व गेट नंबर 61 के गैटमैन को लाल झंडा दिखाने को कहा।जिसके बाद गाड़ी के गार्ड व ड्राइवर ने सुझबुझ का परिचय देते हुए जय प्रकाश महुली के पास रोक दिया। ट्रेन रूकते ही कोच से सवार यात्रीकूदने लगे यात्री उक्त ट्रेन के रूकते व कोच में धुंआ की लपटें उठते देख यात्री भयभीत हो गए व उनमें अफरातफरी का माहौल बन गया जिसके बाद सभी यात्री ट्रेन रूकते ही ट्रेन से कूदकर इधर उधर भागने लगे। बाद में रेलकर्मियों द्वारा चक्के के ब्रेक वाइंडिंग ठीक करने के बाद,रेल यात्रियों को शांत करा व समझा बुझा कर ट्रेन में सवार कराया गया। ट्रेन के गार्ड ड्राइवर व अन्य रेलकर्मी ने चक्के के वाइंडिंग को किया ठीक। तकरीबन 20 मिनट तक जय प्रकाश महुली के पास ट्रेन खड़ी रही। बाद में उक्त ट्रेन के ड्राइवर व गार्ड ने अग्नि शमक यंत्र व अन्य तकनीकी माध्यम से ट्रेन के चक्के के बाद ठीक किया तब जाकर लगभग 20 मिनट रूकने के बाद ट्रेन गंतव्य बख्तियारपुर पटना के लिए प्रस्थान की। रेलकर्मी की सुझबुझ से टला बड़ा हादसा। निसंदेह इस मामले में अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रेलकर्मी राजेश कुमार ने अपना सुझबुझ का परिचय दिखाते हुए गार्ड व ड्राइवर को सूचना दी व गेट मैन को लाल झंडा दिखाने को कहा जिसके बाद ट्रेन को महुली हाल्ट के पास रोका जा सका और संभावित एक बड़ा रेल हादसा इनकी व अन्य रेलकर्मी की सुझबुझ से टल गया।

# राजमिस्त्री को घर से बुलाकर अपराधियों ने की मारपीट, मरा समझकर गड्ढे में फेंका




**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बेलछी थाना अंतर्गत एक राजमिस्त्री के अधमरा हालात में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई, राजमिस्त्री की पहचान बाढ़ थाना क्षेत्र के मसूदबीघा गांव निवासी 35 वर्षीय उदय यादव के तौर पर हुई है, व्यक्ति के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई है उसे मरा समझकर अपराधियों ने उसे मसत्थू गांव के पास टाल इलाके में गड्ढे में फेंककर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे बुरी तरह से गंभीर हालात में देखा, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी और घायल को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेजा गया, जहां से पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घायल की पत्नी गीता देवी ने बताया कि वह घर में नहा रहे थे, तभी एक व्यक्ति ने आकर उन्हें बुलाया और अपने साथ लेकर चले गए, वह घर के काम में व्यस्त थी तभी उन्हें सूचना मिली की उसके पति के साथ मारपीट कर फेंक दिया गया है। उनको किसी से कोई विवाद की जानकारी नहीं है उनके पति उससे कुछ नहीं बताते हैं। वह राजमिस्त्री का काम करते हैं, तो किससे क्या मामला है वह नहीं जानती हैं जो व्यक्ति बुलाने आया था वह उसे भी नहीं पहचानती हैं। बेटा प्रिंस कुमार ने बताया कि उसे बेलछी थाना की पुलिस ने फोन कर जानकारी दी थी की गंभीर हालात में व्यक्ति गड्ढे में फेंका हुआ था। घटना को लेकर उन्होंने बताया कि दो दिन पहले एक व्यक्ति काम करवाने के लिए उन्हें बुलाने आया था और फिर सुबह छः बजे वही ब्यक्ति बुलाने आया था। उसके साथ दो और ब्यक्ति था जो उसके घर तक नही आया। थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति का इलाज पीएमसीएच में करवाया जा रहा है किस विवाद में यह घटना को अंजाम दिया गया है इसकी जानकारी नहीं मिल सका है।

# सरस्वती पूजा के आयोजन पर बाढ़ पहुंचे पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद शुक्रवार के दिन सरस्वती पूजा के मौके पर बाढ़ रेलवे स्टेशन से सटे बुढाउद्दीन चक गांव स्थित बीनाधारनी सरस्वती पूजा समिति के द्वारा दिए गए आमंत्रण पर मंत्री पहुंचे इस दौरान मंत्री का भव्य स्वागत किया गया और बिना धारनी क्लब के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष एवं कमेटी के सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंत्री ने बाढ़ के उमानाथ मंदिर के विकास के बाद पर्यटन स्थल में शामिल किए जाने के सवाल पर विकास पूरा होने पर विचार करने की बात कही ।बाढ़ के माघी पूर्णिमा को राजकीय मेला घोषित किए जाने की मांग करते हुए क्लब के अध्यक्ष कौशलेंद्र राजू ने मंत्री को ज्ञापन सौंप। इस मौके पर मंत्री ने मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि स्थानीय विधायक यदि विधानसभा में सवाल उठाते हैं और जिलाधिकारी के द्वारा इसका प्रस्ताव आता है तो मंत्रालय के द्वारा उसे पर विचार किया जाएगा। आखिरी सवालों में विपक्ष के द्वारा पटना में जहानाबाद की छात्रा की दरिंदगी के बाद हत्या पर विरोधियों के पलटवार पर भी जवाब देते हुए कहा कि रक्ळ अपना काम कर रही है थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है। बिहार की विधि व्यवस्था धीरे-धीरे सुधर रही है पटना के मरीन पॉइंट पर अभी भी रात में 11:00 से 12:00 से तक लोग घूमते नजर आते हैं।

# रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल में रोबोटिक सर्जरी पर उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आधुनिक चिकित्सा तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल में शुक्रवार 23 जनवरी, 2026 को डॉक्टरों के लिए रोबोटिक सर्जरी पर उन्नत हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से आए अनुभवी एवं युवा चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों को रोबोटिक सर्जरी की नवीन तकनीकों से अवगत कराना और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा रोबोटिक सर्जरी की कार्यप्रणाली, इसकी सटीकता, कम जटिलताओं और मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने जैसे लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागी डॉक्टरों को आधुनिक सर्जिकल तकनीकों को समझने और उन्हें अपने क्लिनिकल अभ्यास में अपनाने का अवसर मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अस्पताल के सीनियर यूरोलॉजिस्ट एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास के साथ डॉक्टरों का लगातार अपडेट रहना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रोबोटिक सर्जरी जैसी अत्याधुनिक तकनीकें उपचार को अधिक सुरक्षित, सटीक और प्रभावी बनाती हैं, जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार में उन्नत चिकित्सा सेवाओं के विस्तार में अहम भूमिका निभाएंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रवि रंजन के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण से डॉक्टरों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में तकनीक के उपयोग की समझ भी मिलती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी लगातार आयोजित किए जाएंगे। रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित यह कार्यक्रम अकादमिक चर्चा, अनुभव साझा करने और विशेषज्ञों के साथ संवाद का प्रभावी मंच साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी चिकित्सकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। इस सफल आयोजन के माध्यम से रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि वह न केवल उत्कृष्ट इलाज, बल्कि उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# बेतिया में जीटीएसई सेमिनार का भव्य आयोजन विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन और प्रेरणा




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया के शहनाई रिसॉर्ट में आज 20 जनवरी को गोल इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जीटीएसई) सेमिनार का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्री-एग्जाम में सफल तथा मेन परीक्षा में शामिल हुए सैकड़ों मेधावी विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों और शिक्षकों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। सेमिनार को गोल संस्थान के असिस्टेन्ट डायरेक्टर श्री रंजय सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि जीटीएसई की शुरूआत सामाजिक दायित्व के तहत की गई थी, ताकि छोटे शहरों और कस्बों के विद्यार्थियों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की सही जानकारी और अवसर मिल सके। उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और प्रभावी रणनीति के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं गोल के ऐकडेमिक हेड श्री गौरव सिंह ने अपने संबोधन में संस्थान की 28 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दौरान 18,000 से अधिक विद्यार्थी सफल होकर देश-विदेश में डॉक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बेतिया एवं आसपास के क्षेत्रों में गोल के कई पूर्व छात्र आज समाजसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। गोल कंकड़बाग सेंटर के प्रमुख श्री संजीव कुमार ने जानकारी दी कि जीटीएसई के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रैंक के आधार पर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। साथ ही कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रों के लिए न्यूनतम पंजीकरण शुल्क पर निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कुमार श्रेष्ठ अभिराज, खुशी यादव, अदीबा कलीम, काव्या शर्मा और अनामिका कुमारी को बैग प्रदान किए गए, जबकि मो कासिब, आसिफ अली एवं आरुष आनंद को घड़ी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। सेमिनार का समापन विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प के साथ हुआ, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा और अधिक मजबूत एवं प्रेरणादायक बनी।

# गोल इंटरनेशलन स्कूल में आज से प्रवेश प्रक्रिया शुरू

## सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर हुआ पहला नामांकन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोल एजुकेशन विलेज शिक्षा और संस्कार के संगम गोल इंटरनेशलन स्कूल में आज से नए शैक्षणिक सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ हो गया। सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पहला नामांकन संपन्न कराया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रवेश प्रक्रिया को शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि गोल इंटरनेशलन स्कूल का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार, आधुनिक शिक्षा और सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार देना है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और प्रतियोगी तैयारी पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। गोल इंटरनेशलन स्कूल की प्रमुख विशेषताएँ बोरिडिंग एवं डे बोरिडिंग की सुविधा मोबाइल फ्री अनुशासित एवं सुरक्षित कैंपस सीबीएसई आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली स्कूल के साथ कॉम्पटेटिव फाउंडेशन/कोचिंग सपोर्ट होमवर्क एवं सेल्फ स्टडी की स्कूल में ही व्यवस्था (पैरेंट्स को घर पर अतिरिक्त तनाव नहीं) आउट डोर खेल एवं फिजिकल फिटनेश के लिए बड़ा खेल मैदान बच्चों के लिए समग्र व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकों द्वारा नियमित मार्गदर्शन सुरक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर विशेष फोकस. गोल इंटरनेशलन स्कूल का यह शुभारंभ शिक्षा जगत में एक नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है, जहाँ बच्चों को गोल्बल स्कसेस के साथ इंडियन शंकर की मजबूत नींव प्रदान की जाएगी।

# जम्मू-कश्मीर सेना वाहन हादसे में बिहार रेजिमेंट के चार जवान शहीद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को एक बेहद दुखद सड़क हादसा हुआ, जिसने पूरे देश को शोक में डुब गया है. भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय सड़क पर खन्नी टॉप के पास सेना का एक बुलेटप्रूफ वाहन अनियंत्रित होकर करीब 200 फीट गहरी खाई में जा गिरा. इस भीषण दुर्घटना में 10 वीर जवान शहीद हो गए. जिसमें शहीद बिहार रेजिमेंट के 4 बिहार बटालियन के सिपाही समीरन सिंह झारग्राम पश्चिम बंगाल, सिपाही प्रद्युम्न लोहार पुरुलिया रांची, नायक हवलदार राम कुंवर भोजपुर बिहार व सिपाही अजय लाकड़ा रांची झारखंड के रहने वाले हैं,जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. अधिकारियों के अनुसार, ये सैन्य वाहन कुल 17 जवानों को लेकर एक ऊंचाई वाले पोस्ट की ओर जा रहा था। पहाड़ी और संकरी सड़क पर अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया, जिसके बाद ये हादसा हुआ. दुर्घटना की सूचना मिलते ही सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमों ने तुरंत संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान खाई से 10 जवानों के शव बरामद किए गए, जबकि तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर और विशेष उपचार के लिए हेलीकॉप्टर के जरिए उधमपुर स्थित मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है. रेजिमेंट के सैन्य अधिकारिक के अनुसार शहीद सैनिकों का पार्थिक शरीर विशेष विमान से हवाई अड्डे लाया जायेगा. वहां से सेना के वाहन से उनके पैतृक गांव ले जाएंगे और जहां पर सैनिक सम्मान के साथ शहीद सैनिकों को अंतिम विदाई दिया जाएगा.

### होटल रामता कॉन्टिनेंटल की द्वितीय वर्षगांव धूमधाम से मनी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल रोड स्थित होटल रामता कॉन्टिनेंटल का द्वितीय वर्षगांठ के मौके पर शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया. मौके पर होटल परिसर में केक कटिंग सेरेमनी के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. होटल प्रबंधन द्वारा मंदिर, मस्जिद, चर्च व गुरुद्वारे में विशेष पूजा-अर्चना कर शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की गई. बीते दो वर्षों में होटल रामता कॉन्टिनेंटल ने उत्कृष्ट हॉस्पिटैलिटी सेवाओं, स्वादिष्ट एवं विविध खानपान तथा आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से अतिथियों के बीच अपनी एक मजबूत, विश्वसनीय और विशिष्ट पहचान स्थापित की है. होटल के एजीएम रंजीत कुमार सिंह , मैनेजर रंजीत एचआर मैनेजर अमन व कुंदन ने बताया कि रेस्टोरेंट में उत्कृष्ट भोजन व बेहतरीन सेवा का अनुभव प्रदान किया गया है।

# बिस्कोमान को बीज व्यवसाय हेतु नोडल एजेंसी बनाया गया



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंकज कुमार बंसल, भा.प्र.से., अपर सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, धर्मेन्द्र सिंह, भा.प्र.से., सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार, पटना एवं रजनीश कुमार सिंह, भा.प्र.से., निबंधक, सहयोग समितियाँ, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा बिहार राज्य के बहुराज्यीय एवं राज्य स्तरीय सहकारी संस्थाओं की समीक्षा के क्रम में बिस्कोमान (बिहार एवं झारखंड) आगमन पर अध्यक्ष, बिस्कोमान, विशाल सिंह द्वारा अभिवादन किया गया तदुपरांत सभागार में समीक्षात्मक बैठक की गई। माननीय अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि नवनिर्वाचित निदेशक मंडल दिनांक 06.07.2025 के गठनोपरांत निदेशक मंडल बिहार राज्य में सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ता प्रदान करने एवं राज्य के किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक, बीज, कीटनाशक आदि निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है से अवगत कराते हुए PPT के माध्यम से बिस्कोमान के व्यवसाय एवं आधारभूत संरचना एवं प्रस्तावित योजनाए की प्रस्तुती देते हुए माननीय अध्यक्ष, बिस्कोमान द्वारा यह भी कहा गया कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है, यहां की अर्थव्यवस्था मूलतः कृषि पर ही आधारित है। बिहार राज्य में किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध होना प्रायः एक चूनौतिपूर्ण कार्य बना रहता है। अभी बिस्कोमान तत्काल पुरे बिहार एवं झारखण्ड राज्य में मात्र 128 कृषक सेवा केन्द्रों के माध्यम से किसानों को सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर उर्वरक मुहैया करा रही है। बिस्कोमान को बीज व्यवसाय हेतु नोडल एजेंसी बनाया गया है। बीज का उत्पादन बिस्कोमान से सम्बद्ध सहकारी समिति द्वारा की जाएगी। बिस्कोमान द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का भी सम्बद्ध सहकारी समितियों द्वारा उत्पादन कराकर कृषक सेवा केन्द्रों के माध्यम से उचित दर पर आपूर्ति करने की योजना प्रक्रियाधीन है। उक्त के संदर्भ में बिस्कोमान द्वारा किसानों के हितार्थ श्री पंकज कुमार बंसल, भा.प्र.से., अपर सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने जोर देकर कहा कि बिस्कोमान का व्यापक आधारभूत संरचना राज्य में उपलब्ध है। बिहार राज्य के किसानों को ससमय गुणवत्तापूर्ण उर्वरक, बीज, कीटनाशक आदि की उपलब्धता निर्धारित मूल्य पर करने हेतु उसे पूर्णतः उपयोग में लाने की जरूरत है। कृषि निदेशक, बिहार सरकार एवं उर्वरक कम्पनियों से सम्पर्क समन्वय स्थापित कर उर्वरक आपूर्ति के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी करने की आवश्यकता है तथा उक्त संदर्भ में अपर सचिव, सचिव, एवं निबंधक, सहयोग समितियाँ, सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के हित में हर सम्भव मदद करने हेतु आश्वस्त किया गया। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि बिस्कोमान भवन / टॉवर के सौंदर्गीकरण एवं खाली पड़े स्थलों को किराया पर लगाने हेतु एवं बिस्कोमान गोदाम को बिस्कोमान व्यवसाय के मद्देनजर मरम्मति एवं जीर्णोद्धार की भी आवश्यकता है विभाग से बात कर सहयोग किया जाएगा।

उक्त बैठक में बिस्कोमान के माननीय अध्यक्ष, श्री विशाल सिंह, बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि0, के माननीय अध्यक्ष, श्री रमेश चन्द्र चौबे, बिस्कोमान के माननीय उपाध्यक्ष, श्री महेश राय, माननीय निदेशक, श्री दिनेश सिंह, माननीय निदेशक, श्री हीरा प्रसाद सिंह, प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान, श्री धीरेन्द्र कुमार एवं प्रबंध निदेशक, श्री मनोज कुमार, बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि. उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### तस्करी की 34 लीटर शराब बरामद

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मुडिला गांव में चौकीदार मो हुसैन ने अपनी सतर्कता और साहस का परिचय देते हुए 34 लीटर अवैध शराब तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। गश्त के दौरान उन्होंने संदिग्ध युवक को देखा और उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक घबराकर भागने लगा। चौकीदार ने पीछा किया, जिसके बाद युवक ने बाइक और शराब छोड़कर फरार हो गया। तलाशी में 68 पीस चुलाई शराब की बोतलें मिलीं, जिनकी कुल मात्रा 34 लीटर थी। पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है और आरोपी की तलाश जारी है।

### सरस्वती पूजा को लेकर मशरक में निकाला गया फ्लैग मार्च

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार की शाम सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च थाना परिसर से शुरू होकर अस्पताल चौक, डाक-बंगला चौक, महावीर चौक और स्टेशन रोड से गुजरा। पुलिस बल की उपस्थिति से क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण बना रहा। पदाधिकारियों ने लोगों से मिलकर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। पूजा समितियों को डीजे पर प्रतिबंध, समय सीमा के पालन और अफवाहों से बचने के निर्देश दिए गए।

### तरैया में सरस्वती पूजा को लेकर फ्लैग मार्च

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा को लेकर तरैया प्रखंड में गुरुवार की शाम प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। सीओ पंकज कुमार सिंह और थानाध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में निकला यह मार्च विभिन्न चौक-चौराहों एवं गांवों से होकर गुजरा। पुलिस बल की भारी तैनाती के कारण क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण बना रहा। अधिकारियों ने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी और लगातार गश्ती होगी।

### श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस पर हरखपुरा हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भंडारा आयोजित

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरखपुरा स्थित हनुमान मंदिर में श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर सुंदरकांड पाठ एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला पार्षद सदस्य हरि शंकर सिंह उर्फ हरि सिंह की अगुवाई में हुआ। इससे पूर्व पुरोहित आचार्यों द्वारा बजरंगबली की षोडशोपचार पूजा की गई। दूरदर्शन गायक अनुलाल श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने संगीतमय रामचरितमानस का पाठ प्रस्तुत किया। मौके पर प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, रामा शंकर सिंह, राणा सिंह, पिंटू सिंह, आशीष कुमार उर्फ छोटू सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

### छात्राओं को दी गई एनिमिया की जानकारी

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत विकास परिषद शिवम शाखा के द्वारा मुजीब बालिका+2 विद्यालय में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया , विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं को कैम्प के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया, विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को एनीमिया से संबंधित रोगों के उपचार व स्वास्थ्य टिप्स दिया गया इस अवसर पर भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष डाक्टर उतम कुमार,शिवम शाखा के महिला संयोजिका श्री मती धीरु गुप्ता, शिक्षक श्री राज कुमार चौधरी को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक लगें थे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह 2026 को धूमधाम से मनाने को लेकर गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ पंकज कुमार ने की। प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यालयों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। जो इस प्रकार से है - प्रखंड कार्यालयः 8:30 बजे, अवर निबंधक कार्यालयः 8:40 बजे, नगर पंचायत कार्यालयः 8:50 बजे, इंस्पेक्टर कार्यालयः 9:00 बजे, थाना परिसरः 9:10 बजे, सीएचसीः 9:20 बजे लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणः 9:25 बजे, बाल विकास परियोजना कार्यालयः 9:30 बजे, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता कार्यालयः 9:35 बजे, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालयः 9:40 बजे निर्धारित किया गया है।

### सरस्वती पूजा को लेकर 110 लोगों पर की गई कार्रवाई, 178 जुलूस लाइसेंस के आवेदन


**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मशरक थाना पुलिस अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बीएनएस की धारा 126 के तहत 110 लोगों पर कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि सरस्वती पूजा जुलूस को लेकर अब तक 178 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए नरकटियागंज प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गुरुवार देर रात एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, बीडीओ सूरज कुमार सिंह और थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च शिकारपुर थाना से निकलकर धूमनगर, बिनवलिया सहित संवेदनशील इलाकों तक गया। अधिकारियों ने लोगों से भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। एसडीपीओ ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी।

### अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर एकमा में विशेष पूजा-अर्चना

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर नगर पंचायत एकमा बाजार के ब्लॉक रोड स्थित त्रिदेव मंदिर परिसर में गुरुवार को विशेष पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने श्री राम-जानकी, हनुमान जी और भोले शंकर के जयकारों के बीच पूजा में हिस्सा लिया और श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में त्रिदेव मंदिर के पुजारी के साथ भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश कुमार सिंह, पूर्व मांझी मंडल अध्यक्ष



जितेंद्र मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह, अभय कुमार मिश्रा, जीवन बाबा, पवन कुमार गुप्ता, डॉ. अजीत कुमार सिंह, मंटू बाबा, मनीष कुमार सिंह, मदन गोपाल सिंह, विक्की सावन, विनय सिंह, संजय तिवारी, डॉ. बिंदा प्रसाद, संजीत कुमार, राजेश सिंह, बृज किशोर प्रसाद सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### शिक्षक नेता राजाजी राजेश की पुण्यतिथि पर व्याख्यानमाला

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला सचिव रहे राजा जी राजेश की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार यानी 23 जनवरी को छपरा शहर स्थित राजेंद्र कॉलिजिएट में व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा। आयोजन मंडल के सदस्य एवं शिक्षक नेता पुनीत रंजन ने बताया कि यह कार्यक्रम राजाजी राजेश के शैक्षणिक योगदान, संगठनात्मक क्षमता व शिक्षक हितों के लिए किए गए आजीवन संघर्ष को स्मरण करने के उद्देश्य से रखा गया है। उन्होंने बताया कि व्याख्यान माला को लेकर शिक्षकों में खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में शिक्षक इसमें भाग लेकर राजाजी राजेश के विचारों, संघर्षों और शिक्षा-सुधार से जुड़े उनके प्रयासों से प्रेरणा लेंगे। इस अवसर पर शिक्षा व्यवस्था, शिक्षक अधिकार, संगठन की भूमिका तथा वर्तमान चुनौतियों पर विस्तृत विमर्श होगा। पुनीत रंजन ने कहा कि जिले के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक इस आयोजन में शामिल होने जा रहे हैं और इसे सफल बनाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। आयोजकों को उम्मीद है कि यह व्याख्यान माला शिक्षक समाज को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी।



---

वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ

# एसएसबी की संयुक्त बाइक रैली व खेल प्रतियोगिता आयोजित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 44 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) नरकटियागंज एवं क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया के संयुक्त तत्वावधान में 19 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन 44वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री बलवंत सिंह नेगी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर एक भव्य संयुक्त बाइक रैली का आयोजन किया गया, जो वाहिनी मुख्यालय नरकटियागंज से प्रारंभ होकर ऐतिहासिक गांधी आश्रम भितिहरवा तक गई तथा पुनः वाहिनी मुख्यालय में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से जवानों और अधिकारियों ने राष्ट्र गौरव, देशभक्ति और सामाजिक सौहार्द का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।कार्यक्रम के अंतर्गत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया एवं 44वीं वाहिनी की टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण मुकाबला हुआ।कमांडेंट श्री नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् जैसे राष्ट्रीय गीत देश के गौरव और एकता को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने बताया कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 7 नवंबर 1875 को रचित इस राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ को एक वर्ष तक राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम में उप कमांडेंट कृष्ण कुमार, उप कमांडेंट राजपाल, उप कमांडेंट अजय सिन्हा, निरीक्षक पवन कुमार, निरीक्षक मनोज कुमार सहित क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया एवं 44वीं वाहिनी के लगभग 200 बलकार्मिक उपस्थित रहे।

## अगलगी में जिंदा जला 7 वर्षीय बालक, दो की बची जान

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के धोबनी धर्मपुर पंचायत के धोबनी वार्ड नंबर आठ में गुरुवार की रात्रि 8.00 बजे अचानक आग लगने से एक 7 वर्षीय की जिंदा जलने से मौत हो गयी। जबकि दो बच्चों को ग्रामीणों के अथक प्रयास से बचा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार की रात्रि लगभग 8.00 बजे धोबनी वार्ड नंबर आठ निवासी अशरफ अली के घर में आग लगी। आग देखते देखते भयानक रूप ले लिया। फूस की झोपड़ी में बिछावन पर तीन बच्चे एक साथ सोए थे। ग्रामीणों के अथक प्रयास से दो मासूम बच्चों को किसी तरह से जान जोखिम में डालकर बचाया गया जबकि 7 वर्षीय बालक आयान आलम जो की कंबल ओढ़ कर सोया था बुरी तरह से जलकर मर गया। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतियां भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर अग्रतेर कार्रवाई की जा रही है।

# सरकारी व निजी विद्यालयों में अत्यंत श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई सरस्वती पूजा



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माघ शुक्ल पक्ष पंचमी (वसंत पंचमी) के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड के कई सरकारी एवं निजी विद्यालयों में ज्ञान और कला की देवी माँ सरस्वती की पूजा अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परिसर स्थित मां शारदे विधा मंदिर में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने संगमरमर की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की और ज्ञान का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य यजमान के रूप में शिक्षक रवि कुमार रवि एवं उनकी धर्मपत्नी किशोरी कुमारी उपस्थित थे। वही यज्ञाचार्य वेद प्रकाश पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती की पूजा संपन्न कराया। इस दौरान अभिभावकों ने स्लेट पर पेंसिल से कुछ शब्द लिखवा कर अपने बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी कराया। इस अवसर पर संध्या में मंदिर पर भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही विभिन्न पूजा समितियां विद्यार्थियों और ग्रामीणों के सहयोग से प्रखंड के गली, मोहल्ले, निजी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में मूर्ति स्थापित कर पूजा धूमधाम से की गई। स्कूली बच्चों में सरस्वती पूजा को लेकर काफी उत्साह देखा गया। जगह-जगह लोगों ने मां शारदे की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। प्रखंड क्षेत्र में कई स्थानों पर पूजा समितियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने पूजा- अर्चना के दौरान एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। मौके पर प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, शिक्षक कामेश्वर प्रसाद सिंह, राजेश्वर प्रसाद, रवि कुमार रवि, आदित्य राज, हरि प्रकाश, चंद्रिका कुमार, विनोद कुमार, शिक्षिका किरण सिंह, सविता यादव, आदेशपाल भरत साह, रात्रि प्रहरी चंद्रिका पासवान, छात्र अनमोल, आसकित व छात्रा प्रीति सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व स्कूली बच्चें उपस्थित थे।

## पिपलेश्वर नाथ शिव मंदिर में 26वें वार्षिकोत्सव पर अखंड अष्टयाम का समापन, राम विवाह का मनमोहक मंचन



**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक पश्चिम टोला स्थित पिपलेश्वर नाथ शिव मंदिर में आयोजित 26वें वार्षिकोत्सव अखंड अष्टयाम का गुरुवार को हरि कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत समापन हुआ। पूर्णवती आचार्य उज्जवल शास्त्री, गोल्डेन शास्त्री और सत्येंद्र पांडेय सहित कई आचार्यों ने पूजा-विधि संपन्न कराई। इसके बाद सारण जिले की सुप्रसिद्ध राम विवाह मंडली—निरज बाबा और अमित बाबा के नेतृत्व में भगवान श्रीराम एवं माता सीता के पवित्र विवाह का मंचन किया गया। स्वयंवर, शिव धनुष तोड़ने और विवाह की पूरी प्रक्रिया को गायन व रंगमंच के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर देखा। इस अवसर पर यजमान नंद किशोर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी गुड़िया देवी, मंदिर पुजारी चन्द्रमा मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता, राम प्रवेश सिंह, पूर्व मुखिया शैलेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, राम नरेश मिश्रा, रामेश्वर मिश्रा, जलेश्वर सिंह, पंचदेव सिंह, सभापति सिंह, सुदामा सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, महेश सिंह, श्याम बिहारी सिंह, बिट्टू सिंह, सोनू सिंह, मुकुटधारी सिंह, भानू सिंह, राम शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

# सीकरिया फामेर्सी कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा

**फामेर्सी कॉलेज के नवनिर्मित कार्यालय का हुआ शुभारम्भ, छात्रों के बीच किया गया सरस्वती माता का फोटो वितरण**





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बसंत पंचमी के अवसर पर भाजपा नेता यमुना सीकरीया द्वारा अपने सीकरीया फामेर्सी कॉलेज में सरस्वती पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मत्स्य आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, उपमहापौर लालबाबू प्रसाद जी, भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अखिलेश सिंह जी, भाजपा नेत्री डॉक्टर हिना चंद्र जी, प्राचार्य प्रीति दुबे एवं भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर संयुक्त रूप से सभी अतिथियों ने फामेर्सी कॉलेज के नवनिर्मित ऑफिस का शुभारंभ किया। भगवान श्री कृष्ण के 24 अवतार के चित्र का अनावरण किया एवं छात्रों के बीच मां सरस्वती की फोटो का वितरण किया गया। इस अवसर पर यमुना सीकरीया ने कहा की युवा पीढ़ी में संस्कार और संस्कृति की चेतना हो इसलिए प्रत्येक नामांकन पर मेरे यहां मां सरस्वती की फोटो छात्रों को दी जाएगी। ललन सहनी जी ने कहा की ऐसे कार्यक्रम से छात्रों में हमारे धर्म के प्रति जागरुकता आएगी। लाल बाबू जी ने कहा हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। हिना चंद्रा जी ने कहा की ऐसे आयोजन सभी स्कूल कॉलेज में होना चाहिए। अखिलेश सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति के योगदान में यह कार्यक्रम एक मील का पत्थर साबित होगा। पंडित अमित राज जी के द्वारा पूजानोत्सव किया गया।

# उन्नयन लाइव क्लास के माध्यम से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का व्यापक प्रचार




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में जन-जागरूकता को सशक्त बनाने हेतु बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी चंपारण द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उन्नयन बिहार, पश्चिमी चंपारण के माध्यम से बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर एक डिजिटल लाइव क्लास का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। लाइव क्लास को संबोधित करते हुए श्री अमरेंद्र कुमार राज, अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निदेर्शानुसार 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज को बाल विवाह जैसी कुप्रथा से मुक्त करना है।कार्यक्रम का संचालन कर रहीं शिक्षिका मेरी आडलीन ने बाल विवाह की परिभाषा, इसके दुष्परिणाम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 तथा कानूनन दंड के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन नंबर 112 एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर दी जा सकती है, जहां सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है।उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। बाल विवाह फर्ज नहीं, पाप है और कानूनन अपराध है यह संदेश देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ की गई मां विद्यादायिनी की पूजा अर्चना



**मैनाटांड/नरकटियागंज/रामनगर।** हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को पूरे प्रखंड में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इधर शैक्षणिक संस्थान,विधालय आदि जगह जगह पर प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। खासकर स्कूली बच्चों में सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पंडीत राजेश मिश्रा ने बताया कि बसंत पंचमी को हिदू पंचांग के अनुसार सबसे श्रेष्ठ माना गया है। नरकटियागंज प्रतिनिधि के अनुसार वसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को बनवरिया शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तों ने कतारबद्ध होकर महादेव का जलाभिषेक किया। पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन से भक्तिमय माहौल बना रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूजा समिति और प्रशासन मुस्तैद रहा। समिति सदस्यों ने बताया कि पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। पुलिस बल की तैनाती से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

# डाकघर ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पीएलआई आरपीएलआई ड्राइव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण डाकघर अंतर्गत चंपारण प्रमंडल, मोतिहारी ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान डाक जीवन बीमा (ढछक) एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा विशेष ड्राइव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। इन ड्राइव्स के माध्यम से चंपारण प्रमंडल ने तीन अलग-अलग अवसरों पर पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूर्वी चंपारण को गौरवान्वित किया है। डाक अधीक्षक, चंपारण प्रमंडल, मोतिहारी श्री आशुतोष आदित्य के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 18 जून 2025 को आयोजित पीएलआई/आरपीएलआई ड्राइव में ₹2.54 करोड़ का प्रीमियम अर्जित कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। इसके उपरांत 22 अक्टूबर 2025 को आयोजित ड्राइव में ₹1.20 करोड़ का प्रीमियम संग्रह कर पुनः राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया गया। इसी क्रम में 21 जनवरी 2026 को आयोजित विशेष ड्राइव में ₹4.13 करोड़ का रिकॉर्ड प्रीमियम अर्जित कर चंपारण प्रमंडल ने एक बार फिर पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूर्वी चंपारण जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित डाकघरों के माध्यम से नागरिकों को उनके घर के निकट ही विभिन्न सरकारी एवं वित्तीय सेवाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे विशेषकर ग्रामीण एवं वंचित वर्गों को सुविधा हो रही है। डाकघर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा डाक विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग डाकघर की आधुनिक सेवाओं से लाभान्वित हो सकें।जिला प्रशासन नागरिकों से अपील करता है कि वे डाकघर द्वारा उपलब्ध विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकतम लाभ उठाएँ ।

## ट्रेन से कटकर दो की मौत

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुजफ्फरपुर नरकटियागंज रेल खंड में साठी के समीप रील बनाने के चक्कर में दो किशोरों ने अपनी जान गंवा दी। घटना शुक्रवार की सुबह 8.40 की बताई जा रही है। जीआरपी बेतिया के अधिकारी ने बताया कि साठी स्टेशन मास्टर की ओर से मेमो प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह अमृत भारत ट्रेन मुजफ्फरपुर से नरकटियागंज की तरफ जा रही थी । इसी दौरान दो अज्ञात युवक मोबाइल से पिलर संख्या 234/31 के पास रील बना रहे थे । इसी दौरान फौजी ट्रेन नरकटियागंज से मुजफ्फरपुर की तरफ जाने वाली आ गई दो ट्रैक पर विपरीत दिशा से ट्रेन आता देख युवक घबरा गए और अमृत भारत ट्रेन की चपेट में आ गए। दोनो के शवों के चिथड़े उड़ गए। साठी स्टेशन अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मेमो के माध्यम से जीआरपी बेतिया को दे दी गई है । मामले की छानबीन की जा रही है।

# मानव तस्करी गिरोह का किया खुलासा, मां-बेटा गिरफ्तार, तीन नाबालिग बच्चियां मुक्त

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने मानव तस्करी के एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में गिरोह से जुड़े मां-बेटा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन नाबालिग बच्चियों को सुरक्षित बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नौरंगिया क्षेत्र से एक महिला अपने पुत्र के साथ तीन नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर मानव तस्करी के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल ले जा रही है। सूचना के आधार पर एएचटीयू प्रभारी ललन कुमार, नौरंगिया थानाध्यक्ष शुभम कुमार, पुअनि रश्मि कुमारी, कामेश कुमार एवं राजन कुमार तथा जन शक्ति फाउंडेशन के संचालक लक्ष्मी खत्री के नेतृत्व में नौरंगिया थाना क्षेत्र के हरदिया चाती के समीप छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीनों नाबालिग बच्चियों को बरामद कर लिया, वहीं आरोपित नियोती देवी एवं उसके पुत्र नागेश भूइया, निवासी अंडाल हरपुर, थाना अंडाल, जिला पश्चिम वर्धमान (पश्चिम बंगाल) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने नाबालिग बच्चियों को तस्करी के लिए बंगाल ले जाने की बात स्वीकार की।एसपी ने बताया कि जन शक्ति फाउंडेशन के आवेदन पर नौरंगिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों के पास से एक कीपैड मोबाइल, एक स्मार्टफोन एवं रेलवे के दो टिकट बरामद किए गए हैं। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जल संचयः ‘जनभागीदारी की दिशा में एक पहल’ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निदेर्शानुसार संचालित जल संचय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जनभागीदारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम समन्वयक प्रो. प्रसून दत्त सिंह, अतिथियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। प्रथम सत्र में गांधी भवन में ‘जल संचयः जनभागीदारी की दिशा में एक पहल’ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे विषयों पर रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. सुनील महावर, प्रो. सपना सुगंधा एवं प्रो. अरविंद शुक्ल द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र में चाणक्य परिसर स्थित पंडित राजकुमार शुक्ल सभागार में ‘जल संचय जन भागीदारीः नीति, शोध और युवा सहभागिता से सतत विकास की ओर’ विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों में से एक है, जिसके समाधान के लिए नीति, शोध और जनभागीदारी के साथ-साथ युवाओं की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। विशेष व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो. प्रणवीर सिंह, संकायाध्यक्ष, जीवन विज्ञान ने जल संकट की वैज्ञानिक, पारिस्थितिक एवं सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम समन्वयक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि ठरर समाज और विश्वविद्यालय के बीच सेतु का कार्य करती है तथा ऐसे अभियानों के माध्यम से युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरणीय चेतना विकसित होती है। कार्यक्रम संयोजक एवं JSJB के नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह आयोजन जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं युवाओं को सतत विकास की दिशा में प्रेरित करने की एक सार्थक पहल है। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जैव प्रौद्योगिकी विभाग की छात्रा कशाफ अंजुम, द्वितीय स्थान राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा प्रिया कुमारी तथा तृतीय स्थान जैव प्रौद्योगिकी विभाग की छात्रा खुशबू राय ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार सुशील कुमार एवं भाग्यश्री शाहु को प्रदान किया गया। विजेताओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुस्कान भारती ने किया। बड़ी संख्या में शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

CMYK

# समाज से एकजुट होकर अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने का आह्वान

## अयोध्या राम मंदिर को स्थापना दिवस पर धार्मिक गीतों से गूंजता रहा शहर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या के स्थापना दिवस के अवसर पर रफीगंज शहरी क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक उल्लास देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी दुर्गा देवी स्थान, नुनिया टिल्हा सहित विभिन्न स्थलों पर भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बड़ी दुर्गा देवी स्थान परिसर में श्रीराम राज्य संघ सेवा संस्थान की ओर से भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजकों ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मान किया। मंच संचालन विकास कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलाई गईं, जिसे देश कभी भूल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सनातन संस्कृति पर योजनाबद्ध तरीके से प्रहार किए जा रहे हैं और कुछ क्षेत्रों में सनातनियों के प्रति दुर्भावनापूर्ण सोच बढ़ी है। उन्होंने समाज से एकजुट होकर अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने का आह्वान किया। भक्ति जागरण में भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भोजपुरी गायक नेहा सिंह निष्ठा, विक्की राजा, प्रणव बिहारी, आकाश मिश्र, नीतू राज, मुन्ना सिंह और गुड्डू सुमन ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिन पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे। इस अवसर पर अतुल मिश्र, धनराज, संतोष कुमार, युवराज, सूरज कुमार, शुभम, धीरज, प्रिंस, रंजन, प्रेम शर्मा, अमन विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

## कुशा कैनाल की अबतक नहीं हुई मरम्मत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। उत्तर कोयल नहर से निकली कुशा कैनाल इन दिनों बदहाल स्थिति में है और इसकी शीघ्र मरम्मत की सख्त जरूरत है। विभागीय अनदेखी के कारण यह नहर कई स्थानों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। समय पर उड़ाही नहीं होने से खोतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे किसानों की कृषि गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। लगभग छह किमी लंबी इस नहर से कुशा, दानी बिगहा, बेचैन कर्मा, बेलाई, बसडीहा, भटवां भगली, बरुणा, नोनिया, इटवां, रामपुर, बुढ़ी बांध, साया, मुरली बेलाई, कोसडीहरा, शिवा बिगहा, मनियाराडीह, आनंदुआ सहित दर्जनों गांवों की सैंकड़ों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई होती है। तटबंध क्षतिग्रस्त होने से किसानों को सिंचाई के लिए वैकल्पिक साधनों पर निर्भर होना पड़ रहा है जिससे खेतों की लागत बढ़ गई है। नहर पर बने करीब आधा दर्जन पुलिया भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिससे लोगों और किसानों को वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय किसानों ने बताया कि तटबंध टूटने से नहर में आने वाला पानी बहकर बर्बाद हो जाता है और खेत सूखे रह जाते हैं।

## श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सरस्वती पूजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजा हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों, शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विद्या की देवी मां सरस्वती की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा स्थलों पर देखी गई।पूजा-अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ की गई। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिससे पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और सफलता का आशीर्वाद मांगा।बसंत पंचमी के साथ ही वसंत ऋतु के आगमन का समय माना जाता है। इस अवसर पर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखने को मिला। चारों ओर पीले वस्त्रों, फूलों और सजावट से वातावरण मनमोहक हो उठा। वसंतोत्सव के दौरान कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने गीत, नृत्य और कविता पाठ प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।

## निविदा निकलने के बावजूद सड़क की नहीं हुई मरम्मत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। ग्रामीण सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है। वहीं सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। वहीं निर्माण की प्रगति इतनी धीमी है कि पूरा होने की कोई निश्चितता नहीं है। बता दें कि गजनाधाम जो बिहार का प्रमुख पर्यटन स्थल है। झारखंड सीमा पर कररवार नहीं के किनारे स्थित है। यहां पहुंचने के लिए सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बता दें कि पर्यटन विभाग द्वारा हर वर्ष गजना महोत्सव का आयोजन किया जाता है परंतु सड़क निर्माण पर किसी का ध्यान नहीं है। बता दें कि तीन माह पहले नबीनगर से गजनाधाम सड़क की निविदा निकाली गई थी। परंतु अबतक कार्य शुरू नहीं हो सका है। बता दें कि सड़क का अस्तित्व समा' हो गया है और वर्षा के दौरान वाहनों का परिचालन नहीं हो पाता है। पिछले तीन वर्षों से शहर की यह स्थिति बनी हुई है परंतु किसी का ध्यान नहीं है। ग्रामीण रविंद्र सिंह, संतन सिंह बताते हैं कि इस सड़क से नबीनगर प्रखंड के 50 से अधिक गांवों के ग्रामीण आवागमन करते हैं। झारखंड जाने के लिए यह प्रमुख सड़क है। गजनाधाम के विकास की बातें तो होती है परंतु धरातल पर कुछ नहीं दिखाई देता। बारिश के दिनों में सड़क से होकर गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवे संस्करण के अंतर्गत प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों ,शिक्षकों और अभिभावकों के लिए काफी प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और तनावमुक्त वातावरण प्रदान करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रश्नोतरी प्रतियोगिता रही ,जो शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एन.सी. आर.टी. द्वारा प्रेषित ऑपरेशन सिन्दूर के मॉड्यूल पर आधारित थी। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से आये 100 छात्र- छात्राओं ने अपने तर्कशक्ति का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। बताया गया कि यह प्रतियोगिता छात्रों के ज्ञान को परखने के साथ-साथ उनमे आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना विकसित करने में सफल रही। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक कक्षाओं से प्रथम स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा सातवी के छात्र मंजीत कुमार,द्वितीय स्थान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद की कक्षा आठवी की छात्रा नेहा कुमारी एवं तृतीय स्थान डीएवी के कक्षा सातवी के छात्र अंकुश रंजन को प्राप्त हुआ। साथ ही माध्यमिक कक्षाओं में प्रथम स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा नवमी के आशीष कुमार एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद की कक्षा दसवी की छात्रा अपन्सुला एनी, द्वितीय स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा दसवी के शुभम कुमार एवं तृतीय स्थान डी ए वी के कक्षा नवी के छात्र कौटिल्य किशोर को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्री रवींद्र राम के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना की और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से कार्यक्रम में आए अनुरक्षकों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि परीक्षा पे चर्चा ने छात्रों में आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार किया है।


## दीपोत्सव-महाआरती संग भव्य जागरण में झूमे श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के चरकावा रोड स्थित शिव मंदिर प्रांगण में श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से श्रीराम लला की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार की रात भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत दीपोत्सव एवं विधिवत महाआरती के साथ हुई। इसके उपरांत आयोजित भव्य भक्ति जागरण में सुप्रसिद्ध व्यास चंदन पांडे ने अपने मधुर और भावपूर्ण भक्ति गीतों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। देर रात तक मंदिर प्रांगण "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर आयोजकों की ओर से अतिथियों एवं समिति सदस्यों का अंगवस्त्र प्रदान कर तथा चंदन लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। आयोजन में समिति अध्यक्ष राजाराम चौधरी, सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार शर्मा, डॉ. संदीप कुमार, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, भाजपा नगर महामंत्री बालगोविंद साहू, विकास कुमार, अशोक मेहता, आईडी सिंह, कुंदन कुमार, अमरेंद्र बिहारी, दिलीप साव, ऋषिकेश कुमार, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, राजकुमार सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के ओवरब्रिज के समीप से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है एवं एक टेंपो को जब्त किया है। प्रशिक्षु डीएसपी ने जानकारी दिया कि सूचना मिली कि एक शराब के साथ एक टेंपो रफीगंज की ओर से गोह की ओर जा रहा है। सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी द्वारा टीम गठित की गई। गठित टीम में थाना अध्यक्ष शंभू कुमार, एसआईआई कुशो कुमार, एसआई ध्रुव कुमार, एएसआई संजय पासवान, एएसआई बबनजीत कुमार, एएसआई राम अवधेश कुमार, पीटीसी विपिन यादव सहित अन्य पुलिस बल शामिल हुए। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के समीप से एक टेंपो पर लदे 93 बोतल कुल 45 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया तथा कासमा थाना क्षेत्र के कर्मा हुसैन गांव निवासी कुलदीप विश्वकर्मा के पुत्र धनंजय कुमार एवं पिपराही गांव के विकास यादव के पुत्र सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से एक टेंपो को भी जब्त किया गया है।

## आध्यात्मिक चेतना है भारतीय समाज की सबसे बड़ी शक्ति




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। ओबरा प्रखंड के इमलोना पंचायत अंतर्गत जोगी बिगहा गांव में आयोजित 24 घंटे के अखंड कीर्तन कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत और प्रेरणादायी भजनों के साथ हुई। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय मेहता ने कहा कि सनातन संस्कृति और परंपरा ही भारत की आत्मा है, जो देश को भीतर से मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि इस सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि नवीन पीढ़ी को इसके मूल्यों और संस्कारों की शिक्षा दी जाए।

भारतीय समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी आध्यात्मिक चेतना है, जिसे ईश्वर ने सीखने और आत्मचिंतन की क्षमता के रूप में मनुष्य को प्रदान किया है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़ना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भाव का संचार होता है। संजय मेहता ने भगवान राम को पुरुषोत्तम के रूप में प्रस्तुत करते हुए उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों की व्याख्या की तथा कहा कि यही मूल्य आज के समय में समाज को दिशा देने में सक्षम हैं।

## खुटहन गांव में नल-जल योजना की स्थिति बदहाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के हसपुरा प्रखंड के ईटवां पंचायत के खुटहन गांव के वार्ड सं-सात में ग्रामीणों को नल से जल की स्थिति काफी बदहाल है। बता दें कि छह वर्ष पहले एक टंकी लगाई गई। मोटर आई परंतु नल से जल का सपना अधूरा रह गया। दिखावे के लिए दो-चार दिन पानी की आपूर्ति की गई। ग्रामीण प्रिंस कुमार, जैनेंद्र कुमार सहित ने बताया कि छह वर्ष पहले लगा टंकी बेकार हो गया है। ग्रामीणों को नल से जल नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर एक माह पहले बनाया गया परंतु चार दिन चला और फिर बंद हो गया। पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। नल-जल पर किसी का ध्यान नहीं है। बता दें कि गांवों में इस योजना से काम कराए गए परंतु उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला परंतु उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला। जिस सोच के साथ योजना प्रारंभ हुई थी वह धरातल पर नहीं उतरा। पंचायत के गांवों में हर घर नल से जल योजना के रुपये का सही उपयोग नहीं किया गया। यहां तक लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंता इस पर ध्यान नहीं देते हैं। पानी की आपूर्ति के लिए लगा पाइप बेकार हो गया है। ग्रामीणों ने जलापूर्ति केंद्र को चालू करने की जरूरत है। इतना होने के बावजूद भी पीएचइडी विभाग के अधिकारी गांव में देखने तक नहीं जाते हैं।

## हलिमचक का जर्जर पुल दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राज्य सरकार पुल-पुलिया के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च करती है परंतु जर्जर पुलों की स्थिति पर ध्यान नहीं देती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी जर्जर पुलों के कारण लोग परेशान हैं। ऐसा ही एक उदाहरण प्रखंड के हलिमचक गांव में देखने को मिलता है जहां का पुल पिछले एक दशक से जर्जर है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है वहीं सुरक्षा का खतरा भी बढ़ गया है। इस जानलेवा पुल पर कोई दुर्घटना होगी यह कहना मुश्किल है। रात के समय यहां कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु भगवान का शुक्र है कि अबतक किसी की जान नहीं गई।



विद्या, बुद्धि, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते बच्चे

## सरकारी उपेक्षा के कारण पहचान खोता जा रहा टाल गांव का तालाब



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपना पहचान खो रहा है। यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघे की जमीन की सिचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ तालाब की उड़ाही नहीं हुआ है कि इसको नुकसान हो रहा है। तालाब के कुछ भाग में स्थानीय श्रमिक किसान मखाना की खेती किए हैं। इसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है परंतु हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित तालाब की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं है। गांव के विश्वजीत कुमार विकास, दिनेश सिह बताते हैं कि तालाब की उड़ाही व उसके तटबंध को मरम्मत कराए जाने के लिए पंचायत स्तरीय योजना को लेकर ग्रामसभा हो या आमसभा तालाब का जीणोद्वार के लिए प्रस्ताव लिया जाता है परंतु प्रस्ताव अबतक पारित नहीं हो सका है।

## विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा में श्रद्धा और उल्लास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार**। जयमाला शिक्षा निकेतन में विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माँ शारदे से ज्ञान, बुद्धि और सद्बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन-पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात पुष्पांजलि एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट, पुष्पों और रंग-बिरंगी आकृतियों से सजाया गया, जिससे वातावरण और भी दिव्य व मनोहारी बन गया।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील कुमार सुमन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से ही जीवन में ज्ञान, संस्कार और सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। पूजा के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भजन, नृत्य एवं संगीत के माध्यम से माँ शारदे की महिमा का गुणगान किया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही मां सरस्वती की पूजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अमौर/पूर्णिया**। अमौर प्रखंड क्षेत्र में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। सरकारी एवं निजी विद्यालयों, स्कूल-कॉलेजों के साथ-साथ लोगों ने अपने घरों में भी विधिवत रूप से माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना की। प्रखंड मुख्यालय सहित आमगाछी पंचायत के हकेली, गरहरा, परतिया, बलुवाटोली तथा नितेन्द्र पंचायत के नितेन्द्र बालूगंज, मच्छट्टा, बंका टोल, तरोना, विष्णुपुर, धुरपैली, रौती और अमौर समेत विभिन्न गांवों एवं शिक्षण संस्थानों में भव्य पंडालों का निर्माण कर पूजा की जा रही है। पूजा को लेकर विशेष रूप से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों और पंडालों को फूल-पताका एवं बंदनवार से आकर्षक ढंग से सजाया गया। श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ माँ सरस्वती की आराधना में लीन नजर आए। पंडित नेपाली झा ने बताया कि वीणावादिनी माँ सरस्वती की पूजा प्रातःकाल से विधिवत शुरू हो गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। अमौर प्रखंड का समूचा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। वहीं विभिन्न पूजा पंडालों में पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी भी लगातार क्षेत्र में सक्रिय नजर आ रहे हैं।

# जिले में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा

## कस्तूरबा विद्यालय में प्रशासन ने किया वसंत पंचमी पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के कंकौल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के प्रांगण में कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में वसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में उपस्थित उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी, अपर समाहर्ता-सह-लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश्वर प्रसाद सिंह, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, डिप्टी मेयर अनीता राय, एसडीसी पूजा कुमारी तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम सहनी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा गायन, वादन एवं नृत्य की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। छात्राओं की प्रस्तुति के उपरांत जिले की प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत कलाकार सुश्री दामिनी मिश्रा ने राग मधुवंती, सरस्वती वंदना मेरे कंठ बसो महारानी तथा देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की ओर से संचालक मनोज कुमार, लेखपाल कामिनी कुमारी, वार्डन संगीता कुमारी, शिक्षिका प्रीति कुमारी एवं श्रीमती जी. पूर्णिमा द्वारा हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। मंच संचालन शिक्षिका पूर्णिमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संभाग प्रभारी सायरा खातून, एडीएमओ राजू कुमार, नगर निगम वार्ड संख्या-33 के पार्षद श्री उमेश राय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय की छात्राओं को ड्राइंग पुस्तिका एवं कलर बॉक्स भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## कन्या मध्य विद्यालय में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सहार/भोजपुर।** सहार प्रखंड क्षेत्र के गांवों, बाजारों समेत सरकारी व निजी विद्यालयों में सरस्वती पूजा धूमधाम से श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। इस क्रम में सहार प्रखंड क्षेत्र के कन्या मध्य विद्यालय व कन्या प्राथमिक विद्यालय सहार के परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और सृजनशीलता की कामना की। इस अवसर पर छात्राओं में शिवानी कुमारी, अनुष्का कुमारी, अंजली कुमारी, रानी, आर्यन कुमार, शिवम समेत



अन्य उपस्थित छात्रों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद उनकी आरती की। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस बाबत कन्या मध्य विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मधु कुमारी ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा पारस्परिक सौहार्द्र के साथ छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति में पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के बीच ऋतुराज बसंत के आगमन पर ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना हर वर्ष की जाती है, इस बार भी विद्यालय परिवार ने सरस्वती पूजा धूमधाम से किया है। प्रभारी एचएम ने सभी को बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे छात्र छात्राएं निरंतर आगे बढ़े, यह विद्यालय ज्ञान का मंदिर है और इस मंदिर में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना छात्र कर रहे है, मेरी कामना है कि हर ओर ज्ञान का प्रकाश फैले और हमारे छात्र मेधावी बने। मौके पर कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक सुनील कुमार निराला समेत शिक्षकों में सुमित्रा कुमारी, शगुफ्ता निशात, नागेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, रेणु कुमारी, उर्मिला, बिंदा, नरगिस परवीन समेत अन्य शिक्षकगण और काफी संख्या में छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक संस्थानों में हुई मां शारदे की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** प्रखण्ड क्षेत्र में विद्या, बुद्धि और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा पूरे श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाई गई। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर क्षेत्र के स्कूलों, कलेजों, कोचिंग संस्थानों और घर-घर में मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। सुबह से ही पूजा पंडालों और मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की और विद्या प्राप्ति की कामना की। बच्चों ने पीले वस्त्र धारण किए और हाथों में कलम, किताब और वाद्य यंत्र लेकर मां से आशीर्वाद मांगा। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बखरी के विभिन्न मोहल्लों और चौक-चौराहों पर आकर्षक और भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। कई स्थानों पर पूजा समितियों द्वारा सांस्तिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने सरस्वती वंदना, भजन और नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

## बसंत पंचमी पर बसहा धाम में उमड़े श्रद्धालु

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के वीरपुर प्रखंड के बरैपुरा गांव स्थित सुप्रसिद्ध बसहा धाम व काली मंदिर में शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर एक दिवसीय वसंत पंचमी महोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बेगुसराय जिले के विभिन्न गांव एवं जिले से सटे प्रखंड क्षेत्र के गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। अहले सुबह से देर शाम तक मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहा और पूरा वातावरण जयकारों व भक्ति गीतों से गूंजता रहा। महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में मीना बाजार, झूला, खिलौने व मिठाइयों की दुकानों से मेला जैसा माहौल बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वीरपुर थाना के एसआई ऋषिकेश भारद्वाज एवं गौरी शंकर राय के नेतृत्व में महिला और पुरुष पुलिस बल तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## सरस्वती पूजा पर लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा शुक्रवार को मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में हर्षोल्लास से की गई। पूजा अर्चना का शुभारंभ ओमशांति की बी.के. उर्मिला बहन संचालिका- ब्रह्म कुमारी के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर ओम शांति की बहनों को शाल व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। पूजा अर्चना के साथ-साथ छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शिनी का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चे उत्साहित होकर शिक्षक मृणाल प्रधान एवं संजय कुमार के देखरेख में अपने प्रोजेक्ट को तैयार कर लाए थे। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ दिन के 2:00 बजे केंद्रीय




विद्यालय के प्राचार्य कुमार राघवेंद्र, डॉ. संजय प्रधान, प्राचार्य पाराशर त्यागी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक मंडलों के द्वारा लगभग 300 छात्र-छात्राओं का अवलोकन किया गया। अत्याधुनिक दृष्टिहीन दंड, जैमर, विद्युत स्पाइरल गेम, वायु प्रदूषण नियंत्रक, वायु शुद्धिकरण यंत्र आदि विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट को छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम करके अपने हाथों से तैयार किया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा उत्कृष्ट दैनिक उपस्थिति, उत्कृष्ट अनुशासन, उत्कृष्ट परीक्षा फल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतथि एडीजे शेफाली नारायण, गौरव कुमार ने मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। इन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी को भी देखा और बच्चों की सराहना की। इस अवसर पर डा. नागेंद्र झा अधिवक्ता अजय सिंह, आर एस थाना एस आई त्रिपुरारी कुमार, पी एस आई सौदागर कुमार, उप-मुख्य पार्षद गौतम कुमार शाह एवं अविनाश कंात आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपस्थित सभी अतिथियों को विद्यालय के निदेशक डॉ संजय प्रधान और प्राचार्य पाराशर त्यागी के द्वारा शाल व बुके देकर स्वागत किया गया। आज के विज्ञान प्रदर्शनी को शिक्षक सजय मंडल के नेतृत्व में सफल बनाया गया। इस अवसर पर अर्जुन कुमार झा, सौभीक घोष, मृणाल प्रधान, मौसमी सिन्हा, राजेश गप्ता, अमरेश पाठक आदि उपस्थित थे।

## सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रभावशाली और प्रेरणादायी व्यक्तित्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के सुभाष चौक स्थित एनएच 31 पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम में बरौनी रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका सहित बेगूसराय के अनेक गणमान्य नागरिकों ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री प्रकाश ने कहा कि



नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत की स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रभावशाली और प्रेरणादायी नेताओं में से एक थे। उन्होंने महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू जैसे अग्रणी नेताओं के साथ मिलकर लगभग 200 वर्षों के ब्रिटिश शासन से देश को मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि नेताजी द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा आज भारत का राष्ट्रीय नारा बन चुका है और देशवासियों में देशभक्ति की भावना को निरंतर सुदृढ़ करता है। श्री सत्य प्रकाश ने आगे कहा कि नेताजी एक महान विचारक और बुद्धिजीवी थे। जिन्होंने सदैव समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के कल्याण तथा हितों के लिए कार्य किया। उनकी जयंती को देशभर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो युवाओं को साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## माउंट लिट्रा में बच्चों ने मनाई नेताजी की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शुक्रवार को शहर के माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने उत्साह और रचनात्मकता का पूरा परिचय दिया। बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस पर आधारित एक प्रेरक नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें उनके अदम्य साहस, देशभक्ति और नेतृत्व की झलक दिखाई दी। साथ ही, विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी में भाषण देकर अपने विचार व्यक्त किए और देशभक्ति की भावना को सभी में जागृत किया। कार्यक्रम में

### साहस और देशभक्ति को किया याद

कदम कदम बढ़ाए जा गीत ने पूरे सभागार को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। संगीत शिक्षक ने अपने बच्चों के साथ इस गीत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित सभी अभिभावक और बच्चे भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डा. शीतल ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें साहस, समर्पण और अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने जीवन में भी निडर और आत्मविश्वासी बनें। विद्यालय के निदेशक डा. मनीष देवा ने अपने संबोधन में कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें यह सिखाता है कि देश और समाज के लिए समर्पण सर्वोच्च मूल्य है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हम अपने राष्ट्र के प्रति हमेशा जागरूक और समर्पित रहें, और देशभक्ति को केवल शब्दों तक सीमित न रखकर, अपने कर्मों में भी उतारें।पूरा कार्यक्रम देशभक्ति, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत मिश्रण रहा। बच्चों और अभिभावकों ने इसे न केवल देखा बल्कि अपने मन में देशप्रेम और गर्व की अनुभूति भी की।

## छात्रों ने मां सरस्वती से मांगा विद्या, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजनोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं पूजा पंडालों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पंडालों में उमड़ पड़ी। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद मांगा। पूजनोत्सव के अवसर पर विद्यालयों में सांस्तिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने भजन, कविता पाठ और सांस्तिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। शिक्षकों ने मां सरस्वती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों को जीवन में अपनाने की अपील की। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न होने से लोगों में हर्ष का माहौल देखा गया। विसर्जन जुलूस भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाला गया।

## जिले की चार जीविका दीदियों को पीएम करेंगे सम्मानित

### दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर आयोजित मुख्य समारोह में होंगी शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले की चार जीविका दीदी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजीत मुख्य समारोह में भाग लेंगी। इसके लिए जिले से चयनित चार जीविका दीदियों का एक दल शुक्रवार को नई दिल्ली के लिए बेगूसराय स्टेशन से रवाना हुआ। दल का नेतृत्व जीविका के प्रबंधक (संचार) राजीव रंजन कर रहे हैं। यह दल 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होगा। इसके अलावे ये दीदियां 25 जनवरी को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित समारोह में भी शिरकत करेंगी। इस दल में अनिता देवी (बरौनी), रुबी देवी (तेघड़ा), कल्पना देवी (नावकोठी) एवं विवक देवी (भगवानपुर) शामिल हैं। इनके साथ उनके पति भी दल का हिस्सा हैं। ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में जीविका द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के कारण इन जीविका दीदियों को राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित समारोह में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह सहभागिता न केवल उनके लिए गौरव का विषय है, बल्कि जिले की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

## हनुमान मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस पर जागरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी के आदर्श नगर स्थित सार्वजनिक हनुमान मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना एवं जय राम की सुमधुर प्रस्तुति से हुई, जिसके बाद पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्ति गीतों की मधुर धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। जागरण में गायिका माही ने हे कालरात्रि हे कल्याणी, तेरा जोड़ धरा पर कोई नहीं, मेरी मां के बराबर कोई नहीं, हे दुखभंजन, मारूति नंदन, राम आएंगे तो अंगना बुहारेंगे जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं हे गणेश की मम्मी तनी पाव भर भांग पिया दे भजन पर श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने की। मौके पर जिला परिषद सदस्य किरण देवी, पंचायत समिति सदस्या अनिता देवी, उपमुखिया विजय सहनी, राजा, विकास, संतोष कुमार जयसवाल, श्रवण कुमार सहित आयोजक डा. प्रशांत कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा कन्हैया, धीरज कुमार, रोहित कुमार, पीयूष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। उपस्थित सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया।

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में सड़क हादसे में बड़हरा का जवान शहीद

### 2009 में फौज में हुआ था बहाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जम्मू-कश्मीर से एक हृदय विदारक खबर सामने आई है। डोडा जिले में गुरुवार को एक बेहद दुखद सड़क हादसा हुआ। जिससे पूरा देश स्तब्ध है। हादसा भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय सड़क पर खन्नी टॉप के पास सेना का एक बुलेटप्रूफ वाहन अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। जहां 10 जवान शहीद हो गये। 3 घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में भोजपुर जिले का लाल भी शामिल है। 38 वर्षीय शहीद



हरेराम कुंवर बड़हरा प्रखंड के नथमलपुर गांव निवासी इंद्रजीत कुंवर के पुत्र है। इस भीषण दुर्घटना में 10 शहीद जवानों में बिहार रेजिमेंट के 4, बिहार बटालियन के सिपाही समीरन सिंह झारग्राम प बंगाल, सिपाही प्रद्युम्न लोहार पुरुलिया रांची, नायक हवलदार हरेराम कुंवर भोजपुर बिहार व सिपाही अजय लाकड़ा रांची झारखंड के रहने वाले हैं, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। शहीद सैनिक का पार्थिक शरीर विशेष विमान से चंडीगढ होते रांची, रांची से पटना के बाद भोजपुर आने की बात कही जा रही है। वहां से उनके पैतृक गांव ले जाएंगे और सैनिक सम्मान के साथ शहीद सैनिकों को अंतिम संस्कार किया जाएगा। शहीद के बड़े भाई जय प्रकाश कुंवर (गुंडी में शिक्षक) ने बताया की शहीद हरेराम कुंवर महाराजा कॉलेज आरा से इंटर पास कर दानापुर बिहार रेजिमेंट में नवम्बर 2009 में देश सेवा के लिए फौज में बहाल हुआ था। तीन माह पूर्व एर्नाकुलम से जम्मू काश्मीर में तैनात थे। अचानक गुरुवार को हादसा की सूचना परिजनों को मिली। गुरुवार की सुबह उन्होंने फोन पर अपनी मां शांति देवी से बात की थी। उन्हें ठंड से बचने की सलाह दी थी और अपने बच्चों का हाल जाना था। किसी को अंदाज़ा नहीं था कि यह उनकी आखिरी बातचीत होगी। दोपहर करीब 3 बजे परिवार को उनकी शहादत की खबर मिली। मां, पिता को जैसे ही शहादत की खबर मिली सभी स्तब्ध थे। शहीद की पत्नी खुसबु देवी अचेत अवस्था में पड़ी है। उनके दो पुत्र में 11 वर्षीय प्रियांशु और 9 वर्षीय आदर्श केजी वन में पढ़ते है। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है।

## विद्यालय में नेताजी को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** एपीएस मध्य विद्यालय नावकोठी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में नेताजी के साहस, देशभक्ति और बलिदान को याद करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। शिक्षक अनिल कुमार ने नेताजी के व्यक्तित्व और तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आजाद हिंद फौज के गठन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की चर्चा की। शिक्षकों ने बच्चों से नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने, अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने देशभक्ति के नारे लगाए और नेताजी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने जो नारे दिए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, दिल्ली चलो, अंग्रेजों को हराना है तो उसी की भाषा को अपनानी होगी।

## श्रीलेदर्स ने बिहार के बक्सर में नया शोरूम किया लॉन्च किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** 73वर्षों के समृद्ध इतिहास वाला लोकप्रिय भारतीय फुटवियर ब्रांड श्रीलेदर्स, बक्सर में अपने नवीनतम शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। पीपी रोड पर, अलका सिनेमा के पास, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित यह नया शोरूम, श्रीलेदर्स की गुणवत्ता, आराम और स्टाइल के प्रति प्रतिबद्धता को बिहार के लोगों के और करीब लाएगा। बक्सर में श्रीलेदर्स के नया शोरूम लॉन्च के अवसर पर श्रीलेदर्स रिटेल नेटवर्क



के प्रबंधक रॉकी डे, श्रीलेदर्स उत्पाद विकास के प्रबंधक सोमनाथ सरदार, बक्सर में श्रीलेदर्स के नए शोरूम के संचालक विक्रम सिंह और ओम प्रकाश सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए श्रीलेदर्स के बक्सर स्थित शोरूम में उपलब्ध उत्पाद के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। श्रीलेदर्स बक्सर शोरूम उद्घाटन के अवसर पर उपभोक्ताओं को 1499 रुपये की खरीद पर एक बैग फ्री में दिया जाएगा, यह ऑफर पहले 1000 ग्राहकों के लिए है, इसी तरह उद्घाटन के दिन से 1 फरवरी तक 1499 रुपये की खरीद करने वाले ग्राहकों को लकी ड्रॉ में फ्रिज जीतने का अवसर मिलेगा। 1952 में प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी सुरेश चंद्र डे द्वारा स्थापित, श्रीलेदर्स ने किफायती कीमतों पर आरामदायक और स्टाइलिश फुटवियर प्रदान करने के लिए ख्याति अर्जित की है।

## जिलास्तरीय क्विज प्रतियोगिता में छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** जिला स्तरीय क्विज एवं विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में वीरपुर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय पर्रा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा खुशबू कुमारी एवं छात्र गौरव कुमार ने उत्ष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने क्वांटम युग की शुरुआतः संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी मडल प्रस्तुत किया, जिसे निर्णायक मंडल ने काफी सराहा। उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर उच्च माध्यमिक विद्यालय पर्रा को प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता बीपी स्कूल बेगूसराय में आयोजित की गई थी। विद्यालय की शिक्षिका प्रगति कुमारी के मार्गदर्शन में दोनों छात्रों ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल कर प्रखंड सहित जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और पूरे प्रखंड में खुशी की लहर है। छात्रों की सफलता पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्वाति कुमारी, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा, शिक्षक मनोरंजन सिन्हा, विकास कुमार कंचन सहित अन्य शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शराब कारोबारी गिरफ्तार

**शिवाजीनगर।** हथौड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लीपुर से पुलिस ने एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप महतो के रूप में की गई है, जो ग्राम श्रीपुर गाहर, थाना खानपुर, जिला समस्तीपुर का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से करीब 02 लीटर अवैध शराब बरामद की है इस संबंध में जानकारी देते हुए हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध शराब बरामद होने के बाद मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# डॉ. सत्येंद्र, डॉ. नवीन, सतीश गुप्ता और आनंद रंजन को मिला भारत विजनरी अवार्ड

## विशिष्ट कार्यों-सेवाओं के लिए प्रमुख हस्तियों को सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिजनेस इन बिहार ने राज्य के अलग-अलग जिलों में अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया है। इनमें भागलपुर जिले के डॉ. सत्येन्द्र कुमार, दरभंगा जिले के डॉ. नवीन कुमार, जमुई जिले के सतीश प्रसाद गुप्ता एवं वैशाली जिले के आनंद रंजन झा शामिल हैं। इन सभी को बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी द्वारा भारत विजनरी अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।

### निःस्वार्थ भाव से सेवा के लिए डॉ. सत्येन्द्र कुमार सम्मानित

डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने भागलपुर के सुदूर गाँव से निकलकर एमबीबीएस एमडी की डिग्री हासिल की। घर की आर्थिक तंगी को दूर करने हेतु गुजरात में नौकरी की। इसके बाद 2019 में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में नौकरी मिली। आज अपना निजी अस्पताल एवं जांच घर चला रहे हैं और हर रोज 200 मरीज इनकी सेवा से लाभान्वित हो रहे हैं। बिजनेस इन बिहार ने इनके मेहनत व जज़्बे को परखा और पटना में आयोजित भव्य समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी द्वारा भारत विजनरी अवार्ड 2026 से सम्मानित किया।

### आधुनिक नेत्र उपचार के लिए डॉ. नवीन सम्मानित

जब किसी की आँखों में अँधेरा छाने लगता है तब जीवन ज्योति आई केयर एवं हॉस्पिटल उम्मीद की एक किरण बनकर सामने आता है। बहेरी, दरभंगा की धरती पर सेवा, संवेदना और समर्पण से स्थापित यह संस्थान आज हज़ारों परिवारों की मुस्कान और रोशनी का सहारा बन चुका है। इस मिशन के सूत्रधार डॉ. नवीन कुमार को पटना में आयोजित भव्य समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी द्वारा भारत विजनरी अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।

डॉ. नवीन कुमार ने पीएमसीएच, पटना से एमबीबीएस तथा डीएमसीएच, दरभंगा से नेत्र रोग में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। ज्ञान के साथ करुणा को जोड़ते हुए उन्होंने यह सिद्ध किया कि चिकित्सा केवल इलाज नहीं, बल्कि मानवता की सबसे सुंदर सेवा है। निःस्वार्थ भाव से की गई निरंतर सेवा, आधुनिक नेत्र उपचार और जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए जीवन ज्योति आई केयर एवं हॉस्पिटल को ‌ब्बेस्ट आई हॉस्पिटल अवार्डङ्क से सम्मानित किया जाना पूरे मिथिला क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है।

### गुणवत्तापूर्ण सैनिटरी पैड निर्माण के लिए सतीश गुप्ता को सम्मान

जमुई से संचालित इनवाइट करो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सीइओ सतीश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में ब्रांड रियल रिलीफ महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। रियल रिलीफ द्वारा निर्मित सैनिटरी पैड गुणवत्ता, सुरक्षा और किफायती मूल्य का भरोसा देते हैं। इस कार्य के लिए सीइओ सतीश प्रसाद गुप्ता को पटना में आयोजित भव्य समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी ने भारत विजनरी अवार्ड 2026 से सम्मानित किया। श्री गुप्ता ने बताया कि कंपनी का लक्ष्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को सुरक्षित मासिक धर्म समाधान उपलब्ध कराना है। यह पहल न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बना रही है बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रही है।

### आनंद रंजन झा को शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में सम्मान

बिहार में शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वैशाली ज़िले के जंदाहा निवासी आनंद रंजन झा को भारत विजनरी अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान बिजनेस इन बिहार द्वारा पटना में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। अभिनेत्री महिमा चौधरी ने मंच से श्री झा को यह सम्मान प्रदान किया। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने का उनका प्रयास समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संस्थापक एवं संचालक आनंद रंजन झा पिछले कई वर्षों से वैशाली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से सैकड़ों युवा आज आत्मनिर्भर बनकर रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। इस सम्मान से वैशाली सहित पूरे बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास जगत में हर्ष, उत्साह और गौरव का वातावरण है।

# ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा की धूम

## मां शारदे की आराधना में लीन दिखे छात्र-छात्राएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बसंत आगमन के साथ शुक्रवार को सरस्वती पूजा श्रद्धा और भक्ति और आस्था के साथ हर्षोल्लास में मनायी गई। सरस्वती पूजा को लेकर छात्र छात्रोंओं और शिक्षकों में काफी उत्साह रहा। वहीं बाल विधा निकेतन में ज्ञान की देवी मां सरस्वती पूजा, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। मसौढी के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में मां शारदे की पूजा की गई, साथ ही कई जगहों पर मुहल्लों में भी माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई, इस आस्था के माहौल में वैदिक मंत्रोचार से पुरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ रहा। बताया जाता है की वैदिक काल से चली आ रही पौराणिक परंपरा के अनुसार ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा का विधान रहा है। गौरतलब है की मसौढी के सभी शिक्षण संस्थानों, सरकारी, गैर सरकारी, स्कूल कॉलेज में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। कला विद्या ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की आराधना हर्षोल्लाह के साथ लोगों ने मनाया। हलांकि इस बीच खास कर। छात्र छात्राओं के बीच काफी उत्साह देखा गया। जहाँ गांव से लेकर शहर तक विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जहां पूरा माहौल भक्तिमय में दिखा, पुजा कर रही छात्राओं में पूनम, सावि , मुस्कान, तनु, पायल, निशु आदि ने कहा कि मां शारदे से हम सब ने प्रार्थना किया है की मां हम पर ज्ञान की कृपा बरसाते रहो, हम सबों के हर परीक्षा में सफल होने की शक्ति प्रदान करें। बाल विधा निकेतन के निदेशक वेद प्रकाश उर्फ गुड्डू ने कहा की हमसबों ने मां शारदे से मांगा की आनेवाले मुश्किल भरी राह को आसान करे, हर वो छात्र-छात्रा जो अपनी कठिन मेहनत से पढ़ाई कर रहे हैं उन पर कृपा बरसाए।



## एक-दूसरे को गुलाल लगाकर किया वसंत का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना शुक्रवार को धूमधाम से की गई। पूजा-अर्चना का दौर सुबह से ही शुरू हो गया। सारा दिन पूजा प्रसाद वितरण का कार्य चलता रहा। बसंत पंचमी को लेकर खासकर युवाओं में काफी उत्साह दिखा। छात्राओं में पूनम, सावि, मुस्कान, तनु पायल, निशु आदी अबीर गुलाल उड़ाकर बसंत का स्वागत किया। मसौढ़ी के मोहिद्दीनचक स्थित बाल विद्या निकेतन में छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की पूजा करने के बाद वसंतोत्सव मनाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा वसंतोत्सव की बधाई दी। बाल विद्या निकेतन के निदेशक वेद प्रकाश गुड्डू ने बताया कि वसंत पंचमी को हिन्दुओं के सबसे बड़े त्योहार होली का बीजारोपण माना जाता है। इसी कारण इस दिन को वसंतोत्सव मनाया जाता है। प्राचीन काल से ही पारंपरिक होली गीतों का गायन बसंतपंचमी के दिन से ही शुरू होता था।



## विभिन्न शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से हुई मां शारदे की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बसंतपंचमी का त्योहार शुक्रवार को अनुमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थानों व पूजा समितियों द्वारा धूम धाम से मनाया गया। सुबह से ही पूजा पंडालों व स्कूलों तथा कोचिंगों में मां शारदे की पूजा की तैयारी शुरू हो गई थी। जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां का पट खोला गया। पट खुलते ही छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती के जयघोष देर तक लगाए गए। स्कूलों में कोचिंगों में इस मौके पर सुंदरता देखते ही बन रही थी। सभी जगहों पर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस मौके मां सरस्वती के पूजन से शिक्षा एवं विद्या में नयी ऊर्ज़ा का संचार होता है। बताया कि मां सरस्वती ज्ञान विवेक, कला और साहित्य की देवी हैं। इनकी आराधना का उद्देश्य सद्गुणों को बढ़ाना और सार्थक सृजन करना है। मां सरस्वती की पूजा को लेकर दिन भर शहर में शंख ध्वनि, मां सरस्वती की वंदना, आरती आदि से माहौल भक्तिमय बना रहा। मसौढ़ी के शैक्षिक संस्थानों में प्रतिभा पल्लवन स्कूल, भारती पब्लिक स्कूल, विद्या एजुकेशनल ग्रुप, नेशनल पब्लिक स्कूल, कैंब्रिज, आवासीय पुनीत ज्ञान मंदिर, न्यू बीडी पब्लिक स्कूल, एनजेएस क्लासेस, ग्रीन गार्डन पब्लिक स्कूल, मगध इंस्टीट्यूट ,एक्रेडिएन, आरक्षण बाल प्रतियोगिता निकेतन, किडजी तरेगना, विद्या कोमल, लीड इंडिया एकेडमी, कृष्ण गुरुकुल समेत विभिन्न स्कूलों कोचिंग संस्थानों में धूमधाम के साथ पूजा मनाई गई।



## बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन के लिए जन चेतना पदयात्रा पहुंची पालीगंज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** बिहटा-औरंगाबाद रेलवे लाइन परियोजना में शीघ्र भूमि अधिग्रहण शुरू कराने की मांग को लेकर रेलवे संघर्ष समिति की 155 किलोमीटर लंबी जन चेतना पदयात्रा गुरुवार को अपने पांचवें दिन अरवल से चलकर पालीगंज अनुमंडल मुख्यालय पहुंची। यहां विधायक संदीप सौरभ, पूर्व मुखिया चंद्रसेन वर्मा, जवाहर प्रसाद गुप्ता और समिति के मार्गदर्शकों के नेतृत्व में पदयात्रियों का फूल-माला व अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ तथा मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने कहा कि यह रेल परियोजना 45 वर्षों से लंबित है। परियोजना के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद जिला व रेल प्रशासन की शिथिलता के कारण भूमि अधिग्रहण शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि जमीन अधिग्रहण शुरू कराने और चार वर्षों में रेलवे लाइन निर्माण की मांग को लेकर यह पदयात्रा हाजीपुर स्थित रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय तक निकाली जा रही है। 25 जनवरी 2026 को रेल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

पालीगंज बाजार के लोगों ने भी बड़ी संख्या में पदयात्रा में शामिल होकर रेल लाइन निर्माण का समर्थन किया।

## पीएम स्वनिधि के तहत मिलेगा लोन और क्रेडिट कार्ड

### मसौढ़ी नगर परिषद सभागार मे पीएम मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत शुक्रवार को देशव्यापी राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, दरअसल स्ट्रीट वेंडर्स की जिंदगी को पटरी पर लाने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए योजना की शुरुआत की है, जो लाखों रेहड़ी-पटरी वालों के लिए बड़ी राहत बनी हुई है। ऐसे में बिना किसी गारंटी आपको क्रेडिट कार्ड और 50 हजार रुपये का फायदा किस योजना में मिलेगा। बहरहाल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम (केरल) से स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण एवं क्रेडिट कार्ड वितरण का शुभारंभ किये, इसे लेकर नगर परिषद मसौढी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ 16 वेंडरों का आवेदन लिये गये। इसके साथ नगर परिषद सभागार में प्रधानमंत्री के भाषण का लाइव प्रसारण किया गया है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के तहत आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर परिषद को विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। निर्देश दिया गया है कि ऐसे स्ट्रीट वेंडर्स जिन्होंने योजना के अंतर्गत द्वितीय किस्त का सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है, उनसे क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कराया जाएगा। इसके साथ ही नगर परिषद एवं संबंधित बैंकों के समन्वय से वेंडर्स को क्रेडिट कार्ड से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। लंबित ऋण आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के लिए बैंक शाखाओं के साथ तालमेल स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में नगर परिषद के क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स के साथ वर्चुअल माध्यम से सहभागिता सुनिश्चित की गई। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के पश्चात नगर परिषद स्तर पर समारोह आयोजित कर ऋण एवं क्रेडिट कार्ड का आवेदन लिया गया। निकिता सिंह, रामाधार कुमार यादव, सीआरपी रेणु देवी, सबिता, रिकू, अंजू, पिंकी, शारदा आदि शामिल रहे।



## कटिहार-पटना इंटरसिटी एक्स ट्रेन में ब्रेक बाइंडिंग से निकला धुआं, मची अफरातफरी

### ट्रेन रूकते ही कूद कर भागने लगे यात्री, टला बड़ा हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अथमलगोला।** दानापुर रेल मंडल अंतर्गत बाढ़ बख्तियारपुर स्टेशन के बीच अथमलगोला स्टेशन से थ्रू पास कर रही ट्रेन संख्या 15713 कटिहार पटना इंटरसिटी के इंजन साइड के दूसरे समान्य कोच में धुंआ उठता देख ट्रेन को थ्रू हरी झंडी दे रहे अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रेलकर्मी राजेश कुमार उस समय सतब्ध रह गये जब उन्होंने देखा की ट्रेन के इंजन साइड के दूसरे समान्य कोच के चक्के से तेजी से धुआं उठ रहा है।रेलकर्मी सुझबुझ व धैर्यता का परिचय देते हुए स्टेशन के वाकी टाकी से ट्रेन के गार्ड ड्राइवर को दी व गेट नंबर 61 के गैटमैन को लाल झंडा दिखाने को कहा जिसके बाद गाड़ी के गार्ड व ड्राइवर ने सुझबुझ का परिचय देते हुए जय प्रकाश महुली के पास रोक दिया। उक्त ट्रेन के रूकते व कोच में धुंआ की लपटें उठते देख यात्री भयभीत हो गए व उनमें अफरातफरी का माहौल बन गया जिसके बाद सभी यात्री ट्रेन रूकते ही ट्रेन से कूदकर इधर उधर भागने लगे। बाद में रेलकर्मियों द्वारा चक्के के ब्रेक वाइंडिंग ठीक करने के बाद,रेल यात्रियों को शांत करा व समझा बुझा कर ट्रेन में सवार कराया गया। तकरीबन 20 मिनट तक जय प्रकाश महुली के पास ट्रेन खड़ी रही। बाद में उक्त ट्रेन के ड्राइवर व गार्ड ने अग्नि शमक यंत्र व अन्य तकनीकी माध्यम से ट्रेन के चक्के के बाद ठीक किया तब जाकर लगभग 20 मिनट रूकने के बाद ट्रेन गंतव्य बख्तियारपुर पटना के लिए प्रस्थान की। निसंदेह इस मामले में अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रेलकर्मी राजेश कुमार ने अपना सुझबुझ का परिचय दिखाते हुए गार्ड व ड्राइवर को सूचना दी व गेट मैन को लाल झंडा दिखाने को कहा जिसके बाद ट्रेन को महुली हाल्ट के पास रोका जा सका और संभावित एक बड़ा रेल हादसा इनकी व अन्य रेलकर्मी की सुझबुझ से टल गया।

# आईआईटी चेन्नई से हिन्दी में एआई कोर्स उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के मार्गदर्शन में कार्यरत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म स्वयं प्लस की अग्रणी पहल ‘सभी के लिए एआई’ अब हिन्दी में उपलब्ध है। इस तरह आईआईटी मद्रास ने सभी के लिए और सर्वसुलभ एआई शिक्षा देने का संकल्प पूरा किया है। सम्पूर्ण देश के लोग अब अपनी पसंद की भाषा में संस्थान के 6 निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स कर पाएँगे। इनके लिए एआई या कोडिंग का पूर्व ज्ञान नहीं चाहिए। बुनियादी डिजिटल लिटरेसी और सीखने की इच्छा शक्ति पर्याप्त होगी। इसलिए यह प्रोग्राम सभी के लिए उपयुक्त होगा, चाहे उम्मीदवार पहली बार सीखने वाले, शिक्षक और फैकल्टी के सदस्य हों। आईआईटी मद्रास इकोसिस्टम के विशेषज्ञों ने शिक्षा और उद्योग जगत के अपने व्यापक अनुभवों से ये सभी कोर्सेस तैयार किए हैं। इनमें रोजगार योग्यता बढ़ाने के साथ प्रैक्टिकल एक्टिविटीज़, रियल डेटासेट और केस स्टडी के आधार पर सीखने पर ज़ोर दिया गया है। 26 जनवरी, 2026 तक सभी छह कोर्सेस में रजिस्टर करने की लिंक यह है: https://swayam-plus.swayam2.ac.in/ai-for-all-courses उम्मीदवार संशय दूर करने या कॉलबैक के लिए pmu-sp@swayam2.ac.in पर लिख सकते हैं। स्वयं प्लस भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन आईआईटी मद्रास की विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता के साथ व्यापक रोजगार उन्मुख ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम सर्वसुलभ कराना है। आईआईटी मद्रास के डीन (प्लानिंग) प्रो. आर. सारथी ने इस प्रोग्राम का लाभ उठाने वाले पूरे भारत के विद्यार्थियों और सीखने के इच्छुक लोगों का स्वागत करते हुए कहा, अब ‘सभी के लिए एआई के सभी 6 कोर्सेस हिन्दी में सुलभ होने से अधिक संख्या में और विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग सीख पाएँगे। कला, विज्ञान, वाणिज्य और संबद्ध विषयों के विद्यार्थी और प्रोफ़ेशनल्स भी इसमें शामिल हो सकेंगे।

## ट्रेनों में किन्नरों की अवैध वसूली को लेकर तारेगना रेल पुलिस हुई एक्टिव, दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया रेल खंड में इन दिनों विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों से किन्नरों द्वारा जबरन पैसा वसूली की मिल रही लगातार शिकायत को लेकर तारेगना रेल पुलिस ने गुरुवार को सभी दर्जन भर किन्नरों को थाना बुलाकर उन्हें अंतिम चेतावनी दी है कि जबरन पैसा वसूली की अगले बार शिकायत मिलेगी तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल पिछले कई दिनों से पटना गया रेलखंड के विभिन्न ट्रेनों में किन्नरों के द्वारा यात्रियों से जबरन पैसा लिए जाने की सूचना मिल रही थी, जिसको लेकर यात्रियों की शिकायत पर किन्नरों को थाने बुलाकर उन्हें अंतरिम चेतावनी दी है। रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार यादव ने बताया की ट्रेनों में किन्नर समूह बनाकर घुस जाते हैं और सीटों पर बैठे यात्रियों से जबरन पैसा मांगते हैं नहीं देने पर अभद्र व्यवहार भी करते हैं ऐसे में लगातार मिल रही यात्रियों से शिकायतों को देखते हुए इन सबों पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

## पांच हजार लीटर देसी अर्द्ध निर्मित शराब नष्ट

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केवड़ा थाने के पुलिस ने गंज जलालपुर मुसहरी में सघन छापेमारी चलाकर तकरीबन 5000 अर्द्ध निर्मित शराब को नष्ट किया है। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा, हालांकि शराब बनाने वाले धंधेबाज सभी भागने में सफल रहे, केवड़ा थाने के प्रभारी ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को मुख्यमंत्री का भी आगमन है जिसको लेकर शराब की छापेमारी भी की जा रही है एवं अन्य सभी वांछित अपराधियों को भी घर पकड़ तेजी से की जा रही है जिन-जिन जगहों से अर्ध निर्मित शराब को नष्ट किया गया है।

## सोनू हत्याकांड में मृतक के भाई ने सात पर दर्ज करायी प्राथमिकी, पुरानी रंजिश में हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया फोरलेन पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा सूर्य मंदिर के पास बीते गुरुवार को बाइक सवार सोनू हत्याकांड की घटना के बाद मृतक सोनू के भाई मिट्ठू कुमार पिता स्व राम बाबू सिंह के बयान पर सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक घटना तब काटी थी जब सोनू अपने दोस्त आलोक कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर मसौढ़ी जतीचक से अपनी बहन से मिलकर पटना शेखपुरा जा रहा था, उसी दरमियान नीमा सूर्य मंदिर के पास बाइक ओवरटेक कर कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में ललन सिंह पिता बालकिशुन सिंह के दोनों बेटे सोनू मोनू, कौशल कुमार पिता कृष्ण सिंह शेखपुरा, मणिलाल पिता रतन सिंह, रवि कुमार पिता नटवरलाल, फिरोज कुमार पिता अश्विनी एवं ललन सिंह का बहनोई नटवरलाल, आदी पर आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है, प्रभारी थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार रतन ने बताया कि पुरानी रंजिश और जमीन के कुछ विवाद के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही हैं। मृतक के परिजनों से और भी कुछ जानकारियां जुटाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक सोनू खरीद बिक्री भी किया करता था, जो 2 महीना पहले जेल से छुटा था, मृतक पर रामकृष्ण नगर थाने में तीन मामले भी दर्ज हैं, पुलिस बिंदुवार पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## उत्कृष्ट बैंकिंग, सुरक्षित पैसा और बेहतर रिटर्न का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेंगलुरु।** बैंक चुनते समय आज ग्राहक सिर्फ नाम नहीं देखते, वे यह जानना चाहते हैं कि उनका पैसा कितना सुरक्षित है, बैंक की ग्रोथ कितनी स्थिर है और भविष्य में उन्हें कितना बेहतर फायदा मिल सकता है। मजबूत जमा, संतुलित ऋण और लगातार बेहतर नतीजे ही ग्राहकों के भरोसे की असली पहचान होते हैं। इस भरोसे को और मजबूत किया है उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों ने। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री संजीव नौटियाल ने कहा कि मजबूत जमा वृद्धि, घटती फंड लागत और बेहतर मार्जिन के चलते बैंक ने स्थिर और टिकाऊ प्रदर्शन किया है। 21.6% की पूँजी पर्याप्तता और मजबूत तरलता के साथ बैंक आने वाले समय में भी ग्राहकों को सुरक्षित और भरोसेमंद बैंकिंग अनुभव देने के लिए तैयार है। बैंक ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में अब तक का सर्वाधिक तिमाही नेट इंटरेस्ट इनकम 1,000 करोड़ रुपए दर्ज किया। इस दौरान बैंक का कुल वितरण रिकॉर्ड स्तर 8,293 करोड़ रुपए रहा। दिसंबर 2025 तक बैंक की सकल ऋण पुस्तिका बढ़कर 37,057 करोड़ रुपए हो गई, जो सालाना आधार पर 21.6% की वृद्धि दर्शाती है। वहीं, जमा 22.4% की सालाना बढ़त के साथ 42,223 करोड़ रुपए तक पहुँच गए। ग्राहकों के लिए राहत की बात यह रही कि बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार जारी रहा।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 177, 180-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 22.01.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: 177-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम तथा उसका स्थान:** सहायक अभियंता/बीआरएल/मालदा के अधिकार क्षेत्र के अधीन न्यू फरक्का-आजिमगंज अनुभाग में सुजनीपाड़ा-अहिरन हॉल्ट स्टेशनों के बीच किमी. 220.91 पर (बैण्डेल जंक्शन से) पुल सं. 340ए डाउन (स्पन 2x125 मी + 1x145 मी) के इंस्पेक्शन लैडर के प्रावधान तथा लूज एचएसएफजी बोल्टों के बदलाव कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,21,92,046; **क्रमांक 2, निविदा सं.: 180-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम तथा उसका स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/भागलपुर के अधिकार क्षेत्र में भागलपुर शंटिंग नेक में गुमटी सं. 1 पर ट्रेसपासिंग लोकेशन में सीमित ऊंचाई के सबवे तथा गुमटी सं. 2 पर डॉयवर्सन रोड के प्रावधान कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 11,55,02,438.11; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.02.2026 को अपराह्न 3.30 बजे (दोनों निविदाओं के लिए); **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन।

(MLD-300/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगिता आवश्यक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित गेट स्कूल के मैदान में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में बसंत पंचमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष किरण सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, रत्ना प्रियदर्शिनी, बेबी प्रिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पु



राज, डीपीओ स्थापना, डीपीओ एसएसए, डीपीओ एमडीएम सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत अधिष्ठापन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसमें विधायक, उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा सहभागिता निभाई गई। तत्पश्चात मंच का उद्घाटन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बसंत पंचमी महोत्सव के अवसर पर समूह गान, एकल गान, समूह नृत्य, एकल नृत्य, शास्त्रीय संगीत तथा लोक गीत विधाओं में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जिले के लगभग सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा भारतीय लोक-संस्कृति, शास्त्रीय संगीत एवं पारंपरिक कला के संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहित करना रहा। उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के साथ-साथ इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक बताया गया।

# लोक समिति ने वरिष्ठ पत्रकार-संपादक कमल किशोर का किया अभिनंदन

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बधाई संदेश में की कार्यों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश के निर्देश पर प्रदेश लोक समिति के महामंत्री शिवजी सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रदेश के जाने-माने पत्रकार एवं संपादक कमल किशोर के सम्मान में सत्येंद्र नगर में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता लोक समिति के जिलाध्यक्ष जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव ने की। ज्ञातव्य हो कि इस कार्यक्रम में कमल किशोर को बिहार विधानसभा की प्रेस सलाहकार समिति का स्थायी सदस्य मनोनीत होने तथा प्रतिष्ठित संस्था बिजनेस इन बिहार की ओर से भारत विजनरी लीडर अवार्ड 2026 से सम्मानित होने पर लोक समिति से जुड़े पांच जिलों भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर तथा औरंगाबाद के पदाधिकारियों-सदस्यों ने अभिनंदन किया और बधाई दी। अभिनंदन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश द्वारा भेजा गया बधाई संदेश को पढ़ा गया तथा श्री किशोर को माला, अंगवस्त्र एवं अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री शिवजी सिंह, संयोजक अजेय



कुमार संतोष तथा संतोष कुमार सिंह ने उद्गार व्यक्त किये। राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश के प्रति आभार प्रकट करते कमल किशोर ने कहा कि लोक समिति निस्वार्थ भाव से सकारात्मक तथा रचनात्मक कार्य कर रही है और हम सबको ऐसे कार्यों को प्रोत्साहित करना चाहिए। कार्यक्रम में लोक समिति के जिला संयोजक अजेय कुमार संतोष, अजय कुमार वर्मा, प्रो नीलम रानी, संतोष कुमार सिंह, दीपक कुमार सिन्हा, सूरज कुमार, गांधीवादी किसान नेता एवं शाहाबाद प्रक्षेत्र लोक समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, शाहाबाद प्रक्षेत्र के महामंत्री भानु प्रकाश राय, रोहतास जिला लोक समिति के अध्यक्ष आशुतोष कुमार, बक्सर जिला लोक समिति के संयोजक हीरालाल राय, कैमूर के संयोजक जेम्स फिलिपुस, भोजपुर के राधेश्याम और सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# दो फरार अपराधियों पर इनाम की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लूटपाट में फरार व वांछित दो आरोपितों के खिलाफ रफीगंज पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। पुलिस ने 'वांटेड' पोस्टर जारी करते हुए माली थाना क्षेत्र के नरचाही गांव निवासी प्रदीप सिंह के पुत्र छोटन सिंह एवं धीरेंद्र सिंह के पुत्र अंकित कुमार की गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन दोनों आरोपितों की सही और पुख्ता जानकारी देने वाले व्यक्ति को 25-25 हजार रूपये का नकद इनाम दिया जाएगा। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, इन दोनों आरोपितों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन अब तक उन्हें पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों फरार बदमाश रफीगंज थाना क्षेत्र में हुई लूटपाट मामले में आरोपी है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जो भी व्यक्ति आरोपितों के संबंध में सूचना देगा, उसकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पोस्टर में पुलिस की ओर से एक संपर्क नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर कॉल कर लोग जानकारी साझा कर सकते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नागरिकों के सहयोग से ही ऐसे फरार बदमाश को जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे भयमुक्त होकर पुलिस की मदद करें और अपराधियों के खिलाफ जानकारी साझा करें। ये भी स्पष्ट किया गया है कि जो लोग बदमाश को संरक्षण देने या उन्हें छिपाने में मदद करेंगे, उनके खिलाफ भी कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मां सरस्वती की पूजा के साथ याद किए गए सुभाष चंद्र बोस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड में स्थित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रांगण में ज्ञान, विद्या, बुद्धि और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का प्राकट्योत्सव बसंत पंचमी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव पंकज कुमार सिंह एवं मंच संचालन प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह के द्वारा किया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम की शुरुआत सचिव एवं समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर प्रारम्भ किया किया गया। कार्यक्रम में सचिव ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन कृत्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र



बोस का जीवन साहस, त्याग और देशभक्ति का प्रतीक है। नेताजी का योगदान अविस्मरणीय है और उनका जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। नेताजी के जन्म और पारिवारिक जीवन के बारे में जानकारी दी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक शहर में एक हिंदू बंगाली परिवार में हुआ था। प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि नेताजी का जीवन युवाओं के लिए साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है। कार्यक्रम में इंटर कालेज के प्राचार्य विनय कुमार सिंह, सुशील कुमार, डॉ महेन्द्र कुमार यादव, सुनील सिंह, सौरम कुमार सिंह, पंकज कुमार, विपिन कुमार मिश्रा, शिकेश सिंह, अमित गुप्ता, मनीष सिंह, सुमित सिंह, पिन्टू कुमार, चंदन कुमार, ओम प्रकाश सिंह, विकास सिंह एवं लवली सिंह तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में जहां सरस्वती पूजा को लेकर उत्साह का माहौल था वहीं ट्रांसफर्मर के पास 22 वर्षीय युवक बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में घायल युवक को स्थानीय सीएचसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सलेमपुर गांव निवासी जगदीश चौधरी के 22 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुआ है। जानकारी के मुताबिक नीतीश घर के पास सरस्वती पूजा पंडाल में लगा हुआ था। जब ट्रांसफर्मर की ओर गया तो करंट की चपेट मे आ गया। ग्रामीण पूजा को लेकर पंडाल सजा रहे थे। वहां पर किसी के उपस्थित नहीं रहने के कारण समय पर सहायता नहीं मिल पाया। थोड़ी देर बाद उसके परिजन जमीन पर गिरा हुआ देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा ले आये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गयी। वह पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा लड़का था। 19 फरवरी को बहन की शादी थी। एक तरफ घर में शादी की तैयारी चल रही थी तो दूसरी तरफ जवान बेटे की मौत घर में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलते ही हसपुरा पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया।

# सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में जिले के विभिन्न स्थानों पर वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने का विशेष अभियान चलाया गया, जिससे रात्रि के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया गया। साथ ही जिले के प्रमुख चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर आमजन को यातायात



नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, ओवरस्पीडिंग से होने वाले दुष्परिणामों सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों को रोचक, सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित आम नागरिकों ने सराहा। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके तथा जिले में सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था को बढ़ावा मिल सके।

# 24 घंटे के दौरान 39 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 33 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 11 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एसटी-एसटी एक्ट में 1, हत्या प्रयास के शीर्ष में 12, शराब कांड में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 81.30 लीटर देसी शराब, 48 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। इसके अलावा 14 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1066 वाहनों की जांच की गई जिसमें 48000 रूपये जुर्माना वसूला गया है।

# चार लड़कियां लापता, खोजबीन में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चार लड़कियों के गुमशुदगी को लेकर देव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामला थाना क्षेत्र के तिलौता बिगहा की है। इस संबंध में उस गांव निवासी रवींद्र यादव ने प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री रूनी कुमारी बीते कुछ दिनों से लापता है। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव के ही तीन लड़कियां कोमल कुमारी, स्वीटी कुमारी और कशिश कुमारी के द्वारा उसे बहला-फुसलाकर भगाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए देव थानाध्यक्ष कुमार सौरभ के नेतृत्व में उक्त चारों लड़कियों की बरामदगी



हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कोमल कुमारी और स्वीटी कुमारी पूर्व में भी 16 सितंबर 2025 को बिना बताए घर से कहीं चली गई थीं और दो दिनों पश्चात वापस लौट आयी। पूछताछ में घूमने की बात अपने परिजनों को बताया। पुनः 09 जनवरी 2026 को कोमल, स्वीटी और कशिश तीनों एक साथ घर से लापता हुई थीं, किंतु बार-बार होने वाली ऐसी घटनाओं के कारण परिजनों द्वारा पुलिस को सूचित नहीं किया गया। इसी क्रम में 18 जनवरी 2026 को उनकी सहेली रूनी कुमारी भी स्कूल के लिए घर से निकली और वापस नहीं लौटी हैं। मदनपुर एसडीपीओ चंदन कुमार ने बताया कि गठित विशेष टीम के द्वारा अपहृता एवं अन्य तीनों लड़कियों को तकनीकी एव सभी संभाव्य तरीको से आसूचना संकलन कर बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है एवं संभावित स्थानों पर छापामारी की जा रही है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया गया नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** आजादी की लड़ाई में अपने अदम्य साहस, नेतृत्व और त्याग से अमिट छाप छोड़ने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती दाउदनगर प्रखंड के चौरम खेल मैदान स्थित उनके स्मारक स्थल पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को याद किया गया। एसडीओ अमित राजन एवं बीडीओ मो जफर इमाम ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ अंछा पंचायत की मुखिया संध्या कुमारी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, अधिवक्ता मन्नू कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पप्पू कुमार, ग्रामीण विजय सिंह, नंदकुमार सिंह, दिनेश कुमार, सोनू कुमार सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नेताजी के योगदान को याद करते हुए देशभक्ति से ओत-प्रोत विचार साझा किये। चौरम की ऐतिहासिक महत्ता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का आगमन चौरम आश्रम में 9-10 फरवरी 1939 को हुआ था।


# नारी सम्मान से ही जीवन में सफलता संभव : कामेश्वर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जीवन में यदि कुछ भी प्राप्त करना है तो सबसे पहले नारी का सम्मान करना आवश्यक है। ये बातें दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय पंचानपुर, गया के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने कही। वे गोह प्रखंड के दरधा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने समारोह में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की अधिक उपस्थिति देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने उपस्थित पुरुषों से आग्रह किया कि वे नारी का सम्मान करें। कुलपति ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि विद्या चाहिए तो मां शारदे की आराधना करें, शक्ति चाहिए तो मां दुर्गा की और समृद्धि चाहिए तो मां लक्ष्मी की उपासना करनी होगी। अर्थात जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना हो, वहां नारी सम्मान अनिवार्य है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक अभिमन्यु सिंह ने कुलपति समेत अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न व बुके भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। सरस्वती मां की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत भव्य झांकियों और मनोहारी प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जयति जय जय मां सरस्वती, जयति जय जय मां जैसे भक्तिमय गीत से हुई, जिसने पूरे पंडाल को भक्ति के रंग में रंग दिया। एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों और झांकियों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के निदेशक अभिमन्यु सिंह ने कहा कि अक्षर विद्या गृह का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कार, संस्कृति और नारी सम्मान की भावना विकसित करना है। उन्होंने विद्यालय के 15 वर्षों की शैक्षणिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के निर्देशक अभिषेक रंजन पांडेय की भूमिका सराहनीय रही।

# मारपीट में आधा दर्जन लोग जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गोह प्रखंड के मीरपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर आयोजित पंचायत में ही मारपीट हो गयी। मारपीट में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये। दूसरे पक्ष के लोगों ने पंचायत के दौरान सरपंच व उपस्थित लोगों की भी जमकर पिटाई कर दी। घायलों में उक्त गांव निवासी अजय यादव, संजय यादव, रंजीत यादव, मनोज यादव, हीरा यादव, सुमित्रा देवी सहित अन्य शामिल है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ब्लड बैंक ने थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को उपलब्ध कराया रक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए जीवनरेखा बनकर उभरा है। बिहार में थैलीसीमिया मरीजों को नियमित और निशुल्क रक्त उपलब्ध कराने में यह ब्लड बैंक अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अप्रैल 2025 से 15 जनवरी 2026 तक ब्लड बैंक के माध्यम से कुल 395 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को ब्लड उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जिले में 39 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे हैं जिन्हें प्रतिमाह ब्लड की आवश्यकता पड़ती है। यह बैंक प्रतिमाह औसतन 50 से 60 यूनिट ब्लड निशुल्क उपलब्ध करा रहा है। प्रबंधन के अनुसार, थैलीसीमिया एक गंभीर आनुवंशिक बीमारी है, जिसमें पीड़ित बच्चों को जीवनभर नियमित रूप से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। समय पर उपलब्ध न होने की स्थिति में बच्चों की जान पर गंभीर संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे में सदर अस्पताल का ब्लड बैंक न सिर्फ जिले, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों के लिए भी बड़ी राहत साबित हो रहा है। ब्लड बैंक के सीनियर लैब टेक्नीशियन आशुतोष मिश्रा ने बताया कि थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के इलाज में रक्तदान की भूमिका सबसे अहम होती है। इन बच्चों का जीवन पूरी तरह रक्तदान पर निर्भर है। अगर नियमित रूप से लोग आगे आकर रक्तदान करे, तो किसी भी बच्चे की जान ब्लड की कमी से नहीं जाएगी। स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान करें, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर जीवनरक्षक रक्त मिल सके। ब्लड की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ब्लड बैंक द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन भी किया जाता है। इसके साथ ही स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा वर्ग भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा रहे हैं। ब्लड बैंक कर्मियों ने बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और इससे दाता के स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। बल्कि यह समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण मानवीय कर्तव्य है। थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक और वहां कार्यरत कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि समय पर रक्त उपलब्ध होने से ही बच्चों का इलाज संभव हो पा रहा है और यह सेवा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। ब्लड बैंक प्रबंधन ने यह भी बताया कि भविष्य में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए ब्लड की मांग और अधिक हो सकती है। ऐसे में समाज के हर वर्ग को रक्तदान के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। जिस महीने में रक्तदान नहीं होता है, उस महीने में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त उपलब्ध कराना मुश्किल होता है। ब्लड बैंक टेक्नीशियन ने फिर दोहराया कि एक यूनिट रक्त किसी मासूम की पूरी जिंदगी बचा सकता है। इसलिए सभी सक्षम लोग नियमित रूप से रक्तदान करें।